संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
21 दिसंबर 2024, शनिवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 85
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## रांची के शिवम वीरता पदक से सम्मानित



**रांची ।** 75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर भारत के माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा अदम्य साहस और शौर्य प्रदर्शित करने हेतु सशस्त्र सीमा बल के असिस्टेंट कमांडेंट श्री शिवम कुमार को गैलंट्री मेडल से विभूषित करने की घोषणा की गई। उक्त पुरस्कार दिनांक 20 दिसंबर को भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के द्वारा दिया गया ।

# संसद का शीतकालीन सत्र : आंबेडकर पर घमासान, विपक्ष का सरकार पर हमला, निकाला मार्च

## लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित





### ● लोकसभा में 57.87 फीसदी तो राज्यसभा में 40 फीसदी ही हुआ काम

### ● आंबेडकर के मुद्दे पर विपक्ष ने मार्च निकाला, भाजपा ने घायल सांसदों के मुद्दे पर किया प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** संसद के शीतकालीन सत्र में शुक्रवार को भी आंबेडकर के नाम पर विवाद जारी रहा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बाबा साहेब डॉ. बी.आर. आंबेडकर पर की गई टिप्पणी ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। विपक्ष ने राज्यसभा में विरोध जताते हुए मांग की है कि गृह मंत्री शाह अपने बयान के लिए माफी मांगें और पद इस्तीफा दें। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ धक्का-मुक्की कांड को लेकर एफआईआर होने को लेकर कांग्रेस ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है। वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा, यह सरकार की हताशा को दिखाता है। राहुल गांधी पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं और नई-नई एफआईआर दर्ज की जा रही हैं।

### एक देश-एक चुनाव से जुड़ा विधेयक जेपीसी को भेजा गया

**नई दिल्ली ।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आज लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच एक देश-एक चुनाव से जुड़ा 129 वां संविधान संशोधन विधेयक संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11ः00 बजे शुरू होते ही विपक्ष ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मुद्दे पर शोर-शराबा शुरू कर दिया। विपक्षी सदस्य सदन के बीचों बीच पहुंच गए। इस दौरान सदन के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उपस्थित थे। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच केंद्रीय कानूनमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान संशोधन विधेयक को संसद की संयुक्त कार्य समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा। हंगामे के बीच प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर सदन की अनुमति प्रदान की गई। जेपीसी में 27 सदस्य हैं। इनमें से 12 राज्यसभा से हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने इस दौरान सदस्यों को संसदीय परंपराओं और गरिमा का सम्मान करने का आग्रह किया। उन्होंने सदस्यों को चेताया कि संसद परिसर धरना या प्रदर्शन के लिए नहीं है। ऐसा करने पर कार्यवाही भी की जा सकती है। इसके बाद वंदेमातरम के साथ ही कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

इंडिया गठबंधन के सांसदों ने संसद परिसर से विजय चौक तक मार्च निकालते हुए सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। विपक्ष ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह की टिप्पणी को असंवैधानिक बताया और इसे आंबेडकर के विचारों का अपमान करार दिया है। प्रदर्शन में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आप और अन्य विपक्षी दलों के सांसद शामिल हुए हैं। इसके साथ ही विपक्ष ने मांग की है कि अमित शाह माफी मांगें और इस्तीफा दें। राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को तुरंत वापस लिया जाए। सत्तापक्ष ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि सरकार ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान किया है और सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। विरोध और बहस के बीच, संसद का माहौल लगातार गर्म बना हुआ है।

# मंदिर-मस्जिद विवादों को उठाना स्वीकार्य नहीं : भागवत

## हिंदु-मुस्लिम कर समाज में पैदा कर रहे तनाव

### ● संघ प्रमुख के बयान का कांग्रेस, सपा, ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने किया स्वागत

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने देश में चले रहे मंदिर-मस्जिद विवादों को फिर से उठने (उभारने) पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग इन विवादों को उठाकर हिंदुओं के नेता बनने का प्रयास कर रहे हैं, जो समाज में और ज्यादा तनाव पैदा कर सकते हैं।

भागवत ने आगे कहा कि यह स्थिति स्वीकार्य योग्य नहीं है और ऐसे विवादों का उठना समाज की एकता को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने इस मुद्दे पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि राम मंदिर का निर्माण हिंदू आस्था का विषय था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ऐसे विवादों को फिर से तूल दिया जाए।

आरएसएस प्रमुख ने समावेशी समाज की जरुरत पर बल दिया और कहा कि भारतीय समाज अपनी विविधता के साथ शांति और सद्भावना से रह सकता है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाए जाने की बात कही और इसे भारतीय समाज की परंपरा का हिस्सा बताया। उन्होंने यह भी



साफ किया कि भारत अब संविधान के अनुसार चलता है और किसी भी प्रकार के वर्चस्व की भाषा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा रही है कि यहां सभी अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों का पालन कर सकते हैं, बशर्ते वे कानून का सम्मान करें।

बता दें इससे पहले मंदिरों के सर्वेक्षण और मस्जिदों के नीचे शिवलिंग की खोज को लेकर अदालतों में कई याचिकाएं दायर की गई थीं, जिनका आरएसएस प्रमुख ने विरोध किया था। भागवत का यह बयान देश में सद्भावना और एकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस)। प्रमुख मोहन भागवत ने देश में सद्भावना की वकालत की और मंदिर-मस्जिद को लेकर शुरू हुए नए विवादों पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने हालिया विवादों पर कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद इसतरह के विवादों को उठाकर कुछ लोगों को लगता है कि वे हिंदुओं के नेता बन जाएंगे।

वहीं कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने संघ प्रमुख भागवत के बयान पर कहा, मैं भागवत जी के बयान से बिल्कुल सहमत हूं। सारी मस्जिद के नीचे शिवलिंग खोजने की जरूरत नहीं है। इतिहास में बहुत कुछ हुआ है, 21वीं शताब्दी में आगे का सोचने का वक्त आया है। एसपी सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा, भागवत, बीजेपी को कंट्रोल क्यों नहीं कर रहे हैं। हम आह्वान करते हैं कि हम कैलाश मानसरोवर को चीन से मुक्त कराएं। हर मस्जिद में ये लोग विवाद पैदा करते हैं।

वहीं, भागवत के बयान पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा, बीजेपी का काम ही है, इन सब मुद्दों पर बात करना। बीजेपी को देश की प्रगति, भाईचारे, लोकतंत्र, किसान पर भी चर्चा करनी चाहिए। वहीं ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव, यासूब अब्बास ने कहा, मैं संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान का स्वागत करता हूं।

हर मस्जिद के नीचे मूर्ति तलाश करना, हर मजार के नीचे मंदिर तलाश करना, देश की एकता के लिए बिल्कुल ठीक नहीं है।एक जगह मंदिर बन गया लेकिन अब मुल्क के माहौल को खराब किया जा रहा है। कुछ बाहरी ताकतें हैं, जो पूरी तरह से दोनों तरफ काम कर रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम नीतीश की तबीयत बिगड़ी

**पटना ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके चलते उनके शुक्रवार को पूर्व में निर्धारित सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। नीतीश पटना में चल रहे ग्लोबल निवेशक सम्मेलन-बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 में भी हिस्सा नहीं लेंगे। हालांकि, सीएम के स्वास्थ्य के बारे में अभी तक ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है कि सर्दी के मौसम की वजह से वे बीमार हुए हैं। डॉक्टर ने उन्हें आराम की सलाह दी है।

### हरियाण के पूर्व सीएम ओपी चौटाला का निधन

**गुरुग्राम ।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया है। वे 89 साल के थे। शुक्रवार को वे गुरुग्राम में अपने घर पर थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा। जिसके बाद साढ़े 11 बजे उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में लाया गया। करीब आधे घंटे बाद दोपहर 12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। इसका पता चलते ही उनके बड़े बेटे अजय और पोते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला अस्पताल में पहुंचे। वहीं अस्पताल के बाहर उनके समर्थकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है।

### मुंबई एयरपोर्ट से 11.32 करोड़ रुपये की ड्रग बरामद

**मुंबई ।** नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने गुरुवार रात मुंबई एयरपोर्ट पर 11.32 करोड़ रुपये की ड्रग के साथ बैंकाक से आए दो यात्रियों को गिरफ्तार किया है। दोनों यात्रियों ने बरामद ड्रग्स को वैक्यूम-सील प्लास्टिक पाउच में छिपाकर ट्रॉली बैग के अंदर रखा था। इस मामले की गहन छानबीन एनसीबी की टीम कर रही है

एनसीबी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि मुंबई एयरपोर्ट पर ड्रग सहित यात्री के आने की गोपनीय जानकारी मिली थी।


संताल एक्सप्रेस
देश दुनिया व झारखंड की ताजा खबरें पढ़ने के लिये
santalexpress.com
पर जाएं या इस बार कोड को स्कैन करें.............

# जयपुर में ट्रक की टक्कर से एलपीजी टैंकर में धमाका, 11 लोग जिंदा जले

## 35 से अधिक लोग 50 फीसदी से ज्यादा झुलसे- टैंकर में भरी थी करीब 32 टन गैस, भारी तबाही

एजेंसी

**जयपुर ।** भांकरोटा थाना इलाके में जयपुर-अजमेर हाइवे स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने शुक्रवार सुबह करीब पौने छह बजे एलपीजी टैंकर में हुए धमाके से 11 लोगों की जिंदा जल कर मौत हो गई। हादसे में 53 से अधिक लोगों को गंभीर हालत में एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा इतना भयानक था कि उसने करीब चालीस से अधिक वाहनों को चपेट में ले लिया, इसमें एक स्लीपर बस भी शामिल है, जो टैंकर के पीछे चल रही थी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां घटनास्थल और उसके आसपास पास के इलाके में आग बुझाती रही।



जानकारी के अनुसार एलपीजी टैंकर में हुआ ब्लास्ट इतना भयंकर था कि आग की लपटें करीब दो सौ फीट ऊपर उठी। टैंकर में भरी करीब 32 टन गैस में जोरदार धमाका हुआ जिसके कारण टैंकर उछल कर घटनास्थल के आसपास के वाहनों पर गिरा, जिससे वे वाहन भी जलकर राख हो गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये जबकि घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 5 लाख तथा गंभीर रूप से घायलों को 1 लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि भारत पेट्रोलियम के एलपीजी गैस से भरा टैंकर शुक्रवार सुबह करीब पौने छह बजे अजमेर से जयपुर की ओर आ रहा था और दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने से वापस यू-टर्न ले रहा था, तभी जयपुर से आ रहे ट्रक ने टैंकर को टक्कर मार दी।

# रक्षा प्रणालियों में उभरती प्रौद्योगिकियों व एआई को उच्च प्राथमिकता दे रहा भारत : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को उच्च प्राथमिकता दे रहा है तथा भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है ताकि दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हो सके।

राष्ट्रपति मुर्मु आज सिकंदराबाद स्थित रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रपति निशान (प्रेसिडेंट कलर्स) अलंकर समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस त्रि-सेवा प्रशिक्षण संस्थान को प्रेसिडेंट कलर्स प्रदान करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह अवसर भविष्य के लिए हमारे सशस्त्र बलों के रणनीतिक नेताओं को विकसित करने में रक्षा प्रबंधन कॉलेज की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की बढ़ी हुई



रक्षा प्रबंधन क्षमता कूटनीतिक और सैन्य साझेदारी को मजबूत करने तथा रक्षा निर्यात बढ़ाने में मदद करेगी। इससे भारत को वैश्विक सुरक्षा मंचों पर सक्रिय रुख बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति का राष्ट्रीय सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ता है। युद्ध की पारंपरिक परिभाषाओं और तरीकों को उभरती प्रौद्योगिकियों और नई रणनीतिक साझेदारियों द्वारा चुनौती दी जा रही है। भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उच्च प्राथमिकता दे रहा है और बढ़ी हुई दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है। हम एक समग्र दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसमें अपनी पारंपरिक सेनाओं को उन्नत करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, साइबर युद्ध क्षमताओं और अंतरिक्ष रक्षा प्रौद्योगिकियों सहित अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाना शामिल है। उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों के जवालों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है। ग्रे जोन युद्ध और हाइब्रिड युद्ध के इस युग में, कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट जैसे संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी से समय के साथ निरंतर विकसित होने और तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का आग्रह किया।

# अनियंत्रित कार ने पांच लोगों को रौंदा, दो की मौत, तीन जख्मी

संवाददाता

**पलामू ।** जिले के मोहम्मदगंज-जपला मुख्य पथ पर मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के सबनवा मोड़ के पास गुरुवार रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित थार कार ने सड़क किनारे अलाव ताप रहे पांच लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में सबनवा गांव के ही अरशद खान और आशिफ खान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इमरान खान, जहांगीर खान और हसनैन खान गंभीर रूप से घायल हो गए। जख्मी में दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया है ।एक को कम चोट आने के कारण गांव में ही इलाज किया गया। हादसे के बाद कार खाई में जा गिरी।

घटना के बाद उग्र लोगों ने मोहम्मदगंज-जपला मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क पर भारी भीड़ जमा हो गई और यातायात प्रभावित हो गई । ग्रामीण प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे और सड़क सुरक्षा के ठोस उपायों की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं।घटना के बाद कार में सवार दो में से चालक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे को ग्रामीणों ने पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी है, जिससे उसकी हालत भी गम्भीर है।

# खादी से जुड़कर बुनकरों और कारीगरों को मिला है एक बाजार : दीपिका पांडेय

## राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव का हुआ शुभारंभ

संवाददाता

**रांची ।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सिद्धांतों को गांव तक ले जाने का एक सार्थक प्रयास है। खादी से जुड़कर बुनकरों और कारीगरों को एक बाजार मिला है। जहां उनकी प्रतिभा को उचित दाम मिल रहा है। यह मेला हम सभी की उम्मीदों पर खरा उतरे। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव 2024-25 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थी।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की दूरदर्शी सोच से राज्य उन्नति की पथ पर आगे बढ़ रहा है। हमें खादी को बहुत आगे लेकर जाना है इसलिए खादी से जुड़े बुनकरों की समस्याओं पर ध्यान देना है। उन्हें प्रशिक्षित करना है ताकि पलायन रोका जा




सके और झारखंड आगे बढ़े। विभाग से जुड़ी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। खादी से जुड़कर गांव में रहने वाले लोगों की आर्थिक उन्नति संभव है।

उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह ने बताया कि 20 दिसंबर से छह जनवरी तक चलने वाले इस मेले का मुख्य उद्देश्य खादी को बढ़ावा देना है।

# सीसीएल में फर्जी नौकरी के मामले में जीएम सहित 24 अभियुक्तों को तीन-तीन साल की सजा

संवाददाता

**रांची ।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शुक्रवार को 26 साल पुराने मामले में सीसीएल में फर्जी नौकरी के मामले में सुनवाई हुई।

इस मामले में सीसीएल के तत्कालीन जीएम हरिद्वार सिंह(90), उनके पुत्र प्रमोद कुमार सिंह सहित 22 अभियुक्तों को अदालत ने सजा सुनायी। जबकि दो आरोपी मुरारी कुमार सिन्हा और दशरथ गोप को रिहा कर दिया। हरिद्वार सिंह सहित 22 अभियुक्तों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई गयी।

जीएम हरिद्वार सिंह को 50 हजार तथा अन्य अभियुक्तों को दो-दो हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। जुर्माना नहीं देने पर हरिद्वार सिंह को तीन महीने जबकि अन्य को एक-एक महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सीबीआई की ओर से वरीय लोक अभियोजक बृजेश कुमार यादव और लोक अभियोजक खुशबू जायसवाल ने बहस की और आरोपितों को अधिक से अधिक सजा देने की मांग की। मामला पिपरवार क्षेत्र में पीपरवार क्षेत्र में अधिग्रहित जमीन के एवज में नौकरी देने का मामला है।

इस मामले में सीबीआई के एसीबी टीम ने वर्ष 18 अगस्त 1998 को केस दर्ज किया था।

# महिला ने ऑन लाइन मंगाया इलेक्ट्रॉनिक सामान, पार्सल में आ गया मानव-शव

एजेंसी

**हैदराबाद ।** आंध्र प्रदेश से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला को एक पार्सल के द्वारा लाश मिली है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी हरकत में आई और शव को ऑटोप्सी के लिए भेजा गया है। अब तक साफ नहीं हो सका है कि शव किसका है। महिला घर निर्माण में लगने वाली सामग्री का इंतजार कर रही थी।

रिपोर्ट के अनुसार, घटना उंदी मंडल के येंडागांदी गांव की है। नाग तुलसी नाम की एक महिला ने घर बनाने में मदद के लिए क्षत्रिय सेवा समिति को पत्र लिखा था। इसके बाद महिला को समिति की तरफ से टाइल्स भेजे गए थे। इसके बाद जब महिला ने फिर मदद मांगी, तब समिति ने कथित तौर पर इलेक्ट्रॉनिक सामान उपलब्ध



कराने का वादा किया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, आवेदक को मैसेज मिला कि लाइट, पंखे और स्विच भेज दिए जाएंगे। इसके बाद गुरुवार देर रात एक शख्स उनके घर पहुंचा और पार्सल छोड़कर चला गया। साथ ही महिला को बताया कि पार्सल में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हैं। बाद में जब तुलसी ने बॉक्स खोला, तब वह दंग रह गई। बॉक्स में एक शव मिला। इसके बाद हैरान परिवार ने पुलिस को तत्काल इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बाद में शव को ऑटोप्सी के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खबर है कि बॉक्स में एक लेटर भी मिला है, इसमें परिवार से 1.30 करोड़ रुपये की मांग की गई है। साथ ही कहा गया है कि रकम नहीं मिलने पर गंभीर परिणाम होगा।

फिलहाल, पुलिस पार्सल पहुंचाने वाले की पहचान करने में जुटी है। साथ ही समिति के प्रतिनिधियों को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। कहा जा रहा है कि शव पुरुष का है, जिसकी उम्र करीब 45 साल रही होगी। मौत का समय 4-5 दिन पहले का बताया जा रहा है।

# मध्य प्रदेश के जंगल में कार से 52 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये बरामद

एजेंसी

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बीते तीन दिन से अगल-अलग कारोबारियों के यहां लोकायुक्त और आयकर विभाग के छापे के बाद अब यहां मेंडोरी के जंगल में एक गाड़ी में 52 किलो सोना बरामद हुआ। इसके साथ ही 10 करोड़ रुपये नकद भी मिले हैं। सोने की कीमत 40 करोड़ 47 लाख रुपये आंकी गई है। गुरुवार की दरमियानी रात दो बजे 30 गाड़ियों में पहुंची आयकर विभाग और पुलिस की टीम ने वाहन को पकड़ा है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये सोना और नकद राशि किसकी है। जिस कार इनोवा क्रिस्टा में यह सोना और नकदी मिली है, वह ग्वालियर की है और चंदन गौर के नाम से रजिस्टर्ड है। चंदन गौर का जुड़ाव पूर्व परिवहन के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से बताया जा रहा है। दरअसल, सौरभ शर्मा के कार्यालय और आवास पर गुरुवार को लोकायुक्त पुलिस ने छापा मारा था। पुलिस को दोनों जगह से दो करोड़ 85 लाख रुपये नकद,



50 लाख रुपये के गहने और दो करोड़ रुपये की अन्य संपत्ति की जानकारी मिली थी। सौरभ शर्मा एक पूर्व मंत्री सहित कई अधिकारियों और नेताओं के करीबी बताए जाते हैं। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार, एक खुफिया जानकारी मिली थी कि जंगल में एक कार खड़ी है, जिसमें भारी मात्रा में पैसे रखे हैं। इसके बाद आयकर विभाग की टीम गुरुवार की रात करीब दो बजे मेंडोरी के जंगल में पहुंची, जहां इनोवा कार के पास पहले से करीब 100 पुलिसकर्मी और 30 गाड़ियां थीं।

# 130 वर्ष पुराने मंदिर की दीवार तोड़ने वाले निगमकर्मी निलंबित, निर्माण शुरू

**संवाददाता**

**पलामू ।** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत साहित्य समाज चौक के समीप 130 वर्ष पुराने शिव मंदिर की दीवार तोड़ने वाले निगमकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। शुक्रवार से तोड़ी गयी दीवार की मरम्मत भी शुरू करा दी गया है। निगमकर्मी छोटेलाल गुप्ता की देखरेख में निर्माण कार्य किया जा रहा है।



शाम साहित्य समाज चौक के समीप 1895 में निर्मित प्राचीन शिव मंदिर की

नगर निगम के जरिये अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान गुरूवार दीवार तोड़ दी गयी थी। दीवार तोड़ने का आरोप सिटी मैनेजर अनुराग कुमार और शाहिद हसन, जमादार इश्तेयाक साह, शेखर खान एवं अन्य कर्मियों पर लगाया गया था। साथ ही पांच घंटे तक घटनास्थल के पास धरना प्रदर्शन किया गया था। नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन को मौके पर बुलाने, माफी मांगने और आरोपित कर्मियों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गयी थी। सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत मेहता, सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, टीओपी वन के प्रभारी रूद्रानंद सरस सहित अन्य के अथक प्रयास से आक्रोशित लोग शांत हुए थे। शुक्रवार को सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत मेहता ने कहा कि अतिक्रमण अभियान के दौरान प्राचीन शिव मंदिर की दीवार तोड़ने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है और उन्हें निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि तोड़ी गयी दीवार की मरम्मत भी निगम की ओर से करायी जा रही है।

# झारखंड में मिल्क कलेक्शन सेंटर में होगा इजाफा : कृषि मंत्री



**संवाददाता**

**रांची ।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची के होटवार स्थित मेधा डेयरी प्लांट का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। मंत्री ने मेधा के उत्पाद को राज्य के अंदर ही नहीं बल्कि दूसरे राज्यों तक पहुंचाने की बात कही। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में बिचौलिये सक्रिय हैं। ऐसे में पशुपालक किसानों को दूध का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने राज्य में मिल्क कलेक्शन सेंटर में इजाफा करने की बात कही। ताकि बिचौलियों के सिंडिकेट को समाप्त कर पशुपालकों से उचित मूल्य पर दूध एकत्रित किया जा सके। तिर्की ने कहा कि वर्तमान में तीन लाख लीटर दूध कलेक्शन हो रहा है, लेकिन बाजार की मांग 10 लाख लीटर प्रतिदिन है। बाजार के डिमांड को दूसरी कंपनियां पूरी कर रही हैं। उन्होंने ने कहा कि पशुपालन के जरिये महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं।

## सेवानिवृत्त डीडीसी ने विधवा महिला का यौन शोषण किया, कोर्ट से नहीं मिली जमानत

**रांची ।** अपर न्यायायुक्त मनीष रंजन की कोर्ट ने शुक्रवार को शादी का झांसा देकर महिला का 16 साल तक यौनशोषण करने के आरोपित सेवानिवृत्त डीडीसी अरविंद कुमार चौधरी को राहत देने से इन्कार कर दिया है। कोर्ट ने उनकी ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने उनके बेटे मनीष आनंद की भी अग्रिम जमानत याचिका खारिज की है। महिला की ओर से अधिवक्ता शिशिर राज ने कोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि महिला नामकुम की रहने वाली है। विधवा महिला अरविंद कुमार चौधरी की मुलाकात 2008 नौकरी को लेकर हुई। नौकरी देने का वादा करते हुए पाकुड़ में तैनात अधिकारी अरविंद कुमार ने महिला को मिलने के लिए बुलाया। फिर एक होटल में ले जाकर उसका यौनशोषण किया। जब महिला ने इसका विरोध किया तो उन्होंने उससे शादी करने का वादा किया। इस दौरान अरविंद कुमार अपने आपको कुंवारा बताया और महिला के संपर्क में रहा। लोहरदगा ट्रांसफर होने के बाद अरविंद कुमार ने फिर से महिला को बुलाया और उसे साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया। वर्ष 2012 में अरविंद कुमार डीडीसी पद से सेवानिवृत्त हो गया। उसने महिला को नामुकम में ही एक फ्लैट लेकर रहने को दिया। इस दौरान वह महिला के साथ ही रहता था। इसके बाद महिला अपने पिता के घर लौट आई। उसके दो बच्चे भी हैं। सेवानिवृत्ति के बाद अरविंद कुमार चौधरी महिला से दूरी बनाने लगा। महिला ने उससे फोन पर बातचीत की। उसने पटना में रहने की बात बताई तो महिला वहां पहुंच गई।

## कांग्रेस का आभार समागम आज , प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी समेत कई नेता होंगे शामिल

**रांची ।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में आभार समागम का आयोजन 21 दिसंबर को बोड़ेया स्थित गीतांजलि बैंक्विट हॉल में दिन के 11 से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कल के आभार समागम में विधानसभा चुनाव में मिली सफलता और मजबूत सरकार के गठन के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं नेताओं का आभार प्रकट किया जाएगा। चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण दिन प्रतिदिन जनता का विश्वास कांग्रेस से महागठबंधन की उम्मीदवारों और सरकार के बातों पर प्रगाढ़ होता गया जिसके कारण भारी बहुमत से सरकार बनने का रास्ता प्रशस्त हो गया। समागम में संगठन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी सरकार और संगठन के बीच समन्वय तथा तालमेल के लिए खाका कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा जाएगा।पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक के कार्यकर्ताओं को जनमुद्दों से जोड़ने,सरकार के कार्यों योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने हेतु विमर्श किया जाएगा। समागम में एआईसीसी सदस्य प्रदेश प्रतिनिधि जिला अध्यक्ष अग्रणी संगठन के अध्यक्ष विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रखंड मंडल के अध्यक्ष सांसद पूर्व सांसद विधायक पूर्व विधायक उपस्थित रहेंगे।

## रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार

**चतरा ।** औद्योगिक नगरी टंडवा थाना के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर संगीता मिंज को एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिमरिया चौक पर हुई। जब महिला एएसआइ संगीता मिंज चतरा से सिमरिया लौट रही थी। बताया गया कि किसी केस के अनुसंधान के एवज में चार हजार रिश्वत ले रही थी। टंडवा के डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने रिश्वत लेते गिरफ्तार होने की पुष्टि करते हुए कहा कि पुरी घटना की तो जानकारी नहीं है पर गिरफ्तारी हुई है। बताया गया कि संगीता मिंज पिछले दो साल से टंडवा में कार्यरत थी। इसके पूर्व भी टंडवा थाना परिसर से ही एक जमादार को रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया था। एएसआई की गिरफ्तारी से पुलिस कर्मियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 दिसंबर को

**रांची ।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 दिसंबर को होगी। झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) में शाम चार बजे मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। इसमें कई प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के जरिये इसकी जानकारी शुक्रवार को दी गयी है।

## सत्कार भवन पर कब्जे की लड़ाई में चार गिरफ्तार

**पलामू ।** जिला मुख्यालय डालटनगंज के बाइपास रोड स्थित डीआइजी आवास के सामने सत्कार भवन पर दो पक्ष कब्जा करना चाहते हैं। एक पक्ष से महिला रिंकी देवी, पति विकेश कुमार वर्तमान में इसका संचालन कर रही है और उसका दावा है कि उसके नाम पर वसीयतनामा बनाया गया है। दूसरे पक्ष से यहां पूर्व में संचालित स्कूल के हॉस्टल छात्र शामिल है। गुरूवार को हॉस्टल छात्र प्रशांत उर्फ शमशेर सिंह अपने कई साथियों के साथ सत्कार भवन पहुंचा और करीब डेढ घंटे तक हंगामा मचाया। आरोप है कि वहां लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर निकाल लिया। जबरन कब्जा करने की कोशिश की। वर्तमान में वहां रहकर सत्कार भवन की देखरेख कर रही महिला रिंकी देवी और उसके पति विकेश कुमार के साथ मारपीट की। हालांकि महिला ने किसी तरह बाथरूम में घुसकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के तुरंत बाद शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से हॉस्टल छात्र समेत चार युवकों को गिरफ्तार किया।

## बस और ट्रक में भीषण टक्कर, 10 घायल

**लातेहार ।** सदर थाना क्षेत्र के उदयपुरा गांव के निकट शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर यात्री बस और ट्रक में भीषण टक्कर हो गयी। इस घटना में 10 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। घायलों में लातेहार निवासी नीतू कुमारी, ललिता मिंज, देवलाल राम , फैजान अंसारी, रीता देवी, निक्कू कुमार, बालूमाथ निवासी रितु कुमारी ,परी कुमारी और लोहरदगा निवासी मेराज मियां आदि शामिल हैं। इनमें मिराज मियां तथा दो अन्य यात्रियों की स्थिति गंभीर है । सभी घायलों का इलाज लातेहार सदर अस्पताल में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार लातेहार से हजारीबाग की ओर पम्मी यात्री बस जा रही थी।इसी दौरान उदयपुरा से थोड़ी दूर पहले सामने से आ रही ट्रक और बस में सीधी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस और ट्रक दोनों के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे बस में सवार सभी यात्री गाड़ी में ही फंस गए। बाद में उधर से गुजर रहे कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो और थाना प्रभारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और बस का पिछला दरवाजा तोड़कर सभी घायलों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। वही जेसीबी की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया गया । इस संबंध में अंचलाधिकारी ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है और यातायात को भी सुचारू कर दिया गया है।

# आवास बोर्ड एचईसी इलाके में 306एकड़ भूमि पर करेगा प्लॉटिंग, अब फोर बीएचके फ्लैट बनाने की है तैयारी

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड आवास बोर्ड नए साल में राज्य की जनता को सौगात देने की कार्य योजना पर काम कर रहा है। आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने शुक्रवार को रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय सचिव और बोर्ड के प्रबंध निदेशक समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में कुल 20 मुद्दों पर चर्चा हुई इनमें 16 बिंदुओं को सर्वसम्मति से पारित भी कर दिया गया है। बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि जमीन से जुड़े सभी विवादित मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने का निर्देश दिया गया है। आवास बोर्ड का प्रयास है कि प्लॉट मकान और दुकान से संबंधित सभी लंबित मामलों का निष्पादन करते हुए राज्य की जनता की मांग पूरी की जाए।उन्होंने कहा कि रांची के धुर्वा स्थित 306एकड़ भूमि की प्लॉटिंग की जाएगी।इसके अलावा तीन हजार तीन सौ करोड़ रुपए का दूसरा प्रोजेक्ट है।इस प्रोजेक्ट का डीपीआर तैयार कर लिया गया है।इसे कैबिनेट की स्वीकृति मिलना बाकी है।इस प्रोजेक्ट के तहत वन, टू और थ्री बीएचके का फ्लैट बनाया जाएगा। इसके साथ ही इस प्रोजेक्ट में पहली बार फोर बीएचके फ्लैट को भी शामिल किया गया है।




## रणनीति बनाकर नशे के कारोबार पर कसें नकेल : मुख्य सचिव



**संवाददाता**

**रांची ।** प्रदेश के मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि सभी संबंधित विभाग नशे के कारोबार पर रणनीति बनाकर नकेल कसें। उन्होंने निर्देश दिया कि पोस्ते की खेती, उसकी फसल से अफीम का उत्पादन और वितरण मार्ग पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि पोस्ते की खेती से ज्यादा आमदनी होने के कारण ही लोग इसमें संलग्न होते हैं। वे जेल जाने तक से भी नहीं डरते। इसे लेकर पोस्ते की खेती से लोगों को निरुत्साहित करने और कृषि विभाग से मिलकर आमदनी का वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराने की जरूरत है। वह शुक्रवार को सचिवालय में पोस्ते की खेती पर रोकथाम को लेकर गृह विभाग की ओर से आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं।
उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान करने, धर-पकड़ करने के साथ ज्यादा जरूरी है कि उन्हें सजा दिलाने के बिंदू पर भी फोकस करें। नशे के कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर ही हम मुकम्मल सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## पूर्व आईएएस ने सीबीआई कोर्ट में सरेंडर किया, मिली जमानत

**संवाददाता**

**रांची ।** उषा मार्टिन को अवैध तरीके से माइंस आवंटित करने के मामले में चार्जशीटेड आरोपित राज्य के तत्कालीन खनन सचिव रिटायर्ड आईएएस अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सरेंडर किया। साथ ही आरोपित ने जमानत याचिका भी दाखिल की। इस पर सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। अदालत ने उन्हें 50-50 हजार रुपये के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। उन पर साल 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन करने के मामले में भ्रष्टाचार का आरोप है। भ्रष्टाचार मामले को लेकर सीबीआई ने 22 सितंबर 2016 में मेसर्स उषा मार्टिन लिमिटेड, कंपनी के निदेशक राजीव झाबर, सहायक उपाध्यक्ष एसके सिंह, खनन निदेशक इंद्र देव पासवान सहित छह के खिलाफ जनवरी 2023 में चार्जशीट दाखिल की थी। इसी मामले में हाल में ही सीबीआई कोर्ट ने संज्ञान लिया है। साल 2004-05 में पश्चिमी सिंहभूम जिले के घाटकुरी में एक लौह अयस्क खदान आवंटित की गयी थी। इसमें कथित रूप से भ्रष्टाचार हुआ था। आईएएस अरुण कुमार सिंह उस वक्त खनन विभाग के सचिव थे और इंद्रदेव पासवान खनन निदेशक थे। सीबीआई की दिल्ली इकाई ने कथित आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सितंबर 2016 में प्राथमिकी दर्ज की थी। राज्य सरकार की तरफ से अधिकारियों ने कथित रूप से उषा मार्टिन के पक्ष में पक्षपात किया था।

## देश के लिए संत गाडगे बाबा के योगदान को नहीं भूला जा सकता : कर्मवीर सिंह



**संवाददाता**

**रांची ।** महान संत एवं समाज सुधारक बाबा संत गाडगे महाराज के 69 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पुष्प अर्पित किया गया। संगठन महामंत्री ने कहा गाडगे महाराज समाज सुधारक थे, जिन्होंने गरीबों और दलितों के बीच अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता के उन्मूलन के लिए काम किया। इस संत ने मनुष्य में भगवान की तलाश की, धर्मशालाओं, अनाथालयों, आश्रमों और अनाथों के लिए विद्यालयों की शुरुआत विभिन्न स्थानों पर की।

## प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक ने चौथी क्लास की छात्रा के साथ की छेड़खानी

**संवाददाता**

**रामगढ़ ।** शिक्षक और शिष्य का रिश्ता बेहद पवित्र होता है। लेकिन रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय सूदी के एक सहायक शिक्षक ने चौथी क्लास की लड़की के साथ छेड़खानी कर सारी मर्यादाएं लांघ दी हैं। स्कूल की छात्रा के परिजनों को जब यह जानकारी मिली तो ग्रामीणों के साथ वे लोग विद्यालय पहुंचे। सरकारी शिक्षक मुख्तार आलम को पकड़ कर पीट दिया। बाद में ग्रामीणों ने शिक्षक को पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले में पीड़िता की मां सुनीता देवी और पिता राजकुमार बेदिया के जरिये मामले में पुलिस से शिकायत की गई है। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि जैसे ही पुलिस को छात्रा के साथ स्कूल में छेड़खानी होने किसी सूचना मिली तत्काल पतरातू एसटीपीओ पवन कुमार और भदानीनगर ओपी प्रभारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस ने आधे घंटे के अंदर आरोपित शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में फ्रेशर्स डे, फेयरवेल एवं क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन



**संवाददाता**

**रांची ।** इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में शुक्रवार को फ्रेशर्स डे, फेयरवेल, क्रिसमस गैदरिंग एवं न्यू ईयर का आयोजन किया गया मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में, विधायक दल के उपनेता, खिजरी विधानसभा के विधायक श्री राजेश कच्छप , विशिष्ट अतिथि के रूप में उप-प्रमुख श्री रिजवान अंसारी, थाना प्रभारी - ओरमांझी के अनिल तिवारी एवं हाजी अब्दुर रज्जाक एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव श्रीमती जीनत कौशर द्वारा कार्यक्रम का आगाज द्वीप प्रज्वलित एवं केक काटकर किया गया. कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक गीत व नृत्य पर संस्था के स्टूडेंट्स जमकर थिरके । मौके पर मुख्य अतिथि राजेश कच्छप ने कहा कि आप सभी स्टूडेंट मेहनत और लगन से पढ़ाई करें और अपना कॉलेज का नाम रोशन करें तथा यह भी कहा कि फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग मुख्य रूप से शिक्षा के दौरान सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं के रणनीतिक शिक्षण के माध्यम से छात्रों को एक अच्छा इंसान बनाने और एक सफल पेशेवर बनाने पर केंद्रित है। मौके पर मुख्य रूप से कॉलेज के निदेशक डॉ शाहीन कौशर, डॉ नाजनीन कौशर, अबू नसर, प्राचार्य विनिशा बन्श्रीयर, उप-प्राचार्य सुधीर कुमार खुंटिया, ज्योति ग्लोरिया, माधुरी लिली, शोएब अख्तर, वर्षा कुमारी, बिन्हा खलखो, सुनीता हेम्ब्रोम, नीमा वंदना, रेशमा लकड़ा, सादिक अंसारी, शाहनवाज अंसारी, शशि कुमार, आँचल सिंह, एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा पार्क में वर्ल्ड वाइड पार्क का हुआ शुभारंभ




**संवाददाता**

**धनबाद ।** बिरसा मुंडा पार्क में वर्ल्ड वाइड पार्क का शुभारंभ किया गया, जो मनोरंजन और प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा संगम पेश करता है। पार्क में रंग-बिरंगे फूलों, विदेशी पक्षियों और बच्चों के खेल-कूद के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही यहां बर्ड पार्क भी बनाया गया है, जहां तमाम विदेशी पक्षियों को रखा गया है। मीडिया को जानकारी देते हुए संचालक शैलेंद्र जायसवाल ने बताया कि यह धनबाद का पहला ऐसा पार्क है, जहां मनोरंजन के साथ-साथ प्राकृतिक वातावरण का भी अनुभव मिलेगा।
पार्क में बर्थडे पार्टियों और अन्य आयोजनों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यहां झूले, फव्वारे, और विभिन्न प्रकार के खेल उपकरण लगाए गए हैं। बच्चों के लिए झूलों के साथ-साथ बड़े-बुजुर्गों के लिए भी प्राकृतिक वातावरण का आनंद लेने के साधन मौजूद हैं।

## युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**दुमका।** जिले के अंतर्गत आने वाले दुमका रामपुरहाट मार्ग पर शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव के पहाड़िया स्कूल के पास शुक्रवार की देर शाम एक वाहन से एक युवक का शव सड़क किनारे फेंक दिया गया। थाना प्रभारी हरी प्रसाद साह ने बताया कि गणेशपुर गांव में दुमका रामपुरहाट मुख्य सड़क के किनारे एक युवक का शव फेंक देने की सूचना मिली है। शव की पहचान नहीं हुई है। शव को कब्जे में लेने के लिए पुलिस बल को थाना से रवाना कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक देखने से प्रतीत होता है कि मृत युवक की उम्र 45 से 50 वर्ष के बीच की होगी। युवक का सिर पूरी तरह से कुचला हुआ है और उससे खून भी बह रहा है जिससे प्रतीत होता है कि यह घटना शाम 7.30 से 8 बजे के बीच की है। ग्रामीणों ने बताया कि शव को एक वाहन से फेंक कर गाड़ी दुमका की ओर भाग गयी। वह वाहन ट्रक था या कोई और वाहन था, इस बारे में ग्रामीण कुछ नहीं बता पा रहे हैं।

## धूमधाम से मनाई गई परमहंस महाराज की जयंती



**दुमका।** महर्षि मेंहीं पुसारो आश्रम में महर्षि संतसेवी परमहंस महाराज की 105वीं पावन जयंती महर्षि मेंही आश्रम एवं संतमत सत्संग भवन में मनायी गई। समारोह में प्रातः काल से ध्यान-कीर्तन के साथ स्तुति-विनती, प्रार्थना एवं पुष्पांजलि ध्यान के साथ अपराह्न काल महा भंडारा हुआ और पुनः अपराहन कालीन भजन कीर्तन हुआ। अपराहन कालीन संतमत सत्संग प्रारंभ हुआ जिसमें स्तुति विनती एवं पवित्र ग्रंथ रामचरितमानस से पाठवा तत्पश्चात सनसेवी महाराज के व्यक्तित्व पर चर्चा की गई एवं आश्रम की व्यवस्थापक पूज्य स्वामी अरणयानंद भिक्षु ने कहा कि गुरू शिष्य का संबंध भक्तिपूर्ण होना चाहिए। शिष्य का कर्तव्य गुरू की और हमेशा रहना चाहिए। एक शिष्य को अपने गुरु की आदर समान करना सीखना चाहिए।

## 24 को अभाविप एसकेएमयू खुलवाने के लिए कुलपति आवास का करेगी घेराव

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति विमल प्रसाद सिंह के आवास का घेराव 24 दिसंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद करेगी उक्त बात की जानकारी शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मनोज सोरेन ने दी है।
उन्होंने बताया कि पिछले एक महीने से सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में ताला लगा हुआ है लेकिन विश्वविद्यालय के कुलपति इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसलिए अभाविप छात्र-छात्राओं की समस्या को देखते हुए कुलपति के आवास घेरकर शीघ्र विश्वविद्यालय कार्यालय को खुलवाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें।

## कल देवघर में होगा अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन

**देवघर।** शुक्रवार को 22 वें अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन का आयोजन देवघर के बिलासी स्थित मैरिज गार्डन में आगामी 22 एवं 23 दिसंबर को किया जाएगा। इसको लेकर आज बिहार के दरभंगा से आए सम्मेलन के महासचिव डॉक्टर बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की मैथिली भारतीय अष्टम अनुसूची की संबद्ध भाषा है। वर्ष 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कैबिनेट से मैथिली को भारतीय संविधान की अष्टम अनुसूची में शामिल किया गया था। चूंकि 22 दिसम्बर को लोकसभा तथा 23 दिसम्बर को राज्यसभा में यह बिल पास हुआ इसलिए उसी तिथि को प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन का आयोजन किया जाता रहा है। अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन के संगोष्ठी प्रभारी और मैथिली भाषा के वरीष्ठ साहित्यकार मणिकांत झा ने कहा कि इसके अंतर्गत साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट अवदान देने वाले लोगों को मिथिला रत्न सम्मानोपाधि से अलंकृत किया जाता है। इस वर्ष भी बाबानगरी देवघर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में तीन दर्जन से अधिक विशिष्ट जनों को मिथिला रत्न से अलंकृत किया जाएगा।

## 25से सात दिवस ज्ञान एवं सत्संग का कार्यक्रम शुरू



**दुमका।** महर्षि मेंही आश्रम पुषारों में सात दिवस ध्यानभ्यास एवं संतमत सत्संग का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर महर्षि में आश्रम कुप्पाघाट भागलपुर से संत महात्माओं का पदार्पण होने जा रहा है जिसमें प्रतिदिन प्रात काल एवं अपराह्न कालीन संतमत सत्संग एवं प्रवचन , ध्यान का कार्यक्रम चलेगा। इस कार्यक्रम को देखते हुए आश्रम के व्यवस्थापक पूज्य स्वामी अरण्यानंद भिक्षु महाराज जी ने कहा सात दिवस का कार्यक्रम में पांच बार ध्यान एवं तीन बार सत्संग होगा जिसमें काफी संख्या में दूर- दराज से बिहार ,बंगाल ध्यान योग शिविर में शामिल होने के लिए किसी भी प्रकार की समस्या ना हो उसकी व्यवस्था सारी की जा रही हैं। सप्त दिवस कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की गंदगी या साफ सुथरा विशेष ध्यान दिया जाएगा । ध्यान के बाद संतमत सत्संग होगा जिसमें प्रातः काल संत -स्तुति , गुरु विनती ईश- स्तुति के साथ पवित्र ग्रंथ सत्संग योग से पाठ होगा एवं प्रवचन होगा पुनः अपराह्न -कालीन धयान के साथ भजन -कीर्तन एवं गुरु विनती के बाद पवित्र ग्रंथ रामचरितमानस से पाठ होगा तत्पश्चात प्रवचन होगा. यह कार्यक्रम 25 दिसंबर से लेकर 31 दिसंबर तक होगा।

## एसबीआई ने बच्चों के बीच बांटी आवश्यक सामग्री




**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित करते हुए देवघर स्थित नारायण सेवा आश्रम में बच्चों के बीच आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया। इस विशेष अवसर पर एसबीआई पटना सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक श्री के. वी. बंगारराजू ने खुद उपस्थित होकर बच्चों को गद्दे , कुर्सियां , ,गीजर,ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े और खेल सामग्रियां प्रदान कीं। इसके साथ ही बच्चों को चॉकलेट, फल, मिठाइयां वितरित की गईं।कार्यक्रम के दौरान एक भावुक क्षण तब आया जब मुख्य महाप्रबंधक ने लक्ष्मी नामक बच्ची का जन्मदिन मनाया। बच्चों के बीच केक काटा गया और लक्ष्मी को बधाइयां दी गईं। इस आयोजन ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और खुशी ला दी।

## नगर वासियों से हुए रूबरू,समस्या का निदान करने का दिया निर्देश



**संथाल एक्सप्रेस** बरहरवा ( नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 05 के रेलवे कॉलोनी के नीचे टोला में वार्ड वासियों ने पानी की समस्या के लिए जिला अध्यक्ष बरकत खान से शिकायत की इस पर जिला अध्यक्ष बरकत खान ने वार्ड 05 के रेलवे कॉलोनी नीचे टोला जाकर पहले से किये गए बोरिंग स्थल का निरीक्षण किया, साथ ही वार्ड वासियों ने यह भी कहा कि आनाखोर पटाल के पास 11000 वोल्ट का बिजली तार लूज अवस्था में जो खतरे का घंटी है, तथा एक बिजली का पोल का इंतजाम भी किया जाय,इस पर जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने स्थल पर जाकर जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारी से फोन पर वार्तालाप किया एवं जल्द निदान करने को कहा. साथ ही कुछ वार्ड वासियों एक सप्ताह पूर्व विधायक निसात आलम जी को आवदेन देकर पीसीसी सड़क एवं डीप बोरिंग की मांग की थी,बरकत खान ने विधायक जी के निर्देश पर स्थल का निरीक्षण किया।ग्रामवासियों ने पक्की नाली की समस्या से भी खान को अवगत करवाया,इस पर बरकत खान ने जल्द ही नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से वार्ता कर समस्या का निदान करने की बात कही.मौके पर प्रखंड महासचिव निताय सरकार,विष्णु माल, मिठुन माल, धर्मेंद्र साह, विक्की कर्मकार,मुन्ना यादव, रोहित कुमार, वरूण कुमार, बादल कुमार, संजीव कुमार,छोटू कुमार, बच्चु सेख, राकेश सेख,राजेश कर्मकार सहित अन्य

## बाबा साहब पर की गयी टिपप्णी भाजपा की दोहरे चरित्र को दिखाता है:सत्यनारायण यादव



**संताल एक्सप्रेस/साहिबगंज**

साहिबगंज गृहमंत्री के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के लिए अमार्यादित भाषा का प्रयोग करने के विरोध में साहिबगंज सदर राजद के प्रखंड अध्यक्ष राम अवतार सिंह की अध्यक्षता मे साहिबगंज स्टेशन चौक पर केंद्रीय गृहमंत्री का पुतला फूंका।इस दौरान मुख्य रूप से राजद जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री के द्वारा बाबा साहब के लिए की गयी टिपण्णी भाजपा की दोहरे चरित्र को दिखाता है।उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा संविधान की दुहाई देती है तो दूसरी ओर संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर भरी संदन में अपमान करती है. भाजपा हमेशा से संविधान के खिलाफ बोलते और संविधान के साथ खिलवाड़ करते आई है।वही प्रदेश सचिव मुन्ना यादव ने कहा कि सदन में जिस तरह का भाषा का प्रयोग बाबा साहब के लिए केंद्रीय गृहमंत्री ने किया है वह निंदनीय और बर्दाश्त करने के काबिल नहीं है।उन्होंने कहा कि इस बयान से भाजपा की मानसिकता का पता चलता है कि वो संविधान के प्रति क?या सोचती है.प्रखंड अध्यक्ष रामावतार सिंह ने कहा कि इस देश में सारा सिस्टम संविधान से ही चलता है,जिसे भाजपा बदलना चाहती है।मौके पर राजद जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव,प्रदेश सचिव मुन्ना यादव,प्रखंड अध्यक्ष राम अवतार सिंह,जिला उपाध्यक्ष अबुल हुसैन,नसरुद्दीन शेख,महासचिव विनोद यादव, सोनू यादव,नीतीश यादव,उदय यादव,उत्तम यादव,आनंद सिंह,अभिषेक पासवान एवं अन्य लोग उपस्थित उपस्थित थे।

## मुआवजा की राशि से संतुष्ट नहीं हैं 5 पंचायत के लोग,भू अर्जन पदाधिकारी को दिया आवेदन



**संताल एक्सप्रेस** साहिबगंज-मिर्जाचौकी से फरक्का के बीच बनने वाले फोरलेन सड़क में सरकार द्वारा किए गए जमीन अधिग्रहण के बाद रैयतों को मिलने वाली मुआवजा की राशि से सदर प्रखंड क्षेत्र के 5 अलग अलग पंचायतों के लोग नाखुश हैं जहां शुक्रवार को साहिबगंज सदर प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख ब्रह्मदेव यादव के नेतृत्व में सभी पंचायत के लोगों ने एकजुट होकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर जिला भू अर्जन पदाधिकारी से उनके कार्यालय कक्ष में मिलकर आवेदन सौंपते हुए इस दिशा में कार्यवाही करने की मांग की है।ग्रामीणों ने कहा कि सरकार द्वारा जो मुआवजा मिल रहा है वह बहुत ही कम राशि मिल रहा है।जिससे हम लोग संतुष्ट नहीं है।वे लोग सरकार से मांग किया,की घर वासी जमीन के अनुसार सभी को मुआवजा दिया जाए।मौके पर कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष अजय यादव,गोपाल यादव,अभिषेक कुमार,राम मंडल,महेश मंडल,मो जमशेद,पंकज यादव,विनोद मंडल,महेश पांडेय,रोहित झा,योगेश यादव,कल्पना देवी,शशि कला देवी सहित छोटी कोदरजन्ना,बलुआ दियरा,रेजा नगर,महादेवगंज समेत अन्य पंचायत के लोग भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## विक्षिप्त युवक लापता, परिजन ने पुलिस से सकुशल बरामदगी की लगाईं गुहार

उधवा। राधानगर थाना क्षेत्र के पियारपुर गांव से एक 22 वर्षीय युवक घर से लापता हो गया है। मामले को लेकर युवक के चचेरे भाई कासीम शेख ने थाना में सनहा दर्ज कराया है। जिसमें बताया गया है कि मेरे चाचा के पुत्र मो. आलमगीर पिता - मंसूर अली खान अमानत थाना राधानगर जिला-साहेबगंज बीते 16- दिसंबर सुबह करीब 8 बजे घर से पियारपुर बाजार आया हुआ था, जो बचपन से ही मानसिक रूप से विक्षिप्त है। उसी दिन से पुनः वह घर नहीं जा कर कहीं भटक कर कहाँ चला गया है। काफी खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चल पा रहा है। लापता युवक मो0 आलमगीर ऊँचाई करीब 5% फीट रंग-साफउम्र 25 वर्ष,लुंगी सफेद रंग, काला जैकेट (पंगलु), मफलर काला रंग का पहना हुआ है। पीड़ित परिजन ने पुलिस से सकुशल बरामदगी करने की गुहार लगाई है।

## आवास योजना को लेकर बीडीओ ने की बैठक, दिए कई निर्देश

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज/बोरियो प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ नागेश्वर साव ने पंचायत सचिव, मुखिया, पंचायत सेवक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ अबूआ आवास एवं पीएम आवास योजना से सम्बंधित बैठक की गई जिसमें आवास योजना की जानकारी लेते हुए 2024/25 की पहले किस्त लाभुक के खाते में जमा होने वाले लाभुक को आवास के काम में शुरू करवाने के लिए के लिए कहा गया वही 2024/25 के योग्य सूची में लाभान्वित लोगों को ग्राम सभा कर रजिस्ट्रेशन पूर्ण कर स्वीकृत करने सहित अन्य कई दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर ब्लॉक कॉर्डिनेटर वंदना कुमारी, जनसेवक रवि श्राफ, पंचायत सचिव जोसेफ टुडू, प्रमानदं, आशा कुमारी, स्नेहा कुमारी, रोजगार सेवक अबुल हसन, अजमल, अखिलेश सिंह, सहित अन्य मौजूद थे।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट,कई घायल

**संताल एक्सप्रेस/संवाददाता**

**उधवा।** राधानगर थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी पंचायत के जयंतीग्राम में शुक्रवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कथित रूप से मारपीट होने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार जयंतीग्राम स्थित कब्रिस्तान के बगल में जलील शेख व खलील शेख के करीब 3 कट्ठा जमीन है। कब्रिस्तान के बगल से वे रास्ता बनाने के लिए कब्रिस्तान के घेराबंदी में लगे तार व पीलर को जलील शेख व खलील शेख दोनों भाई जबरन हटा रहे थे। स्थानीय



लोगों को जैसे ही इसकी सूचना मिली वहां पहुंचकर उसका विरोध करने लगे। जमीन मालिक व स्थानीय लोगों के साथ तू तू मैं मैं होते होते विवाद बढ़ गया। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों व जमीन मालिक के साथ धक्का मुक्की एवं मारपीट की घटना हुई है। उधर मामले को लेकर स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से मामले की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक एक पक्ष के द्वारा स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र व कंबल का वितरण किया गया

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज दिसंबर के लास्ट माह में ठंड का सामना करना पड़ रहा है, जहां ग्रामीण व पहाड़ीक्षेत्रों में भी कड़कड़ाती ठंड में लोग मुश्किलों का सामना कर रहे हैं. जिसे देखते हुए उमा अमृता फाउंडेशन के संस्था ने लाचार, असहाय व गरीबों को बचाने के लिए सामाजिक संगठन अमृता फाउंडेशन ने शुक्रवार को गर्म वस्त्र व कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया उमा अमृता फाउंडेशन के संस्था के द्वारा क्षेत्र की हर धर्म और समुदाय के जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र व कंबल दिया गया जिन्हें वास्तविक में गर्म वस्त्र व कंबल की जरूरत थी.उन्हें ढूंढ कर दिया गया जिसमें गरीब मजदूर, वृद्ध व्यक्ति व महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया 7 संस्था के सदस्य ने बताया कि जनवरी और फरवरी में और ठंड गिरने वाली है 7जिससे और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है. जरूरत पड़ेगी तो और भी गर्म वस्त्र और कंबल का वितरण किया जाएगा ताकि गरीब कड़कड़ाती ठंड का सामना न करना पड़े उमा अमृता फाउंडेशन के संस्था हमेशा जरूरतमंदों लोगों के बीच तात्पर्य रहता है खास करके पहाड़ी क्षेत्रों में गांव में घूमेंगे तब आपको असली जीवन से मुलाकात होती है.क्षेत्र में और भी सहायता पहुंचाने की आवश्यकता है. मौके पर मौजूद रहे विकास कुमार, प्रशांत कुमार, रोशन कुमार, पवन सिंह,अभिषेक कुमार, आलोक कुमार,आनंद कुमार व अन्य संस्था के लोग मौजूद थे

## पैसे की विवाद में जमकर मारपीट,एक पक्ष के पति-पत्नी घायल

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत के छोटी कोदर्जनना नया टोला में शुक्रवार को दो सौ रुपये को लेकर दो पक्ष आपस मे भीड़ गए। इसमे एक पक्ष के पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल मो. अकबर(28) व पत्नी सोनी खातून है। घायल सोनी देवी ने बगल के ही जुबली पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जुबली के पास दो रुपये बाकी था। रुपये मांगने गया उसका पति के साथ मारपीट करने लगा। इसपर वे बीचबचाव के लिए पहुची तो उसके साथ भी मारपीट किया गया है। वही दोनो घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इधर इस मामले में घायल ने मुफस्सिल थाना में आवेदन देकर मारपीट करने का शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## रबी कार्यशाला का आयोजन 90 फीसदी अनुदान पर किसानों को मिलेगा



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** शहर के प्रखण्ड कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन 90 फीसदी अनुदान पर किसानों को मिलेगा जहाँ शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ बीडीओ सह सीओ बासुकीनाथ, जिला आत्मा परियोजना निदेशक मंटू कुमार आदि ने संयुक्त रूप से की है। इस दौरान बीडीओ सह सीओ ने किसानों को सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि किसानों के लिए धान अधिप्राप्ति का कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसमे 24 सौ रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। इसका राशि सीधे किसान के खाते में भेजा जा रहा है। क्रेडिट कार्ड का आवेदन ब्लॉक से निःशुल्क प्राप्त कर बैंकों को प्रखंड कार्यालय के माध्यम से भेज सकते है। वेसे किसान जो समय पर बैंक को समय पर अपना पैसा चुकाते है। वैसे किसानों को ब्याज मुक्त लोन देगी। परियोजना निदेशक ने बताया सोलर पंप सेट 5000 व 2000 वाट का 90 फीसदी अनुदान पर कृषकों को दी जा रही है। इसके अलावा डीजल पंप सेट 2 से 5 एचपी तक का 90 फीसदी अनुदान पर प्रत्येक जाती के कृषकों प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए आवेदन प्राप्त कर जमा करने की बात कही है। मौके पर जनसेवक कृषक, बीटीएम, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी राजीव पांडे आदि थे।

## हत्या मामले में तीन गिरफ्तार, जेल

साहिबगंज-मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र के हाजीपुर दियारा में गुरुवार को जमीनी विवाद में हुई हत्या मामले में पुलिस में हत्यारोपी मुकेश रजक, अमित कुमार व रिंकी देवी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि भूप नारायण रजक की हत्या मामले में प्राथमिक दर्ज करते हुए तीनों नामजद आरोपी का मेडिकल करा उन्हें जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

## आवेदन का फैसला ऑन दी स्पॉट




संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। पुलिस विभाग की जान शिकायत समाधान कार्यक्रम में आई शिकायत पर एसपी अमित कुमार सिंह ने संज्ञान लेते हुए कॉलेज रोड की एक दुकान खाली कराने का निर्देश दिया। जिसके बाद शुक्रवार को कोषांग प्रभारी डीएसपी विजय कुशवाहा ने कॉलेज रोड स्थित आकर्षण कपड़ा दुकान को खाली कराया। डीएसपी ने बताया कि शकुंतला देवी ने शिकायत की थी कि उनकी जमीन पर आकर्षण कपड़ा दुकान है। जो उन्हें किराया देता था। लेकिन दुकानदार ने उसके बड़े भैंसुर भोला महतो से अग्रीमेंट कर लिया। अब दुकान खाली नहीं कर रहा है। शिकायत के आलोक में एसपी अमित कुमार सिंह के निर्देश लर दुकान खाली कराया गया है। मौके पर नगर थाना इंस्पेक्टर अमित गुप्ता, एसआई एके सिंह दलबल के साथ मौजूद थे।

## राशन मांगने पर डीलर द्वारा फटकार




**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**साहिबगंज जिले बोरियो-प्रखंड क्षेत्र के तेलो पंचायत के मारीडीह गांव के राशन डीलर पर ग्रामीणों ने राशन वितरण में धांधली का आरोप लगाया है।वही तेलो के दर्जनों ग्रामीण बोरियो प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव को आवदेन सौंपकर राशन वितरण नहीं करने की बात कही है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछ्ले दो महिने से राशन डीलर अंतू मरांडी द्वारा अनाज वितरण नहीं किया गया है,डीलर से जवाब मांगने पर भगा दिया जाता है। इसे लेकर कई बार ग्रामीण डीलर से बात कर चूके हैं, लेकिन डीलर का रवैया ठीक नहीं है।बीडीओ से अपनी शिकायत लेकर मिलने के बाद डीलर को निर्देश दिया गया है कि अनाज का वितरण में गड़बड़ी न करें।मौके पर बसारत अंसारी,सगीर अंसारी,सहेरा खातून,आयुनुद्दीन,जाकिर हुसैन, सहित दर्जनों ग्रामीण थे।

## पुराने भवन की ईंटे निकालकर माफियाओं ने दूसरे स्थान पर किया जमा



**संताल एक्सप्रेस अमड़ापाड़ा(पाकुड़)**प्रखंड के राजीकीयकृत उच्च विद्यालय जाने वाली सड़क किनारे पुराने बीआरसी भवन एवं सालों पहले से खंडहर पड़े पुराने बुनियादी विद्यालय भवन को तोड़कर आदिम जनजाति पहाड़िया छात्र-छात्राओं के लिए लगभग 2 करोड़ की लागत से 100 बेड का छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है। जिसका ऑनलाइन शिलान्यास बीते 2 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने किया था। इधर निर्माण से पहले तोड़े गए पुराने भवनों की चिमनी ईंटों और सरिया(छड़) का कोई अता-पता नहीं है। तोड़े गए भवनों की ईंटें और सरिया कहाँ गुम हो गयी इसका पता ना नए भवन का निर्माण कर रहे संवेदक के करीबियों को है, ना ही कर्मियों को है। जबकि नियमानुसार पुराने भवन को तोड़कर निकले गए ईंट और सरिया को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी संवेदक की होती है। कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जब से भवन को तोड़ा गया है तभी से ही दो-चार स्थानीय लोगों की मिलीभगत से नए भवन का निर्माण कार्य देख रहे कर्मियों ने पुराने ईंट और सरिया को औने-पौने दाम में बेच दिया है। वहीं पुराने भवन से निकाले गए ईंटों को बासमती मेला डंगाल, कब्रिस्तान के चहारदीवारी के अंदर और कब्रिस्तान के सामने तीन-चार अलग-अलग स्थानों पर जमा किया गया है। एक तरफ लाखों की लागत से कब्रिस्तान मरम्मती का कार्य चल रहा है उसी के चहारदीवारी के अंदर सीमेंट लगे पुराने ईंट को रखना बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। कहीं इन्ही पुराने ईंटो को जोड़कर कब्रिस्तान चहारदीवारी का निर्माण तो नहीं किया जा रहा है। अगर ऐसा है तो यह गंभीर मामला है और यह जांच का विषय है। इन ईंटों को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि छात्रावास निर्माण ने पहले पुराने सामग्रियों का बंदरबांट किया गया है। आखिर किस मकसद से कब्रिस्तान के अंदर पुराने ईंट को रखा गया है। वहीं कब्रिस्तान के सामने रैयती जमीन पर भी हजारों पुराने ईंटों को जमा करके रखा गया है। जिसे देखने पर यह प्रतीत होता है कि यह किसी पुराने भवन से निकाली गई ईंटें हैं। इधर नए छात्रावास के निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल ना रखते हुए मिट्टी लगे बालू का जमकर उपयोग किया जा रहा है। निर्माण स्थल पर राशि से संबंधित कोई बोर्ड तक नहीं लगाया गया है जिससे यह मालूम चले कि कितनी लागत से छात्रावास निर्माण कार्य हो रहा है। अगर इन मामलों की गहराई से जांच हुई तो कई चहरे बेनकाब हो सकते हैं।

## डीएमओ ने अरशद के ख़िलाफ़ दर्ज कराया केस

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** साहिबगंज। जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू के दिए आवेदन पर जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या 204/24 दर्ज किया है। इसके पूर्व भी डीएमओ ने अरशद पर कांड संख्या-104/2024 दर्ज कराया था। इधरअरशद ने कहा कि खनन पदाधिकारी किस्कू के ख़िलाफ़ सड़क से लेकर न्यायालय तक संघर्ष करेंगे.

## दहेज प्रताड़ना मामले में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

उधवा। राधानगर थाना क्षेत्र के अमानत दियारा पंचायत की एक महिला के साथ दहेज प्रताड़ना को लेकर जेवरात लेने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर महिला रासेदा खातुन ने शुक्रवार को थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने अपने पति शरीफ शेख,सब्बुल शेख,अनाहार बीवी,राजिका खातुन तथा सुगरा बीवी के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना को लेकर जेवरात लेने का आरोप लगाया है। उधर,राधानगर पुलिस ने पीड़िता के बयान पर थाना कांड संख्या 243/24 के तहत पति शरीफ शेख समेत पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। फिलहाल राधानगर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## प्रशासक ने पीएम आवास योजना का लिया जायजा

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज नगर परिषद प्रशासक एके सिंह ने गुरुवार को शहर के पुरानी साहिबगंज व कबूतर खोपी मुहल्ले में पीएम आवास योजना घटक चार के तहत लाभुकों के बनाए जा रहे आवास का जायजा लिया। उन्होंने लाभुकों से निर्माण में आ रही समस्या जानी। वहीं लाभुकों को जल्द आवास निर्माण का निर्देश दिया। मौके पर जीआईएस विशेषज्ञ राहुल कुमार, रत्ना गुप्ता व सरवरी खातून उपस्थित थे।

## आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश



**संताल एक्सप्रेस पाकुड़।** आम जनों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर डीसी मनीष कुमार के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से संबंधित मामले, चौकीदार एसीपी, ट्राई साईकिल आदि से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

## इंदिरा मार्केट के दुकानदार बकाया राशि का भुगतान एक माह के अंदर करें: प्रशासक




**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**

साहिबगंज।नगर परिषद सभागार में नगर परिषद प्रशासक ए के सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को शहर के बाटा रोड स्थित इंदिरा मार्किट के दुकानदारों के साथ बैठक आयोजित किया गया। प्रशासक ने बताया कि अप्रैल 2016 से नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सभी स्थानों ने 14.56 प्रति वर्ग फीट की दर निर्धारित की गई थी। जिसके अनुसार से इंदिरा मार्किट के 18 दुकानदारों के पास नगर परिषद का लगभग 20 लाख 90 हजार 905 रुपया बकाया है। प्रशासक ने सभी दुकानदारों से आग्रह किया कि एक माह के अंदर बकाया भाड़ा राशि का भुगतान नगर परिषद को करे। वरना दुकानों को शील करके नगरपालिका अधिनियम के तहत करवाई करते हुए इच्छुक लोगों को दुकान आवंटित किया जाएगा। वही नगर परिषद का सभी स्टाल धारकों को भी निर्देश दिया गया कि जिस स्टाल धारकों का बकाया भुगतान है, जल्द से जल्द जमा करे। मौके पर सीटी मैनेजर, प्रधान लिपिक सुभाष सिंह, संतोष तांती सहित दुकानदार उपस्थित थे।

## गृहमंत्री अमित शाह का बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण:दिनेश यादव

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज-देश के गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नाम को लेकर दिया गया बयान न केवल असंवेदनशील है,बल्कि उनकी गरिमा और सम्मान के खिलाफ भी है।ये बाते राजद नेता दिनेश यादव ने कहा।उन्होंने कहा कि अंबेडकर सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय का आधार हैं। ऐसे बयान यह दर्शाते हैं कि भाजपा के नेताओं में न केवल संवेदनशीलता की कमी है, बल्कि उनके विचारों और योगदान को समझने की भी कमी है।दिनेश यादव ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिनका नाम समानता,अधिकार और न्याय का प्रतीक है,उनके नाम पर इस तरह की हल्की टिप्पणियां की जाती हैं।उन्होंने कहा कि अमित शाह जैसे वरिष्ठ नेता से ऐसी अपेक्षा नहीं थी।उनके बयान से समाज के उन वर्गों की भावनाएं आहत हुई हैं,जिनके अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए अंबेडकर ने अपना जीवन समर्पित कर दिया।श्री यादव ने कहा कि ऐसे बयान न केवल डॉ. अंबेडकर का अपमान हैं,बल्कि भारतीय लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों का भी अनादर करते हैं।अमित शाह को इस गैरजिम्मेदाराना बयान-के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह को अविलम्ब बर्खास्त करना चाहिए।

## राज्य स्तरीय टीम ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**

साहिबगंज/बोरियों प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में राज्य स्तरीय टीम ने निरीक्षण किया, जिसमें विद्यालय के हॉल भवन व्यवस्था का निरीक्षण किया, साथ ही कई निर्देश दिया राज्य स्तरीय टीम में एमडीएम समन्यवक विनोद कुमार तिवारी बीओ तरुण कुमार घाटी, बीपीओ राजेश्वरी प्रसाद, बीपीओ अटल भगत सहित अन्य मौजूद रहें।

## विद्यालय प्रबंधन समिति का पुर्नगठन, अध्यक्ष सूरज मंडल व पंचमी देवी बनीं उपाध्यक्ष



उधवा।प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेगमगंज में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। पर्यवेक्षक के रूप सीआरपी द्विजेंद्र नाथ मंडल उपस्थित थे। इस दौरान बैठक में बच्चों के अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।सर्वसम्मति से सूरज मंडल को प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुना गया एवं उपाध्यक्ष के रुप में पंचमी देवी को चयनित किया गया। वहीं सदस्य के रूप में खुशबु देवी,पंचमी कुमारी,अर्चना देवी ,सानवारा बीवी,सुनीता रविदास ,नमिता देवी निमाय मंडल,विक्रम कुमार मंडल,लक्खी मंडल,पिन्ट स्वर्णकार व राखी देवी को सदस्य चयन किया गया।प्रबंधन समिति की पुनर्गठन को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला परिषद सदस्य शाहनारा बीबी, स्थानीय मुखिया प्रियंका कुमारी को भी शामिल किया गया। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को फूलमाला देकर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष सूरज मंडल ने बताया कि विद्यालय को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए वे पूरा सहयोग करेंगे। साथ ही प्रबंधन समिति अध्यक्ष का जो दायित्व सौंपा गया है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। मौके पर गौर चंद्र मंडल, शिवपति मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

## अमित शाह के अंबेडकर पर दिए बयान से उठता विवाद गहराया

हाल ही में राज्यसभा में दिए गए गृह मंत्री अमित शाह के एक बयान को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। देश भर में आंदोलन शुरू हो गए हैं। एनडीए के सहयोगी दल भी अपने भविष्य की चिंता को लेकर इस मामले में अमित शाह के बयान के विरोध में खड़े होते हुए दिख रहे हैं। विपक्ष का आरोप है, यह बयान बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के सम्मान के खिलाफ है। देश के लाखों लोगों की भावनाओं को केंद्रीय मंत्री अमित शाह के बयान से ठेस पहुंची है। इस मामले ने राजनीतिक तापमान को और बढ़ा दिया है। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने इस बयान को बड़ा मुद्दा बनाते हुए नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे एनडीए के सहयोगी दलों से समर्थन वापस लेने की अपील की है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार वर्तमान में अपने बहुमत के लिए जदयू, लोजपा और टीडीपी जैसे सहयोगी दलों पर निर्भर है। आंबेडकर पर दिए गए बयान के बाद सहयोगियों का समर्थन शायद ही सरकार को मिले। भविष्य में सरकार के लिए गंभीर संकट का संकेत हो सकता है। केजरीवाल ने अपनी चिट्ठी में इस विवाद को संविधान और आंबेडकर के सम्मान से जोड़ते हुए, एनडीए सहयोगियों पर नैतिक एवं राजनीतिक दृष्टि से दबाव बनाने का दांव चल दिया है। विपक्षी दल इस मुद्दे पर सदन के भीतर और बाहर सरकार को घेरने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरुप शुक्रवार को जैसे ही लोकसभा की कार्रवाई शुरू हुई, हंगामा और विरोध के बीच बिना कार्यवाही आगे बढ़े सदन अनिश्चितकालीन के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्ष सड़क पर उतरकर विरोध करने को आगे आ गया है। कई प्रदेशों में अमित शाह के बयान के खिलाफ आंदोलन शुरू हो गए हैं। जगह-जगह धरना-प्रदर्शन हो रहं हैं।

वहीं, भाजपा ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए अमित शाह के बयान को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाया है। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया है कि उनका उद्देश्य बाबा साहेब का अपमान करना नहीं था। इसके बावजूद विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। संसद परिसर में गुरुवार को सांसदों के बीच आपस में धक्का-मुक्की को लेकर जो बवाल पैदा हुआ था उसमें बीजेपी के सांसद अब अपने ही बिछाए हुए जाल में फंसते हुए नजर आ रहे हैं। अभी तक संसद परिसर के सीसीटीवी फुटेज बाहर नहीं आए हैं। यह माना जा रहा है कि सरकार ने विपक्ष द्वारा अमित शाह से जो इस्तीफे की मांग की जा रही थी उसे मुद्दे को डाइवर्ट करने के लिए सांसदों पर हमले की स्क्रिप्ट लिखी गई थी, जिसके नतीजे में धक्का-मुक्की कांड सामने आया। विपक्ष ने उसे भी बेअसर करने का काम कर दिया है। संसद परिसर में दोनों पक्षों के बीच में जो घटना हुई है, उसके बाद इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल भी एकजुट हो गए हैं। जो आगे चलकर सत्ता पक्ष के लिए परेशानी खड़ी करेंगे। राजनीति के विशेषज्ञों का मानना है, कि एनडीए के सहयोगी दल इस मुद्दे पर सरकार के खिलाफ खड़े हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में मोदी सरकार को गिरने से रोक पाना मुश्किल होगा। यह विवाद लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में भाजपा और एनडीए के सहयोगी दलों के खिलाफ जा सकता है। जिसके कारण एनडीए के सहयोगी दल अमित शाह के बयान के बाद घबराहट में है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में वजूद बचाने की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस

**मनोज कुमार मिश्र**

करीब दो महीने बाद होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपने वजूद बचाने के लिए हर प्रयास करती दिख रही है। आम आदमी पार्टी (आआपा) संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कांग्रेस के साथ विधानसभा चुनाव में तालमेल न करने के ऐलान के बाद कांग्रेस ने भी अपने दम पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। इतना ही नहीं आआपा के तरह चुनाव की तारीख घोषित हुए बिना 70 में से 21 सीटों पर अपने मजबूत उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। उसमें अरविंद केजरीवाल के सामने नई दिल्ली सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया गया है। अभी तक यही माना जा रहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार मुकाबला आआपा और भाजपा के बीच ही मुख्य रूप से होगा। सालों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस 2013 यानी आआपा के वजूद में आने के बाद से ही लगातार हाशिए पर सिमटती जा रही है। लगातार 15 साल दिल्ली की मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित 2013 का विधानसभा चुनाव न केवल खुद हारी बल्कि कांग्रेस को 24.50 फीसद वोट और केवल आठ सीटें मिली। 2015 के विधानसभा चुनाव में उसे कोई सीट नहीं मिली और उसका वोट औसत घटकर 9.71 फीसद रह गया। इतना ही नहीं उसे 2020 के विधानसभा चुनाव में उसे केवल 4.26 फीसद वोट मिले।

अभी 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का आआपा से सीटों का तालमेल था। सात में से तीन सीटें कांग्रेस और चार आआपा लड़ी। चुनाव में सभी सातों सीटों पर लगातार तीसरी बार भाजपा जीती। कांग्रेस को 18.50 फीसद वोट मिले। माना जा रहा है कि कांग्रेस समर्थक वोटों पर दिल्ली में राज कर रही आआपा को लग रहा है कि उसके साथ तालमेल करने से कांग्रेस मजबूत हो जाएगी और देर-सबेरे आआपा को ही नुकसान पहुंचाएगी। वैसे आआपा के लिए यह तो खतरा बना ही हुआ है कि अगर कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ी तो आआपा को ही नुकसान पहुंचाएगी और इससे भाजपा को फायदा होगा। अब यह सार्वजनिक हो गया है कि जिस आआपा को कांग्रेस ने भाजपा के मध्यमवर्गीय लोगों का समर्थन लेकर भाजपा को कमजोर करने के लिए तन-मन और धन से सहयोग किया था,उसी पार्टी ने कांग्रेस के समर्थक माने जाने वाले कमजोर वर्गों,अल्पसंख्यक और पूर्वांचल (पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड आदि के मूल निवासी) के प्रवासियों को अपना स्थाई वोटर बना लिया। 2013 के विधानसभा चुनाव में दिल्ली के अल्पसंख्यकों ने गलतफहमी में कांग्रेस को वोट दिया। तब उन्हें लगा कि भाजपा को कांग्रेस हरा रही है। उसके बाद के दोनों चुनावों में इस वर्ग ने आआपा को वोट किया। कांग्रेस इस चुनाव में इस वर्ग को अपने साथ लाने के प्रयास में लगी हुई है।कट्टर धार्मिक छवि वाले उत्तराखंड के मंगलोर के विधायक काजी निजामुद्दीन दिल्ली के प्रभारी,राजस्थान के पूर्व विधायक दानिश अबरार सह प्रभारी और टिकटों की छानबीन समिति में पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन के साथ सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद हैं। दिल्ली में मुस्लिम आबादी अब 12 से बढ़कर अब 15 फीसद से ज्यादा हो गई है। 70 में से 17 सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम मतदाता 20 फीसद से ज्यादा हैं। इनमें सीलमपुर, मटिया महल, बल्लीमरान, ओखला, मुस्तफाबाद, किराड़ी, चांदनी चौक, गांधीनगर, करावल नगर, विकास पुरी, ग्रेटर कैलाश, कस्तूरबा नगर, बाबरपुर, मोतीनगर, मालवीय नगर, सीमापुरी और छत्तरपुर शामिल हैं। इसी तरह 12 अनूसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों पर भी कांग्रेस ने पूरी तैयारी की है। दलितों में कांग्रेस का कुछ असर अब भी बचा है। पूर्वांचल के प्रवासी दिल्ली में सालों कांग्रेस का साथ देकर उसे सत्ता दिलाते रहे। दिल्ली के 70 में से 42 सीटों पर पूरबियों(पूर्वांचंल के प्रवासी) का वोट 20 फीसदी से ज्यादा है। यह तीनों और दिल्ली के गांव का एक वर्ग अगर कांग्रेस से जुड़ जाए तो उसके पुराने दिन लौट आ जाएंगे। कांग्रेस के पास आज की तारीख में कोई बड़ा पूरबिया नेता न होने से उसकी फिर से इस वर्ग में पैठ होने में कठिनाई हो रही है। जो गलती 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने किया,वह दोहराना नहीं चाहती। तब उम्मीदवार कमजोर नहीं थे लेकिन जयप्रकाश अग्रवाल के अलावा दोनों पार्टी में नए थे। इसके चलते पार्टी में भारी विद्रोह हो गया था। कांग्रेस के नेता चतर सिंह कहते हैं कि जो पद पाने के लिए दूसरे दलों में गए उनमें काफी को निराशा हाथ लगी है और बाकी की भी वही गति होनी है। अब ऐसा कुछ होनेवाला नहीं है।2006 के परिसीमन में पूर्वी दिल्ली सीट दो हिस्सों में (पूर्वी दिल्ली और दिल्ली उत्तर पूर्व) बंटी। उससे पहले पूर्वी दिल्ली सीट से दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित सांसद थे जो परिसीमन के बाद 2009 में उसकी एक सीट से सांसद बने और 2014 में पराजित हुए। 2019 में पूर्वी दिल्ली की दूसरी सीट दिल्ली उत्तर पूर्व से उनकी मां और दिल्ली की 15 साल मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित चुनाव लड़ी और पराजित हुई। शीला दीक्षित 2019 में आआपा से समझौते का विरोध किया तो उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के साथ जबरन लोकसभा चुनाव लड़वाया गया। सत्ता सुख भोगने की आदत पड़ जाने के चलते एक चुनाव की हार ने कांग्रेस को संकट में ही ला दिया। अपनी चिंता में लगे नेताओं ने पार्टी को हाशिए पर ला दिया। 2013 विधानसभा चुनाव की हार के बाद पार्टी बिखरती गई। 2015 के चुनाव के समय प्रदेश अध्यक्ष थे अरविंद सिंह लवली और मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बना दिया गया अजय माकन को। इससे नाराज लवली ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष बने अजय माकन 2019 के लोक सभा चुनाव में आआपा से तालमेल की मुहिम चलाई। बताया गया कि कांग्रेस का एक वर्ग सात में से दो सीटों पर भी समझौता करने को तैयार हो गया था। जिस पार्टी ने कांग्रेस को हाशिए पर पहुंचाया उससे समझौता करने का शीला दीक्षित ने भारी विरोध किया। समझौता न होने पर भारी मन से अजय माकन नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़कर हारे। वे भी बिना प्रदेश अध्यक्ष तय हुए बीमारी के बहाने प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी छोड़ दी।2020 के विधानसभा चुनाव के लिए पहले बिहार मूल के नेता कीर्ति आजाद को प्रदेश अध्यक्ष बनाना तय किया गया। वे पहले भाजपा के दिल्ली से विधायक और बिहार से सांसद थे। अचानक वरिष्ठ नेता सुभाष चोपड़ा को अध्यक्ष और आजाद को चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष बना दिया गया। गुटबाजी में आजाद अलग-थलग हो गए,उन्हें दिल्ली कांग्रेस दफ्तर में नियमित बैठने के लिए कमरा तक नहीं दिया गया। बाद में चुनाव नतीजों के बाद उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और तृणमूल कांग्रेस में शामिल होकर लोकसभा के सदस्य बन गए। उस विधानसभा चुनाव के कुछ समय बाद कांग्रेस के पूर्वांचल के सबसे लोकप्रिय चेहरा रहे पूर्व सांसद महाबल मिश्र भी कांग्रेस छोड़कर आआपा में शामिल हो गए। इस बार आआपा ने उन्हें पश्चिमी दिल्ली से लोक सभा उम्मीदवार बनाया। उनके पुत्र विनय मिश्र पहले से ही आआपा में शामिल होकर विधायक और दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष बने हुए हैं। इस बार भी विधानसभा चुनाव में आआपा ने विनय मिश्र को उम्मीदवार बनाया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली और कांग्रेस का वोट औसत घटकर पांच से नीचे हो गया। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद जुलाई में शीला दीक्षित के निधन के बाद चौधरी अनिल कुमार प्रदेश अध्यक्ष बने। लवली थोड़े ही समय भाजपा में रहकर कांग्रेस में लौट आए और 2019 का लोक सभा चुनाव पूर्वी दिल्ली सीट से मजबूती से लड़े। उन्हें 2023 में अनिल कुमार के इस्तीफा देने पर दोबारा अध्यक्ष बनाया गया था लेकिन 2024 के लोक सभा चुनाव में टिकटों के बंटवारे में अपनी भूमिका न होने से नाराज होकर उन्होंने फिर कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन पकड़ लिया। उसी दौरान बड़ी तादाद में कांग्रेस के अनेक नेता भाजपा में शामिल हुए।आआपा ने भले 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से समझौता किया लेकिन आज भी आआपा कांग्रेस को गंभीरता से नहीं ले रही। जबकि अब हालात दूसरे हैं। कट्टर ईमानदार होने का मंत्र जपने वाले आआपा नेता अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी शराब घोटाले में फंसी हुई है। उनके लोगों पर कई और भ्रष्टाचार के आरोप लगे और कई नेताओं को जेल जाना पड़ा। 2011 में भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजसेवी अण्णा हजारे के आंदोलन में शामिल अनेक लोगों ने 26 अक्तूबर,2012 को आआपा के नाम से राजनीतिक दल बनाकर 2013 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ना तय किया। वैसे अण्णा हजारे ने राजनीतिक पार्टी बनाने का विरोध किया था। पहले ही चुनाव में बिजली-पानी फ्री का मुद्दा कारगर हुआ। आआपा को 70 सदस्यों वाले विधानसभा में करीब 30 फीसद वोट और 28 सीटें मिली। भाजपा करीब 34 फीसद वोट के साथ 32 सीटें जीती। दिल्ली में 15 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस को 24.50 फीसद वोट के साथ केवल आठ सीटें मिली। माना गया कि दिल्ली का अल्पसंख्यक भाजपा को हराने वाले दल का सही अनुमान लगाए बिना कांग्रेस को वोट दिया था। अगले चुनाव में अल्पसंख्यक आप से जुड़ गए तो कांग्रेस हाशिए पर पहुंच गई।भाजपा के मना करने पर आआपा ने कांग्रेस से बिना मांगे समर्थन से सरकार बनाई और नियम का पालन किए बिना लोकपाल विधेयक विधानसभा में पेश करने से रोके जाने के खिलाफ 49 दिनों पुरानी सरकार ने इस्तीफा दिया।

## पाकुड़ की खबरें

### मंईया सम्मान योजना के राज्य स्तरीय समारोह में पाकुड़ से 500 लाभुक करेंगे शिरकत



**पाकुड़।** 28 दिसम्बर को मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का राज्यस्तरीय कार्यक्रम रांची में प्रस्तावित है। इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।उपायुक्त ने कहा कि मंईया सम्मान योजनाओं के तहत चयनित 500 लाभुकों को रांची भेजे जाने हैं। लाभुकों को रांची ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था, चिकित्सा दल, पेयजल, गर्म पानी की व्यवस्था, सूखा राशन समेत विभिन्न तैयारियों को लेकर बिंदुवार चर्चा करते हुए सम्बन्धित पदाधिकारियों को सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडियस बाड़ा, कार्यपालक दंडाधिकारी कांति रश्मि, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, डीपीएम जेएसएलपीएस प्रवीण मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### समाजसेवी ने फुटबॉल खेल का किया उद्घाटन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



पाकुड़।शहर के गोकुलपुर स्थित खेल मैदान मे चाँद भैरों क्लब के तत्वधान में तीन दिवसीय एनुअल फुटबॉल चैंपियनशिप का शानदार आगाज शुक्रवार को किया गया।कार्यक्रम मे बतौर चीफ गेस्ट शहर के चर्चित समाजसेवी लुत्फ़ल हक, सदर बीडीओ समीर अलफ्रेंड मुर्मू, खेल खुद पदाधिकारी राहुल कुमार,शहरकोल पंचायत के मुखिया विकास गोंड मौजूद थे।सर्वप्रथम सभी अतिथियों का आदिवासी रीती रिवाज़ से स्वागत किया गया। इसके बाद सभी खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया। अतिथियों ने फुटबॉल उछालकर खेल का सुभारम्भ किया।उद्घाटन मैच एफसी आतापुर साहेबगंज बनाम सोरेन स्टार महेशपुर के बीच खेला गया। एफसी आतापुर ने पेनल्टी शूट से विजयी हुए वहीं दूसरा मैच एफसी इलेवन डायनामाइट पश्चिम बंगाल बनाम मिलन ब्रदर्स पूरबघर के बीच खेला गया मिलन ब्रदर्स एक गोल से विजयी हुए अतिथियों ने चाँद भैरों क्लब द्वारा शानदार खेल की सराहना करते हुए कहा की इस तरह का भव्य खेल का आयोजन बहुत ही कम देखने को मिलता है।क्लब के अध्यक्ष होपना हांसदा,सचिव देहरी सोरेन,कोषाध्यक्ष जगदीश सोरेन, प्रकाश गोंड एवं शहरकोल पंचायत के मुखिया विकास गोंड की प्रशंसा अतिथियों द्वारा की गई। इधर चाँद भैरों क्लब गोकुलपुर के संचालक सह मुखिया विकास गोंड ने समाजसेवी लुत्फ़ल हक की प्रशंसा करते हुए कहा की इनके द्वारा हमेशा खिलाडियों और जरूरतमंदो को सहयोग किया जाता है।ऐसे बहुत ही कम लोग होते है फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखण्ड के अलावे बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और असम के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। फाइनल मैच 22 दिसंबर खेला जाएगा। मौके पर नगर थाना प्रभारी दिलीप बास्की, सनातन मांझी, पूर्व प्रमुख राम सिंह टूद्दू,कोलाजोड़ा मुखिया लखन मुर्मू मौजूद थे।

### 30 महिला का हुआ सफल बंध्याकरण

महेशपुर (पाकुड़ )समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को महिला बाध्याकरण को लेकर शिविर आयोजित किया गया । महिला बाध्यकरण में डॉ.पंकज विजारी के द्वारा कुल 30 महिलाओं का पंजीकरण कर बाध्यकरण किया गया । बाध्यकरण में अधिकतर महिलाएं स्वास्थ्य बताई गई ।

### बंद घर से बाइक सहित लाखों के गहने सहित नगद रुपए की चोरी

**पाकुड़।** शहर के एक बंद घर मे चोरी की वारदात हुई है। बीती रात चोर घर मे रखी बाइक के साथ लाखों रुपयों के गहने और नगद लेकर फरार हो गए। परिवार घर पर ताला लगा कर अपने रिश्तेदार के यहां शादी में गए थे। घटना नगर थाना क्षेत्र स्थित शहरकोल की है। घर के पीछे का वेंटिलेटर तोड़कर चोर अंदर घुसे और गहने व नगद रुपये के साथ -साथ एक बाइक भी लेकर भाग गए। शादी समारोह से लौटने के बाद जब मकान मालिक अनुज भगत घर पहुंचे तो उन्हें चोरी होने का पता चला ।इसके बाद उन्होंने चोरी की घटना की सूचना नगर थाना की पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। हाल के दिनों में चोरों ने नगर थाना क्षेत्र स्थित मां शाकंभरी मंदिर में लगभग 5 से 7 लाख रुपए के गहने पर हाथ साफ किया था। हालांकि पुलिस इस मामले में तीन चोर को पकड़ कर जेल भेज चुकी है।

### बीडीओ एवं सीओ ने सोनारपाड़ा चेकपोस्ट का किया निरीक्षण



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

महेशपुर ( पाकुड़ )प्रखंड के कानीझड़ा पंचायत अंतर्गत सोनारपाड़ चेकपोस्ट में शुक्रवार को पाकुड़ उपायुक्त के निर्देश पर महेशपुर बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, सीओ संजय सिन्हा एवं सहकारिता पदाधिकारी नौरीक रविदास ने सोनारपाड़ा चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया ।वही चेकपोस्ट में तैनात पंचायत सेवक एवं तैनात चौकीदार को निर्देशित करते हुए कहा की झारखंड सरकार के द्वारा किसानों से धान अधिप्राप्ति को लेकर सख्त निर्देश है की झारखंड का धान सिर्फ और सिर्फ लैंप्स में ही खरीदा जा रहा है ध्यान रहे की की झारखंड का धान बंगाल न जाए । सरकार किसानों के हित में अच्छी कीमत 2400 सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीद रही है । यहां के किसानों को सख्त निर्देश करे की महेशपुर में दमदमा कानीझड़ा एवं छकुधारा सहित कुल 3 लैंप्स में ही धान देना है ।वही महेशपुर सीओ संजय सिन्हा एवं बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने किसानों से आग्रह किया है कि वे अपने धान को लैंप्स में ही बेचें।किसानों को प्रति क्विंटल 2400 रुपये की दर से भुगतान किया जाएगा । धान का भुगतान उनके खाते में पीएफएमएस के माध्यम से कर दिया जाएगा।

### जिले के कई थाना प्रभारियों का तबादला

**पाकुड़।** एसपी प्रभात कुमार ने तीन थाने के थाना प्रभारियों को फेरबदल किया है। पुलिस कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हिरणपुर के थाना प्रभारी नवीन कुमार को पुलिस केंद्र महेशपुर के थाना प्रभारी सनी प्रभात को पुलिस केंद्र व लिट्टीपाड़ा के थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह को हिरणपुर का प्रभारी और नगर थाना के विकर्ण कुमार को महेशपुर और अभिषेक कुमार को लिट्टीपाड़ा का थाना प्रभारी बनाया है। साथ ही नये थानेदारों को अपने -अपने पदस्थापन स्थान में योगदान करने का आदेश एसपी ने दिया है।

### 14 साल से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

पाकुड़। मालपहाड़ी ओपी थाना के पुलिस ने शुक्रवार को 14 साल से फरार दुष्कर्म केश के आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला था में वर्ष 2014 में दुष्कर्म को लेकर मालपहाडी थाना क्षेत्र के सोनू शेख उर्फ सानू शेख पर मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद से ही वह फरार था।पुलिस उसे लगातार तलाश कर रही थी मालपहाडी थाना प्रभारी अंशु उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। इसी के आधार पर शुक्रवार को मालपहाड़ी थाना क्षेत्र के नासिक मोड़ से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

### अभिषेक कुमार बने लिट्टीपाड़ा थाना थाना प्रभारी



लिट्टीपाड़ा( पाकुड़)लिट्टीपाड़ा थाना में शुक्रवार को अभिषेक कुमार 25वें थाना प्रभारी के रूप में अपना योगदान किया। नए थाना प्रभारी का स्वागत पूर्व थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बुके देकर किया।अभिषेक कुमार 2018बैच के दरोगा है,इससे पूर्व वह नगर थाना में बतौर जेएसआई के पद पर पदस्थापित थे। उन्होंने कहा पुलिस अधीक्षक ने जिस उम्मीद से मुझे थानाध्यक्ष बना कर भेजा है उसमें मैं शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा थाना क्षेत्र में हर हाल में अवैध कार्य चलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा लोग निसंकोच थाना में आकर मिले हर संभव मदद किया जाएगा। पुलिस आम जनता के साथ हैं। बता दे कि पूर्व थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह का स्थांतरण हिरणपुर हो गया हैं।

### मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी शुरू

जामताड़ा~झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत दिनांक 28 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के निमित्त शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा कुमुद सहाय की अध्यक्षता में जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों संग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में उपायुक्त ने बताया कि दिनांक 28 दिसंबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के द्वारा मईया सम्मान योजना के लाभुकों को 2500 रुपए के प्रथम किस्त का भुगतान किया जाएगा, जिसके लिए सभी जिलों से लाभुकों को कार्यक्रम में जाने का निर्देश प्राप्त है। उक्त कार्यक्रम में जामताड़ा जिले से करीब 3000 लाभुक जायेंगे जिसके लिए उन्होंने प्रखंडवार योजना के लाभुकों को ले जाने एवं वापस लाने के लिए कई बिंदुओं पर विमर्श किया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, प्रभारी सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग कलानाथ, जिला

### स्थापना दिवस को सफल बनाने को लेकर कांग्रेस कार्यालय में हुई बैठक



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़ । शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में एक बैठक की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रवेक्षक शशिभूषण राय , अतिथि जगदीश साहू उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने किया। बैठक में 26 दिसंबर को महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 वर्ष पूरा होने पर प्रखंड जिला स्तर में कार्यक्रम करने को लेकर चर्चा की गई साथ ही 27 दिसंबर को कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाने को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि ने कहा की जिस तरह से पाकुड़ संगठन ने विधानसभा चुनाव में एक रिकॉर्ड मत से जिताया है, उसकी जितनी सराहना किया जाए कम है। पाकुड़ की संगठन हमेशा से कोई भी कार्यक्रम बहुत जोर सोर से करती है और इस बार भी सभी मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाए। बैठक में पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मानसरुल हक, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, कोषाध्यक्ष असद हुसैन, जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष शाहीन परवेज, अर्धेंदु गांगुली, पप्पू गंगवानी, प्रमोद डुकानिया, मोनिता कुमारी, शहनाज बेगम, कृष्ण यादव, वंश राज गोप, प्रखंड उपाध्यक्ष अब्दुल बसिर सेख, हिरानपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोवर आलम लिट्टीपाड़ा मुर्शीद आलम,बेलाल सेख,संतु चौधरी,रामविलास महतो नोजरुल सेख, जैकी,कमरुल सेख सहित आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधायक की पहल पर चापाकल दुरुस्त करने का काम तेज

पाकुड़। विधानसभा क्षेत्र के विधायिका निसात अलम के द्वारा क्षेत्र की सर्वांगीण विकास के मद्देनजर कई महत्वपूर्ण अवयवों को बास्तविक स्वरूप चरितार्थ करने की दिशा में अधिकारियों के संज्ञान में दिया है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान आम जनों के द्वारा विधायक के समक्ष पेश की गई।अवयवों को धरातल पर वास्तविक स्वरूप देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। उन्होंने आधार कार्ड नया तथा अपडेट हेतु हर पंचायत में व्यवस्था करने, राशन कार्ड में केवाईसी सन्बन्धित समस्या को सुधार करने, शहरी पेयजलापूर्ति योजना के तहत बने पेयजलापूर्ति स्टेशन को शीघ्र चालू करवाने, हर पंचायत 2024 -25 के तहत 10-10 चापाकल निर्माण/ स्थापित करने, खराब पड़े चापाकल को दुरुस्त करने, मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के कारण शहर में फुक्किंग मशीन चलाई जाने सहित अन्य अवयवों को शीघ्र धरातल पर कायम करने की दिशा में निर्देश दिया था। जिस पर त्वरित अमल करते हुए खराब पड़े चापाकल को दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी गई है। साथ ही शहर में फॉगिंग मशीन चलाया गया है। इसके अलावे अन्य अन्य को भी वास्तविक स्वरूप देने हेतु अमली जामा पहनाया जा रहा है। साथ ही विधायिका के द्वारा झिकरहाटी पूर्वी मध्य विद्यालय व सीतापहाड़ी मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने की दिशा में उपायुक्त को आवश्यक कारवाई करने का भी अनुरोध किया गया है।

### ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के प्रयास से कर्मचारियों को रात्रि ड्यूटी में मिली राहत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़।ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा के सतत प्रयासों का परिणाम अब कर्मचारियों के लिए राहत लेकर आया है। शाखा सचिव कामरेड संजय कुमार ओझा ने बताया कि नलहटी से गुमानी तक कार्यरत स्टेशन मास्टर और पोर्टर को पहले लगातार 7 दिनों तक रात्रि प्रहर में ड्यूटी करनी पड़ती थी, जिससे उन्हें कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। यूनियन ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और लंबे समय से यह मांग उठाई जा रही थी कि रात्रि ड्यूटी की अवधि को 7 दिनों से घटाकर 3 दिन किया जाए। संगठन के प्रयासों और संवाद के बाद यह मांग आखिरकार पूरी हो गई है। नए रोस्टर के अनुसार, अब स्टेशन मास्टर लगातार केवल 3 दिनों तक रात्रि प्रहर में ड्यूटी करेंगे, जबकि पोर्टर की ड्यूटी 2 दिनों तक होगी। शाखा के उपाध्यक्ष कामरेड अरुण कुमार शहा, जो नलहटी से गुमानी तक परिचालन विभाग के पर्यवेक्षक भी हैं, ने नए रोस्टर को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कड़ी मेहनत और यूनियन के सहयोग से यह बदलाव संभव हो पाया। इससे कर्मचारियों को न केवल स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी, बल्कि उनकी कार्यक्षमता में भी सुधार होगा। यूनियन अब चतरा और मुरारई जैसे स्थानों पर प्रत्येक शिफ्ट में दो पोर्टर देने और नलहटी, चतरा, व राजग्राम में पोर्टर की ड्यूटी को 8 घंटे तक सीमित करने की दिशा में कार्य कर रही है। इन सुधारों को जल्द अंतिम रूप देने की योजना है। इस सफलता पर परिचालन विभाग के कर्मचारी काफी खुश हैं और यूनियन के प्रयासों की सराहना कर रहे हैं। शाखा सचिव ने आश्वासन दिया कि यूनियन भविष्य में भी कर्मचारियों के हित में कार्य करती रहेगी।

### कोल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने डीसी से की मुलाकात, डीसी ने त्रिपक्षीय वार्ता करने का दिया आश्वासन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़।डीबीएल कोल कंपनी से त्रस्त और लाचार होकर पचुवाड़ा कोल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने शुक्रवार को ट्रांसपोर्टर पर हो रहे अत्याचार और डीबीएल कोल कंपनी के द्वारा मनमानी साथ ही सिंगल भेंडर के विरोध में डीसी को एक ज्ञापन सौपा। ट्रांसपोर्टर ने डीसी से अपनी समस्या को लेकर रूबरू कराया। डीसी से ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि किस तरह डीबीएल कोल कंपनी हम सभी ट्रांसपोर्टर पर जबरन सिंगल भेंडर के नीचे काम करने को मजबूर कर रही हैं। लेकिन हम ट्रांसपोर्टर सिंगल भेंडर के नीचे काम नहीं करेंगे। डीसी ने ट्रांसपोर्टर की समस्या को सुनने के बाद में अस्वस्थ करते हुए ट्रांसपोर्टर से कहा कि मैं इस मामले पर संज्ञान में लेकर जिला प्रशासन, ट्रांसपोर्टर और कोल कंपनी के शाह त्रिपक्षीय वार्ता कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है जल्द ही आप सभी समस्या का समाधान किया जाएगा। मौके पर पचुवाड़ा कोल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष रजक, अमित भगत, सुमन भगत, उमाकांत भगत, राहुल भगत, विकास भगत, ब्रज मोहन साह, मनोज भगत सहित ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के सदस्य मौजूद थे।

### रंजन कुमार सिंह बने हिरणपुर थाना प्रभारी



हिरणपुर (पाकुड़ )हिरणपुर नए थाना प्रभारी के रूप में रंजन कुमार सिंह ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी नवीन कुमार से पदभार ग्रहण किया।इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि जनता की शिकायत का त्वरित निष्पादन करना, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना और क्षेत्र में अमन शांति स्थापित करना हमारा प्रमुख लक्ष्य है।उन्होंने कहा कि जनता में पुलिस का मैत्री भाव पैदा कर क्षेत्र बेहतर और भयमुक्त वातावरण तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इलाके में किसी भी प्रकार के अवैध कार्यो को फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा।वहीं उन्होंने तमाम थाना क्षेत्र वासियों से सहयोग करने की अपील की।

# देवघर : प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा फेंके जाने का आरोप, लोगों ने जताया विरोध, जून पोखर पुलिस छावनी में तब्दील



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** शुक्रवार सुबह नगर थाना क्षेत्र के जून पोखर मोहल्ले में एक व्यक्ति के घर के सामने प्रतिबंधित मांस रखने के आरोप को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया, जिसने पूरा मोहल्ला तनावपूर्ण स्थिति में ला दिया। इस घटना की जानकारी जैसे ही मोहल्ले के लोगों को हुई, सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर जुट गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामला बढ़ने के साथ दो समुदायों के बीच तनाव बढ़ने लगा, जिसके कारण पुलिस को मौके पर पहुंचने के लिए मजबूर होना पड़ा। मौके पर पहुंचे नगर थाना प्रभारी ने भीड़ को शांत करने के प्रयास किए, लेकिन उग्र भीड़ ने उनकी बातों को नजरअंदाज किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ अपनी आवाज़ बुलंद की। पुलिस के अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन स्थिति और अधिक उग्र हो गई। इसके बाद, मामले की गंभीरता को देखते हुए, नगर थाना प्रभारी ने देवघर पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग को सूचित किया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर, जैप 5 के जवानों को घटनास्थल पर भेजा गया। इसके बाद, पूरे मोहल्ले को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। हर गली और चौराहे पर पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। प्रशासन ने स्थिति को काबू करने के लिए अधिक से अधिक पुलिस बल की तैनाती की और पूरे इलाके को चारों ओर से घेर लिया।वही सूचना मिलते ही सदर एसडीओ रवि कुमार,एसडीपीओ अशोक कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर दोषी पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

वहीं उक्त मामले में भाजपा नेता अभय आनंद झा ने कहा कि घटना की निष्पक्ष जाँच हो फोरेंसिक जाँच कराया जाय और दोषियों पर कठोर कार्यवाही हो।

वहीं भाजपा के सचिन सुल्तानिया ने कहा कि आज जिस प्रकार बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर के जून पोखर मोहल्ले में प्रतिबंधित जानवर की हड्डी को फेंका गया जिस प्रकार हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाया गया वह काफी दुख का विषय है चुनाव के हुए एक महीना भी नहीं बिता इससे सब पता चल रहा है कि लोगों का मनोबल कितना बड़ा हुआ है। दोषियों को अभिलंब गिरफ्तार किया जाए जब से झारखंड में यह सरकार बनी है आज असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ा हुआ है। भाजपा नेत्री विजया सिंह ने कहा कि आज जिस प्रकार हिंदू के आस्थाओं को ठेस पहुंचाया गया यह काफी चिंताजनक विषय है सरकार बने एक महीना भी नहीं हुआ इससे साफ पता चल रहा है असामाजिक तत्वों का मनोबल कितना मनोबल बढ़ा हुआ है।

**मामले की हो रही जांच : एसडीएम**

अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि तीन-चार दिनों पहले टोटो वाले के साथ विवाद हुआ था। यहां दोनों समुदाय के लोग रहते है। आज सुबह लोगों ने प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा फेंके जाने का आरोप लगाया। इसको लेकर लोगों में आक्रोश है। इसमें अभी तक किसी का नाम सामने नहीं आया है। सभी साक्ष्य को खंगाला जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है। यहां केवल हड्डी पाया गया है।

# देवघर : 8 साइबर अपराधी गिरफ्तार

## 14 मोबाइल फोन और 20 फर्जी सिम कार्ड बरामद

**संवाददाता**

**देवघर।** साइबर थाना की पुलिस ने देवीपुर थाना क्षेत्र के महबदिया और पथरड्डा ओपी क्षेत्र के भूरा गांव के पास छापेमारी कर आठ संदिग्ध साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों की पहचान 29 वर्षीय इंद्रदेव मंडल, 27 वर्षीय डब्लू कुमार दास, 20 वर्षीय रिजवान अंसारी, 21 वर्षीय नाजीर अंसारी, 19 वर्षीय प्रकाश कुमार, 22 वर्षीय मुन्ना कुमार दास उर्फ गौतम, 20 वर्षीय सचिन दास और 32 वर्षीय सचिन्द्र कुमार दास के तौर पर हुई है। पुलिस ने इन साइबर अपराध के अभियुक्तों के पास से 14 मोबाइल फोन और 20 फर्जी सिम कार्ड बरामद किया है। इस संबंध में देवघर पुलिस के मीडिया सेल द्वारा



मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार सभी साइबर अपराधियों के पास से बरामद मोबाइल फोन द्वारा साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। साथ ही, इस मामले में गिरफ्तार इंद्रदेव मंडल और डब्लू कुमार दास का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है।

गिरफ्तार किये गये साइबर ठग की अपराध शैली में पीएम किसान योजना के लाभुकों को फर्जी पीएम किसान योजना का लिंक भेजकर लाभुक को झांसे में लेकर ठगी करना। फर्जी फोन पे पेटीएम कस्टमर केयर पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को कैश बैक का झांसा देकर फोन पे गिफ्ट कार्ड क्रिएट करवाकर उसे रिडीम कर ठगी करना। फर्जी एयरटेल पेमेंट बैंक पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को झांसे में लेकर एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से एयरटेल पेमेंट बैंक क्रेडिट बंद कर उपभोक्ताओं को झांसा देकर तथा आम सहायता के रूप में कार्ड को पुनः चालू कराने के नाम पर झांसा देकर ठगी करता था। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के पास से जप्त मो0न0,आई0एम0ई0आई0 पर प्रतिबिम्ब पोर्टल पर भारत के विभिन्न राज्यों का क्राईम लिंक पाया गया है।

# दिगंबर जैन मंदिर में विधायक सुरेश पासवान हुए सम्मानित

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** स्थानीय जैन मंदिर में नवनिर्वाचित देवघर विधायक सुरेश पासवान ने दिगंबर जैन मंदिर पहुंच भगवान पारसनाथ से आशीर्वाद लिया। वह देवघर के सतत विकास के लिए प्रभु से आशीर्वाद मांगा जैन समाज के मंत्री सुरेश पाटनी जैन ने माल्यार्पण व दुपट्टा देकर विधायक को सम्मानित किया। मौके पर ताराचंद जैन,अध्यक्ष झारखंड राज्य दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड ने भी जैन मंदिर स्थित बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। ताराचंद जैन ने विधायक सुरेश पासवान को देवघर में पेयजल की समस्या से अवगत कराया जिसे सुरेश पासवान ने प्राथमिकता देकर कराने का आश्वासन दिया



इस अवसर पर जैन समाज के सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# देवघर जिला इंटक, महिला कांग्रेस, राजद एवं झामुमो ने किया गृह मंत्री का पुतला दहन



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** राज्यसभा में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बारे में अनर्गल टिप्पणी किए जाने के विरोध में देवघर जिला इंटक जिला महिला कांग्रेस राजद एवं झामुमो द्वारा जसीडीह स्थित चकाई मोड पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा ने की। पुतला दहन कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अवधेश प्रजापति, देवघर जिला इंटक के कार्यकारिणी के सदस्य सुधीर कुमार देव, प्रमिला देवी, जिला इंटक के सचिव सदाशिव राणा, अभिषेक सिंह, देवघर जिला कांग्रेस के सचिव राहुल राज, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपक दास, राजद महासचिव मनोरंजन कुमार, विनोद यादव, सुखदेव पासवान, अंशु शर्मा, चंपा देवी, शोभा देवी, फुलवा देवी, आशीष कुमार संतोष इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल थे।उक्त अवसर पर देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ दिया गया।

# मोहनपुर में अमित शाह का पुतला दहन



**मोहनपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन करते हुए शुक्रवार को देश व्यापी कार्यक्रम के तहत भाकपा माले जिला कमिटी द्वारा मोहनपुर में जिला सचिव कामरेड जयदेव सिंह के नेतृत्व में संविधान विरोधी,देश द्रोही गृह मंत्री अमित शाह भीमराव अंबेडकर टिप्पणी को लेकर आक्रोश और नाराजगी जताई, गया । बीते दिन शाह की ओर से लोकसभा सदन में दिए बयान को लेकर विपक्ष के पार्टी के साथ-सा सामाजिक संगठनों में भी विरोध देखी जा रही है। इस मौके पर भाकपा माले केंद्रीय कमिटी सदस्य कामरेड गीता मंडल,जिला कमिटी सदस्य कामरेड अशोक महतो, कामरेड शंभू तुरी,जीतू तुरी अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोशिएशन का जिला अध्यक्ष अनीता तुरी, उपाध्यक्ष चमेली देवी,जिला कमिटी सदस्य चम्पा सिंह,ऋण देवी,चंद्रावती देवी,देवकी देवी, चिन्ता देवी,मुन्नी देवी,कुशमी देवी,मीना देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एससी संघर्ष समिति ने किया शाह का पुतला दहन



**मधुपुर।** अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रकाश दास के नेतृत्व में शुक्रवार को मधुपुर कोर्ट मोड़ स्थित बाबा साहब अंबेडकर चौक से गांधी चौक तक आक्रोशपूर्ण पथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया गया. समिति ने अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर दिए गए विवादित बयान को दुखद और शर्मनाक करार दिया। विरोध प्रदर्शन में भीम आर्मी और अन्य संगठनों के लोग अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के बैनर तले एकजुट होकर शामिल हुए। इस मौके पर समाजसेवी राजेंद्र दास, मोअरविंद सिंह यादव, युगल यादव, असरफ शेख, श्याम कैलाश दास, ओकील दास, सबीना प्रवीण, इंद्राणी देवी, पिंटू दास, टिंकू दास, राजीव दास, गंगा दास, रवि दास, विकास दास, विजय दास, हलीम अंसारी, मुना शेख, मुकेश दास, बबलू दास समेत सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि अगर भविष्य में इस तरह के बयान आए तो उनका विरोध और अधिक तीव्र होगा।

# ब्राइडल मेकअप महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने की नई दिशा



**मधुपुर।** शहर के काली मंडा रोड स्थित निजी होटल सभागार में शुक्रवार को एसएम मेकओवर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शानदार पहल की गई। इस आयोजन में ब्राइडल मेकअप समेत विभिन्न प्रकार के मेकअप प्रशिक्षण पूरा करने के बाद नीलम कुमारी, निशा जावेद, प्रीति शर्मा, और प्रिया कुमारी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मेकअप आर्टिस्ट और प्रशिक्षक शोभा सोरेन ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा, ÷ट्रेनिंग का प्रमाण पत्र लेकर घर बैठना नहीं है।

# कपिल मठ का वार्षिकोत्सव मनाया गया

**देवघर।** बावनबीघा स्थित कपिल मठ में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उत्सव के दूसरे दिन, देश-विदेश से आए हजारों अनुयायियों ने सामूहिक पाठ में भाग लिया। शनिवार को भी सुबह 8 बजे सामूहिक पाठ का आयोजन होगा। शुक्रवार को मठ के गुफा द्वार पर श्रद्धालुओं को दर्शन देते हुए सद्गुरु स्वामी भाष्कर आरण्य ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, यह उत्सव न केवल भौतिक सुख, बल्कि शांति और सात्विक आनंद का अनुभव कराता है! हमारे हर कार्य और विचार में यह भाव रहना चाहिए कि शांति का सुख सर्वोपरि है। इस स्थायी सुख का मार्ग परमर्षि कपिल ने दिखाया है। स्वामी जी ने बताया, सुख पाने के अनेक साधन हैं, परंतु श्रेष्ठतम सुख वही है, जो शांति और प्रशांति लाता है। इस मार्ग पर अग्रसर होने के लिए यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि–ये अष्टांग योग आवश्यक हैं। उन्होंने आलंबन की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा, आरंभ में चित्त को स्थिर रखने के लिए किसी माध्यम की आवश्यकता होती है–जैसे मूर्ति, जप, या स्मरण। धीरे-धीरे यह आलंबन आत्मबोध की ओर ले जाता है, जो ब्रह्म के साथ तादात्म्य स्थापित करता है। कपिल मठ में अद्भुत सात्विक ऊर्जा और आध्यात्मिक माहौल का अनुभव हो रहा है।

# लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण का कार्य पूरा करें : उप नगर आयुक्त



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** शुक्रवार को नगर निगम के सभा कक्ष में उप नगर आयुक्त सागरी बराल की अध्यक्षता में बैठक रखी गयी। जिसमें मुख्य रूप से राजस्व संग्रहण को बढ़ाने के लिए आदेश दिया गया। बैठक के मुख्य बिंदु में एसपीएस टीम को आदेश गया है की निगम क्षेत्र में जितने भी अपार्टमेंट बने हुए हैं उनको वार्ड वॉर सर्वे करते हुए जिनका अभी तक एसएएफ फॉर्म नहीं भरा गया है उनको नोटिस देते हुए नियमानुसार करवाई की जाये।निगम क्षेत्र में जितने भी कॉमर्सियल भवन चल रहे हैं,वो अपना होल्डिंग कॉमर्सियल करवा ले अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही निगम के द्वारा की जाएगी। एसपीएस टीम को आदेश दिया गया की 13000 डिफॉल्टरो को नोटिस दिया जाना था। परन्तु आपके द्वारा अभी तक 2000 नोटिस दिया है। बाकि 11000 नोटिस अगले 10 दिन में देना सुनिश्चित करे।वाटर यूजर चार्ज की वसूली में तेजी लायी जाये।निगम क्षेत्र में जिन्होंने ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया है। उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाये। मार्च 2024 तक टारगेट के अनुसार 100 परसेंट वसूली की जाये। इस बैठक में नगर निगम के पदाधिकारी नोडल हिमांशु शेखर,टैक्स इन्स्पेक्टर जय शंकर शाह,पीएमयू टीम से विनय जारीवाल,सहायक रवि झा एवं एसपीएस टीम से मोहित मिश्रा,हरेराम यादव,अमर देव,अवकाश देव, अमित बाजपेयी मौजूद थे।

# सरोवर होटल्स और ईशान ग्रुप ने देवघर में किया ईशान सरोवर पोर्टिको का उद्घाटन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** सोमवार को सरोवर होटल्स और ईशान ग्रुप ने ईशान सरोवर पोर्टिको,देवघर का उद्घाटन किया है, जो तीर्थयात्रियों,अवकाश यात्रियों और व्यावसायिक मेहमानों के लिए एक आकर्षक रिट्रीट है। पवित्र शहर देवघर में रणनीतिक रूप से स्थित, यह होटल आधुनिक आतिथ्य को क्षेत्र के शांत और आध्यात्मिक माहौल के साथ सहजता से जोड़ता है, जो प्रत्येक अतिथि को एक समृद्ध अनुभव प्रदान करता है। सरोवर पोर्टफोलियो में यह रोमांचक वृद्धि क्षेत्र में लक्जरी आतिथ्य के लिए एक नया मानदंड स्थापित करती है, जो आधुनिक सुविधाएं, असाधारण सेवा और व्यावसायिक और अवकाश यात्रियों दोनों के लिए एक अविस्मरणीय प्रवास प्रदान करती है।डीलक्स और प्रीमियम रूम और एग्जीक्यूटिव सुइट्स में 52 शानदार ढंग से डिज़ाइन किए गए कमरों और सुइट्स के साथ, ईशान सरवर पोर्टिको देवघर में आराम और परिष्कार का एक नया मानक स्थापित करता है। प्रत्येक कमरे में समकालीन सौंदर्यशास्त्र,




आलीशान साज-सज्जा और आधुनिक सुविधाएँ हैं, जो विश्राम और कायाकल्प के लिए एकदम सही शांत वातावरण बनाती हैं। होटल में खाने-पीने और आराम करने के कई विकल्प हैं,जिसमें पुनीता, एक बहु-व्यंजन वाला पूरे दिन खुला रहने वाला रेस्टोरेंट है, जो विशेष रूप से तैयार किए गए भारतीय, अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय व्यंजन परोसता है, और फुर्सत, एक आकर्षक लाउंज बार है, जो एक जीवंत सेटिंग में हस्तनिर्मित कॉकटेल और प्रीमियम स्पिरिट पेश करता है।


## कार्यालय :– जिला परिषद् पाकुड़

–: बन्दोवस्ती सूचना :–

ज्ञापांक 954/जि०प० दिनांक 20.12.2024

जिला परिषद, पाकुड़ अन्तर्गत सभी डाकबंगलों का रख–रखाव एवं संचालन आउट सोर्सिंग के माध्यम से किया जाना है। इसके अन्तर्गत सभी डाकबंगलों को 03 वर्षों के लिये डाक/बोली के माध्यम से आवटिंत/बन्दोवस्ती किया जाना है। इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में दिनांक–03/01/2025 तक आवेदन जिला परिशद कार्यालय, पाकुड़ में प्राप्ति हेतु तिथि निर्धारित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र० | डाकबंगला का नाम | सुरक्षित जमा राशि (03 वर्ष के लिये) | मासिक किराया | अग्रधन की राशि | डाक की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जिला परिषद डाकबंगला, महेशपुर | 4,32,000.00 | 36,000.00 | 40,000.00 | 04.01.2025 |
| 2 | जिला परिषद डाकबंगला, पाकुड़िया | 2,16,000.00 | 18,000.00 | 40,000.00 | |

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, पाकुड़

PR 342530 (District)24-25*D

## कार्यालय :- जिला परिषद् पाकुड़

–: बन्दोवस्ती सूचना :–

ज्ञापांक 955/जि०प० दिनांक 20.12.2024

जिला परिषद, पाकुड़ अन्तर्गत सामुदायिक शौचालयों का रख–रखाव एवं संचालन आउट सोर्सिंग के माध्यम से किया जाना है। इसके अन्तर्गत सभी सामुदायिक शौचालयों को 03 वर्षों के लिये डाक/बोली के माध्यम से आवटिंत/बन्दोवस्ती किया जाना है। इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में दिनांक–03/01/2025 तक आवेदन जिला परिषद कार्यालय, पाकुड़ में प्राप्ति हेतु तिथि निर्धारित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र० | डाकबंगला का नाम | सुरक्षित जमा राशि (03 वर्षों के लिये) | मासिक किराया | अग्रधन की राशि | डाक की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पाकुड़ जिला के प्रखण्ड लिट्टीपाड़ा बस स्टैण्ड में स्थित सामुदायिक शौचालय। | 36,000/– | 3,000/– | 20,000/– | 04.01.2025 |
| 2 | पाकुड़ जिला के सदर अस्पताल, सोनाजोड़ी के समीप स्थित सामुदायिक शौचालय। | 3,60,000/– | 30,000/– | 40,000/– | |

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद्, पाकुड़

PR 342533 District(24-25).D

## समाहरणालय दुमका (कल्याण शाखा)

**आदेश**

**अल्पकालीन निविदा**

कल्याण विभागीय आवासीय विधालयों में बाहय श्रोत से चतुर्थ वर्गीय कर्मियों की सेवा प्राप्त करने हेतु विज्ञापन :–

सरकार के संयुक्त सचिव, कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1660, दिनांक 07.06.2017 के द्वारा वर्ष 2024–25 के लिए बाहय श्रोत से सेवा प्राप्त हेतु Service Provider Agency (Outsourcing) के माध्यम में ऐजेंसी चयन करते हुए कल्याण विभागीय आवासीय विधालयों में चतुर्थ वर्गीय कर्मियों की सेवा बाहय श्रोत से प्राप्त करने का निदेश है। उक्त निदेश के आलोक में दुमका जिलान्तर्गत संचालित आवासीय विधालयों में अनुसेवक, रसोईया, झाडुदार एवं रात्रि प्रहरी के रिक्त पदों पर बाहय श्रोत से सेवा प्राप्त किया जाना है।

अतः इच्छुक एजेन्सी से निम्न शर्तो के साथ दिनांक 06/01/2025 को 01:00 बजे अपराह्न तक बाह्य श्रोत से सेवा देने हेतु जिला कल्याण कार्यालय, दुमका में सील बन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है, तथा उसी दिन 03:00 बजे अपराह्न में उपायुक्त, दुमका की अध्यक्षता में गठित जिला निविदा समिति की बैठक में खोली जायेगी। जिसमें एजेन्सी एवं उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

नोट :– निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा दुमका जिले के वेबसाईट www.dumka.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
दुमका

PR 342522 Welfare (24-25)_D

## कार्यालय
## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, दुमका (झारखण्ड)
(जिला सामान्य शाखा)

दुमका जिलान्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी एवं बैकलॉग भर्ती– 2024

**आवश्यक सूचना**

दुमका जिला अंतर्गत चौकीदार के पद पर सीधी एवं बैकलॉग भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या– 01/2024 प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन संख्या– 01/2024 को अपरिहार्य कारणवश तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

पुनः दुमका जिला अंतर्गत चौकीदार के पद पर सीधी एवं बैकलॉग भर्ती हेतु नये स्तर से विज्ञापन प्रकाशित किये जाने की सूचना समाचार पत्रों/जिला के अधिकृत वेबसाईट के माध्यम से दी जायेगी।

उपायुक्त,
दुमका

PR 342494 District (24-25)_D

## कार्यालय
## उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, दुमका
(जिला नजारत शाखा,दुमका)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

**PNR NO. – 338067 DT. 05.10.2024**

झारखण्ड राज्य की उपराजधानी तथा बाबा बासुकीनाथ मंदिर के कारण दुमका जिला में प्रायः अतिविशिष्ट/विशिष्ट एवं गणमान्य अतिथियों का आगमन होते रहता है। उक्त अवसर पर परिसदन, दुमका, राजभवन,दुमका एवं अन्य कार्यक्रम स्थलों पर अतिविशिष्ट/विशिष्ट एवं गणमान्य अतिथियों को सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन, शाम का नाश्ता, रात्रि भोजन आदि की व्यवस्था की जाती है। स्वच्छ एवं उच्च कोटि भोजनादि की व्यवस्था हेत दर निर्धारित (अनुलग्नक–1) के अनुसार (प्रति व्यक्ति, प्रति प्लेट वेटर एवं सभी करों तथा सभी व्यवस्था सहित) प्रतिष्ठान से दिनांक 27.12.2024 के अपराह्न 01:00 बजे तक द्विलिफाफा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक .. दिनांक 27.12.2024 के अप0 03:00 बजे जिला स्तर पर गठित निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा की शर्तों एवं अन्य विवरणी कार्यालय के सूचना पट तथा वेबसाईट **WWW.dumka.nic.in** पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त,
दुमका

PR 342459 District (24-25)_D

## कार्यालय :– जिला परिषद् पाकुड़

**–: बन्दोवस्ती सूचना :–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पाकुड़ द्वारा **"पाकुड़ प्रखण्ड के पंचायत रामचन्द्रपुर, ग्राम निहारपाड़ा में Market-Cum-Training Centre भवन"** में अवस्थित **14 दुकानों** का संचालन आउट सोर्सिंग के माध्यम से किया जाना है। उक्त **Market-Cum-Training Centre भवन** में अवस्थित **14 दुकानों** का डाक/बोली के माध्यम से बन्दोवस्ती किया जाना है। इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में दिनांक–**03/01/2025** के अपराह्न **05:00 बजे** तक आवेदन जिला परिशद कार्यालय, पाकुड़ में प्राप्ति हेतु तिथि निर्धारित की जाती है। जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र० | दुकान का स्थान | दुकान की संख्या | दुकान का आकार | दर प्रति वर्ग फीट | मसिक किराया | न्युनतम सुरक्षित जमा राशि | बन्दोवस्ती की तिथि एवं स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पाकुड़ प्रखण्ड के पंचायत रामचन्द्रपुर, ग्राम निहारपाड़ा में Market-Cum-Training Centre भवन" में अवस्थित दुकान। | 14 | 15'10"x10 (151 Sqft) | 8.00 | 1208/- | 50,000/- | 04/01/2025 (11:00 बजे पूर्वाहन से) जिला परिषद कार्यालय, पाकुड़ |

अस्पष्ट आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। दुकान आवंटन के संबंध में अन्य जानकारी एवं शर्ते जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट एवं पाकुड़ nic के बेवसाइट पर भी देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, पाकुड़

PR 342527 District(24-25)#D

## OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT, BASUKINATH
email-nagarpanchayatbasukinath@gmail.com/nagarpanchayatbasukinath@yahoo.in
BASUKINATH, DUMKA – 814118

**e - Procurement Notice (Very Short Term)**

**e-Tender Reference No: UDHD/NPB/eTender/20/2024-25 Dated: 18-12-2024**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Gr. No | Name of Work | |
| | | 1 | Construction of G.S. Sheet Shed Shop in Plot No. 434 from Shop No. 01 to Shop No. 12 in Ward No. 10 under Nagar Panchayat, Basukinath | |
| | | 2 | Construction of G.S. Sheet Shed Shop in Plot No. 434 from Shop No. 13 to Shop No. 24 in Ward No. 10 under Nagar Panchayat, Basukinath | |
| | | 3 | Construction of G.S. Sheet Shed Shop in Plot No. 434 from Shop No. 25 to Shop No. 36 in Ward No. 10 under Nagar Panchayat, Basukinath | |
| | | 4 | Construction of G.S. Sheet Shed Shop in Plot No. 434 from Shop No. 37 to Shop No. 48 in Ward No. 10 under Nagar Panchayat, Basukinath | |
| | | 5 | Construction of G.S. Sheet Shed Shop near water ATM in Ward No. 10 under Nagar Panchayat, Basukinath | |
| | | 6 | Construction of G.S. Sheet Shed Shop in Opposite Side of Water ATM in Ward No. 10 under Nagar Panchayat, Basukinath | |
| | | 7 | Construction of G.S. Sheet Shed Shop at Nagnath Chowk from Sulabh Shouchalaya to Transformer in Ward No. 10 under Nagar Panchayat, Basukinath | |
| 2 | Tender Fee & EMD | Gr.No | Tender Fee(in Rs.) | EMD(in Rs.) |
| | | 1 | Rs. 5000.00 | Rs. 48466.00 |
| | | 2 | Rs. 5000.00 | Rs. 48466.00 |
| | | 3 | Rs. 5000.00 | Rs. 48466.00 |
| | | 4 | Rs. 5000.00 | Rs. 48466.00 |
| | | 5 | Rs. 5000.00 | Rs. 23215.00 |
| | | 6 | Rs. 5000.00 | Rs. 45130.00 |
| | | 7 | Rs. 5000.00 | Rs. 38715.00 |
| 3 | Estimated Cost | Gr.No. | Estimated Cost(in Rs.) | |
| | | 1 | Rs. 2423300.00 | |
| | | 2 | Rs. 2423300.00 | |
| | | 3 | Rs. 2423300.00 | |
| | | 4 | Rs. 2423300.00 | |
| | | 5 | Rs. 1160770.00 | |
| | | 6 | Rs. 2256500.00 | |
| | | 7 | Rs. 1935737.00 | |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | | 23-12-2024 | |
| 5 | Date/Time for receipt of bids(ONLINE) | | 23-12-2024 to 02-01-2025 | |
| 6 | Date of Bid Opening | | 03-01-2025 | |
| 7 | Name & address of office inviting tender | | Nagar Panchayat, Basukinath | |
| 8 | Helpline number | | Mobile-9504272522/8789952584 | |

**NOTE :- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.**

**Administrator**
**Nagar Panchayat, Basukinath**

PR 342455 District (24-25)_D

## विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत महिला जागरुकता कार्यक्रम आयोजित




**गोड्डा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा संचालित विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बालिका उच्च विद्यालय महागामा परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से महिला विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रिसोर्स पर्सन के रूप में मध्यस्थ गौरी प्रिया ने बालिकाओं को कानूनी जानकारी दी।उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने 2012 में पोक्सो कानून को अस्तित्व में लाया। यह कानून 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों चाहे वह लड़का हो या लड़की दोनों को उनके प्रति यौन अपराधों या यौन उत्पीड़न से संरक्षण प्रदान करता है। ऐसे में कोई ऐसा गलत कदम नहीं उठायें जिससे आपकी जिंदगी तबाह हो जाय। सदा अभिभाविकों व शिक्षकों की बातों का अनुशरण करें।एलएडीसी अजीत कुमार ने कहा कि महिलाओं को समाज में व्यक्त डायन प्रथा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी आदि को मिटाने के लिए आगे आना होगा। तभी समाज का नवनिर्माण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि किसी के साथ कोई घटना घटित होती है तो उस बात को अपने अभिभावक, माता,शिक्षक

## संथाल परगना स्थापना दिवस को लेकर मांझी परगना सरदार महासभा की हुई बैठक



**नाला (जामताड़ा)।** शुक्रवार को नाला नेताजी स्टेडियम में संथाल परगना स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर माझी परगना सरदार महासभा के प्रतिनिधिमंडल की हुई बैठक। बैठक की अध्यक्षता 44 परगना धोना लाल हांसदा, तथा नाला प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष अजित मुर्मू ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान 22 दिसंबर को संथाल परगना स्थापना दिवस मानने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि इस स्थापना दिवस समारोह में संथाल समाज के सभी पदधारक, सभी मुखिया आदि मुख्य रूप से मौजूद होंगे। इसके अलावे कार्यक्रम में आदिवासी पारंपरिक रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा7 इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि वासुदेव हांसदा, हेमलाल सोरेन, सुकुमार सोरेन, नुनु लाल मुर्मू, रूप धन हेंब्रम, कृष्णा टुडू, मंगल सोरेन आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## मैया सम्मान योजना एवं सर्वजन पेंशन योजना को लेकर की गयी बैठक

**(संताल एक्सप्रेस संवाददाता)** फतेहपुर । फतेहपुर प्रखंड सभागार में बीडीओ प्रेम कुमार दास की अध्यक्षता में मैया सम्मान योजना एवं सर्वजन पेंशन योजना को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी कर्मी को निर्देश दिया गया कि मैया सम्मान योजना एवं सर्वजन पेंशन योजना के लंबित आवेदन को जल्द से जल्द निष्पादन करे। कहा कि एक भी योग्य लाभुक किसी भी स्थिती में नहीं छूटे इसका ख्याल रखें, साथ ही निर्देश देते हुए कहा कि इन कल्याणकारी योजनाओं का भौतिक सत्यापन भी करे। बैठक में इन कल्याणकारी योजनाओं के आधार गैप के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए कई निर्देश दिए। बैठक में बीपीआरओ हरिपद रुई दास, पंचायत सचिव गौर प्रसाद यादव, उपेंद्र यादव, तपन कुमार मंडल, सभी पंचायत के भीएलई सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा संगठन सदस्यता अभियान का एकदिवसीय कार्यशाला को लेकर बैठक आयोजित

**महागामा ।** भाजपा संगठन महापर्व सदस्यता अभियान का एकदिवसीय कार्यशाला, महागामा मंडल इकाई की बैठक मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जहां कार्यशाला के प्रभारी जिला के उपाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह एवं सदस्यता अभियान के जिला संयोजक जिला महामंत्री मुरारी चौबे उपस्थिति थे। वहीं आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए बैठक के प्रभारी लाल बहादुर सिंह ने कहा कि इस सदस्यता अभियान को हर बूथ तक ले जाना है एवं ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को भाजपा संगठन से जोड़ना है सदस्य के रूप में, इस अभियान में मंडल में प्रवास करने वाले सभी जिला के पदाधिकारी मंडल के पदाधिकारी सभी मंच मोर्चा के पदाधिकारी जुड़ेंगे एवं सभी को 50 से 100 सदस्यों को भाजपा संगठन से जोड़ना है। मंडल अध्यक्ष प्रत्येक शक्ति केंद्र के प्रभारी नियुक्त करेंगे। सदस्यता अभियान के जिला संयोजक मुरारी चौबे ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जोर-सौर से लगना होगा, 25 दिसंबर को शश्रृद्धाई अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मोत्सव पर हम लोग सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं उसी दिन हर बूथ पर करीब 200 की संख्या में सभी कार्यकर्ता सदस्य बनेंगे। आयोजित कार्यशाला में महागामा मंडल के महामंत्री पवन, एस टी, मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रबोध सोरेन, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सूरज जायसवाल, युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष नंदकिशोर ठाकुर, जिला कार्य समिति सदस्य विपिन भगत, राजेंद्र यादव, विमला देवी, विभा देवी, गंगा सह, वासुदेव सिंह, रोहित दास, नंदकिशोर झा, कैलाश राम, राजेंद्र राय, रोहित राय, देवेंद्र कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## लैम्प्स में ही धान बेचने के लिए किसानों को करें जागरूक



**कुंडहित (जामताड़ा)** शुक्रवार को कुंडहित प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि तकनिकी सूचना केन्द्र में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनोरंजन मिर्धा एंव बीटीएम अमिर हेम्बरम के अध्यक्षता में धान क्रय के लिए किसानों को जागरूक करने को लेकर किसानमित्रों के साथ एक बैठक किया गया।बैठक के दौरान प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनोरंजन मिर्धा ने उपस्थित किसानमित्रों को जानकारी देते हुए बताया की खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में धान क्रय करने हेतु किसानो को जागरूक करना है। उन्होने कहा की सरकार के प्रभारी सचिव खाद्य सार्वजनिक वितरण एंव उपभोक्ता मामले विभाग रांची के पत्रांक 2900 दिनांक 12.12.2024 के आदेशानुसार खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में 15 दिसम्बर से प्रखंड के बाबुपुर एंव बिक्रमपुर में धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारम्भ हो चूका है। इस वर्ष किसानो को क्रय किए जाने वाले धान के लिए न्युनतम समर्थन मूल्य 2300 प्रति क्विंटल की दर एंव बोनस प्रति क्विंटल 100 की दर से भूगतान किया जाएगा।उन्होने कहा की उक्त पत्र के आलोक में सभी किसान मित्र अपने अपने क्षेत्र में किसानो से सम्पर्क कर किसानो को धान अधिप्राप्ति केन्द्र में ही धान बेचने के लिए जागरूक करें। ताकी जिले के किसान अपना धान बिचैलिए के माध्यम से अथवा खुले बाजार में न्युनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर या ओने पोने दाम पर धान की बिक्रि नही करें।मौके पर उक्त अधिकारी के अलावे किसान मित्र काजल रजवाड़, मुख्तार अली, गौतम मंडल, मुकेश घोष, सहित आसपास के गांव के किसान मित्र उपस्थित थे।

# कस्टमर सपोर्ट का झांसा देकर करते थे ठगी, पुलिस ने 6 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता**

**जामताड़ा ।** साइबर अपराध के विरुद्ध जामताड़ा साइबर थाना पुलिस की लगातार कार्रवाई में शुक्रवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर, जयन्त तिर्की के नेतृत्व में एसआई प्रकाश सेठ, प्रशांत कुमार, एएसआई हिन्दु उराँव व अन्य पुलिसकर्मी को शामिल करते हुए करमाटांड़ थानान्तर्गत ग्राम काशीटांड़, चन्दरूडीह एवं नारायणपुर थानान्तर्गत ग्राम नावाडीह में साइबर अपराधियों के विरुद्ध छापामारी किया गया। मामले का खुलासा एसपी डॉक्टर एहतेशाम वाकरीब ने साइबर थाना में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उपरोक्त स्थलों पर साइबर अपराधियों का जमाबरा हुआ है और यह लोग ठगी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। उसके बाद टीम गठित



करते हुए छापेमारी की गई जहां से फुरकान अंसारी, महबुब अंसारी, फरहान असारी, तनीफ हुसैन, चन्दरूडीह चारों थाना करमाटांड़ वही अरशद असारी, अबुल हसन, दोनों ग्राम नावाडीह, थाना नारायणपुर को फर्जी मोबाईल, सिमकार्ड, एटीएम कार्ड, चेकबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोटरसाईकिल के साथ पकड़ा गया। बताया कि इस संबंध में इनके विरुद्ध जामताड़ा साइबर अपराध थाना कांड संख्या 77/24 दर्ज किया गया है।

शुक्रवार को सभी अभियुक्त का मेडिकल जांच करवा कर जामताड़ा कोर्ट में पेश किया गया जहां से न्यायिक अभीरक्षा में सभी को मंडल कारा जामताड़ा भेज दिया गया है। इन अपराधियों के पास से कुल 16 मोबाईल, 18 फर्जी सिमकार्ड, 3 एटीएम कार्ड, 02 चेकबुक, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड एवं एक मोटरसाईकिल बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि यह सभी अपराधकर्मी कस्टमर सपोर्ट एप का फाइल लोगों को भेजते है, कस्टमर द्वारा इंस्टॉल करने पर उनका खाता नम्बर यूपीआई से लिंक होने पर उनके खाता से पैसा ठगी करते हैं। साथ ही गूगल में टाटा कार्ड लिखकर लॉगिन करते है एवं कोई 10 डिजिट नंबर डालकर वैलिड क्रेडिट कार्ड नंबर के धारक का पता लगाकर उनकों कॉल कर अपने झांसा में लेकर साईबर ठगी करना। तथा पीएम योजना का लाभ दिलाने हेतु एपीके फाइल को लाभार्थी को भेजते है तथा इंस्टॉल करने तथा एलाउ करने पर उनके मोबाइल का स्क्रिन शेयर अपराधी के पास चला जाता है उसी दौरान साइबर ठगी करता था। इन अपराधियों का कार्यक्षेत्र मुलत~ पश्चिम बंगाल, बिहार, आन्ध्रप्रदेश, महाराष्ट्र है।

## निर्यात प्रोत्साहन समिति एवं पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की समीक्षा बैठक

गोड्डा ~ समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान जिले में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भगैय्या का सिल्क उत्पाद, बसंतराय का बैच एवं मेहरमा का आम से संबंधित विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। वहीं बैठक में डीजीएफटी कोलकाता द्वारा निर्यात को बढ़ावा देने हेतु हर संभव सहयोग प्रदान किया गया। इसके अलावा बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र गोड्डा द्वारा झारखंड एक्सपोर्ट पॉलिसी 2023 निर्यातक इकाइयों हेतु अंकित सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। वहीं उपायुक्त के द्वारा समीक्षा के दौरान निर्यात से संबंधित एक वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश दिया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र गोड्डा सहित उद्योग विभाग के कर्मी आदि मौजूद थे।

## सृजन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन




मिहिजाम~ पालबगान स्थित सृजन पब्लिक स्कूल मिहिजाम ने अपने परिसर में बहुप्रतीक्षित वार्षिक उत्सव 2024 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक दुमका डॉ गोपाल कृष्ण झा और विशिष्ट अतिथि रमा झा, डॉ बिरेंद्र पांडे, बिनोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या सीमा तिवारी विद्यालय में मौजूद थीं। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं, सृजनात्मकता और कलात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चे रंग-बिरंगे परिधानों से सुसज्जित होकर अत्यंत मनमोहक लगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ गोपाल कृष्ण झा ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच है। उन्होंने बच्चों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें आगे भी इसी तरह की प्रतिभा और उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और अभिभावकों ने भी भाग लिया। सभी ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय सालुका में चित्रांकन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

संवाददाता नाला (जामताड़ा)-- गेड़िया शैक्षणिक अंचल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सालुका में शुक्रवार को विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद ताती ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बारघरिया सीआरसी के सीआरपी समीर महतो उपस्थित थे7मौके पर श्री महतो ने कहा कि प्रतियोगिता कोई भी हो बच्चों को लगन प्रयास एवं मेहनत के साथ हिस्सा लेना चाहिए प्रतियोगिता के द्वारा शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन होता है। कई बच्चे प्रतियोगिता से घबराते हैं एवं हिस्सा लेने से कतराते हैं ।जिससे उनके शैक्षणिक विकास में बाधा पहुंचता है ।इस अवसर पर सहायक अध्यापक नैनी प्रसाद गोराई ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिताबीच-बीच में आयोजन करने से बच्चों में उत्साह एवं पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है ।कहा कि जिस विद्यार्थी की जीवन में कड़ी मेहनत एवं संघर्ष हो वह हर तरह का प्रतियोगिता में सफल होता है। कहा कि किसी भी व्यक्ति या विद्यार्थी को सही सोच सही समय एवं सही तरीका से कार्य करना चाहिए फल स्वरुप सफलता उसके कदमों को चूमेगी। कहा कि जिस तरह सोना को शुद्ध एवं चमकीला बनाने के लिए उसे आग में तपान पड़ता है इस तरह विद्यार्थी को मेहनत प्रयास एवं लगन के साथ काम करने से सफलता हासिल होती है ।कहा कि किसी भी विद्यार्थी को आलस एवं समय को नहीं टालना चाहिए नहीं तो उन्हें किसी भी काम में सफलता नहीं मिलते हैं जो विद्यार्थी वक्त को बर्बाद करते हैं उसे एक दिन वक्त बर्बाद कर देते हैं। चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी झुमा पाल, जिया मनी मंडल एवं रिया बाउरी को सीआरपी समीर महतो एवं सहायक अध्यापक नैनी प्रसाद गोराई ने शैक्षणिक सामग्री देकर पुरसका दिया गया। पुरस्कार मिलने पर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा ग

## राजद और माले ने जलाया गृहमंत्री का पुतला



**कुंडहित (जामताड़ा)** शुक्रवार को कुंडहित बस पड़ाव में राजद के प्रदेश सचिव अशोक माजी की अध्यक्षता तथा हटिया मैदान में भाकपा माले ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इस दौरान श्री माजी ने बताया की भारतीय संविधान के जनक डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर के बारे में गृह मंत्री अमित शाह ने जो भ्रत्सना किया है वह काफी निंदनीय है। कहा की बाबा साहेब के बारे में की गयी टिप्पणी भारतीय संविधान और देश की सामाजिक धारा के खिलाफ है। उन्होने इस टिप्पणी को लोकतंत्र और भारतीय समाज के लिए अपमानजनक बताया। कहा की इस तरह की टिप्पणी से भारतीय लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। मौके पर राजद प्रदेश सचिव अशोक माजी, प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र हेम्बरम,श्यामाद माजि, दक्षिण माजि,अमृत मंडल, बिष्णु मंडल, विश्वजीत मंडल, संदीप डेकारों के आदी उपस्थित थे।

## सिकल सेल एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन हेतु गठित जिला स्तरीय उपसमिति की बैठक

गोड्डा ~ समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के निदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ0 अनंत झा ने सिकल सेल एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन हेतु गठित जिला स्तरीय उपसमिति की बैठक आहूत की। बैठक के दौरान सिविल सर्जन गोड्डा के द्वारा जानकारी दी गई कि सिकल सेल एनीमिया वंशानुगत विकारों के एक समूह में से एक है। जिसे सिकल सेल रोग के रूप में जाना जाता है। यह लाल रक्त कोशिकाओं के आकार को प्रभावित करता है, जो शरीर के सभी भागों में ऑक्सीजन ले जाते हैं। मुख्य रूप में लाल रक्त कोशिकाएं गोलाकार होती है। लेकिन सिकल सेल में लाल रक्त कोशिकाएं हंसुआ की तरह हो जाती है। इससे पूरे शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति पर्याप्त रूप से नहीं होती। इससे मरीज मंदबुद्धि, कमजोर समेत अन्य चीजों से ग्रसित हो जाते हैं। जन्मजात मानी जाने वाली सिकल सेल एनीमिया की जांच अब नियमित रूप से गर्भवती महिलाओं की भी होगी। सिविल सर्जन के द्वारा इस संबंध में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र में आने वाली गर्भवती माता को एंटी नेटल चेकअप में सिकल सेल एनीमिया की जांच भी करनी है। इसके लिए सभी जगह पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराए जाएंगे। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गण सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मी गण मौजूद थे।

## चितरंजन कान्वेंट में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**मिहिजाम ।** चित्तरंजन स्थित सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हाई स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष ÷उड़ान÷ विषय पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ इस खेल प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि सीएलडब्ल्यू के डिप्टी जीएम उत्तम कुमार मैती उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल के सचिव फादर अरविंद, स्कूल की प्रधानाध्यापिका सिस्टर प्रियंका, रूपनारायणपुर डीएवी स्कूल के प्रधानाध्यापक संजय मजूमदार सहित स्कूल के अन्य शिक्षक, चितरंजन पुलिस प्रतिनिधि, चिरेका आरपीएसएफ अधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। राजबाड़ी, सीधाबारी की सिस्टर और आसनसोल तथा अन्य केन्द्रों के फादर भी मौजूद थे। एनसीसी से जुड़े बच्चों ने संपूर्ण वेशभूषा में सुसज्जित होकर बैंड बाजे के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। कॉन्वेंट द्वारा आयोजित इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने अलग-अलग खेलों में अपनी प्रतिभा का जमकर प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि अभी के समय में खेल महज एक खेल के रूप में ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इस क्षेत्र में करियर बनाने की भी अपार संभावनाएं निहित हैं । उन्होंने कहा कि बच्चे जिस भी खेल में अपनी रुचि रखते हैं उसी में बेहतर करने का प्रयास करें, क्योंकि आज सभी तरह के खेल खिलाड़ियों को विश्व पटल पर पहचान बनाने का अवसर प्रदान करता है। यह वार्षिक खेल प्रतियोगिता बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

## बच्चों के साथ प्रार्थना सभा में विभिन्न बिंदुओं पर करें चर्चा ~ जुगनू मिंज



कुंडहित ( जामताड़ा)शुक्रवार को आईटीडीए परियोजना निदेशक जुगनू मिंज ने कुंडहित प्रखंड के आदिम जनजाति आवासीय विद्यालय हेतु जमीन निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रखंड अंतर्गत कालीपाथर एवं आसानलिया मौजा में विद्यालय भवन के लिए जमीन का निरीक्षण किया गया। जमीन निरीक्षण के बाद कुंडहित सिंहवाहिनी प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर के अंदर बालिका छात्रावास में चल रहे आदिम जनजाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पढ़ रहे हैं बच्चों से विभिन्न तरह प्रश्न उत्तर पूछा गया। जहां बच्चों ने सहज और सरल तरीके से कुछ प्रश्नों का उत्तर दिया गया। इस दौरान श्री मिंज ने उपस्थित शिक्षक से बच्चों के बीच नियमित क्विज प्रतियोगिता तथा विभिन्न तरह की प्रश्न उत्तर का परीक्षा लेने को कहा गया। साथ ही बच्चों को प्रार्थना सभा के दौरान स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी का नाम सब्जियों के नाम, फलों का नाम, जिला अधिकारी को नाम आदि बिंदु पर जानकारी देने को कहा गया । ताकि बच्चों को यह जानकारी हो जाएगा वह कौन जिला में रह रहे हैं तथा उसे जिले के अंदर कितने अधिकारी एवं कौन-कौन अधिकारी हैं।वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिनोद खबाड़े से विद्यालय में शिक्षक एवं बच्चों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त हुई । इस दौरान पत्रकारों द्वारा पूछा जाने पर बताया आदिम जनजाति विद्यालय के लिए कुंडहित में दो स्थानों में जमीन का निरीक्षण किया गया। लेकिन जमीन का अंचल कार्यालय से रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू किया जाएगा। बता दें कुंडहित में आदिम जनजाति विद्यालय जर्जर हो जाने पर जिला अधिकारी द्वारा सिंहवाहिनी प्लस टु उच्च विद्यालय के बालिका छात्रावास पर बीते 11अगस्त 2022 से विद्यालय का संचालन हो रहा है। मौके पर आईटीडीए के अलावे प्रधानाध्यापक बिनोद खबाड़े,राजस्व कर्मचारी संदीप हेम्बरम एंव विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## किराना दुकान में शार्ट सर्किट से लगी आग, सारा सामान जलकर राख

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता हनवारा, गोड्डा/** थाना क्षेत्र के भरवोचक गाव में किराना दुकान में आग लगने से दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना बृहस्पतिवार की देर रात करीब 12 बजे एक किराना दुकान में घटी। जहां शार्ट सर्किट से आग लगने के कारण दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार सरफराज आलम रात करीब दस बजे दुकान को बंद कर अपने घर चले गए थे। उसी दौरान शार्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान के अंदर से धीरे धीरे धुंआ निकल रहा था। जिसके बाद आसपास के लोगों को आग लगने का पता चला। दुकान में किराना का सारा सामान सिलाई मशीन इंटरलॉक मशीन फ्रिज कपड़ा और किरण का सारा सामान व अन्य घरेलू सामान था। वहीं ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दुकान वाले को दिया लगभग 4~00 बजे सुबह दुकान के अंदर से धुआं निकल रहा था दुकान खुला तो देखा कि दुकान जल कर राख हो गया था । जो आग को बुझाया। लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया था। दुकानदार सरफराज आलम ने बताया कि दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। पूरा परिवार दुकान पर ही निर्भर है। करीब एक लाख का सामान जलकर राख हो गया है।

## जिला प्रशासन के पहल पर निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश हेतु स्क्रीनिंग टेस्ट का होगा आयोजन

**गोड्डा ।** जिला प्रशासन द्वारा झारखण्ड लोक सेवा आयोग के माध्यम से आयोजित की जानेवाली एसएससी/जेएसएससी/आरआरबी/आईबीपीएस एंड अदर सिमिलर गवर्मेंट कॉम्पटीटिव एग्जाम की तैयारी कर रहे गोड्डा जिले के अभ्यर्थियों को जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, गोड्डा के सौजन्य से निःशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन की योजना चलायी जा रही है। निःशुल्क कोचिंग के संचालन हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी, गोड्डा को कार्यकारी एजेन्सी के तौर पर प्राधिकृत किया गया है। इसके अंतर्गत पुराना समाहरणालय भवन में नई दिल्ली के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान एसपीएम आईएएस अकादमी गुवाहाटी के द्वारा अधिकतम 02 बैच में अभ्यर्थियों को अभ्यर्थियों को कोचिंग सुविधा प्रदान की जायेगी। प्रारंभिक परीक्षा हेतु 04 माह, मुख्य परीक्षा हेतु 05 माह एवं रीविजन और टेस्ट के लिये 03 माह की अवधि को मिलाकर एक बैच की अवधि 12 माह होगी।

निःशुल्क कोचिंग योजना के लिये उम्मीदवारों की पात्रता स्थानीयता अभ्यर्थी गोड्डा जिला का स्थायी निवासी होना चाहिए। आय सीमा उम्मीदवार की आय (स्वयं की आय या माता-पिता की आय, यदि उन पर निर्भर हो तो) अधिकतम 08 लाख प्रतिवर्ष होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता यह योजना स्नातक उत्तीर्ण या स्नातक अंतिम वर्ष में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं के लिये लागू होगी, जिन्होंने मैट्रिक एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं कक्षा में न्यूनतम 50त्र अंक अर्जित किया हो। स्क्रीनिंग टेस्ट हेतु आवेदन स्क्रीनिंग टेस्ट हेतु विहित प्रारूप में पात्र अभ्यर्थियों से ऑफलाईन एवं ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गए। वहीं आवेदन की तिथि 20-12-2024 से 03-01-2025 तक, ऑफ़लाइन आवेदन का लिंक https://forms.gle/Vhhcsvk&zBVLNEac{, ऑफलाइन आवेदन प्राप्त करने एवं जमा करने का स्थान डीएमएफटी कोषांग, द्वितीय तल नया समाहरणालय भवन, पाण्डुबथान, गोड्डा बताया गया।स्क्रीनिंग टेस्ट हेतु प्रवेश पत्र/परीक्षा का स्थान स्क्रीनिंग टेस्ट हेतु प्रवेश पत्र परीक्षा की तिथि से पूर्व पोर्टल पर जाकर आवेदकों द्वारा लॉग इन कर डाउनलोड किया जा सकता है। प्रवेश पत्र में ही परीक्षा केन्द्र एवं अन्य विवरणी उल्लेखित होगा। प्रवेश पत्र हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी, गोड्डा एवं जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट कार्यालय, गोड्डा (नया समाहरणालय भवन कमरा संख्या-223) में सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही दिए गए लिंक से भी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है।प्रश्न पत्र की प्रकृक्ति स्क्रीनिंग टेस्ट हेतु प्रश्न-पत्र 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का होगा, जिसका पूर्णांक 100 होगा। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। प्रश्न पत्र सामान्य ज्ञान पर आधारित होगा। निःशुल्क कोचिंग योजना और स्क्रीनिंग टेस्ट की तिथि एवं समय के संबंध में अतिरिक्त जानकारी के लिए जिला कल्याण कार्यालय, गोड्डा या बिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट कार्यालय, गोड्डा (नया समाहरणालय भवन कमरा संख्या-223) में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

## कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन गांधी परिवार के खिलाफ झूठे मुकदमे की निंदा



**जामताड़ा ।** जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को गांधी परिवार के खिलाफ झूठे मुकदमे और भारतीय जनता पार्टी की गिरती राजनीतिक स्तर को लेकर जोरदार रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा के रवैये की कड़ी निंदा की और गांधी परिवार के योगदान को रेखांकित किया। जिला कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया कि गांधी परिवार ने हमेशा देश को मजबूत करने और विकास की दिशा में योगदान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जिस सदन में आज भाजपा के नेता बैठते हैं, वह कांग्रेस पार्टी की देन है। भाजपा की ओर से राहुल गांधी पर लगाए गए झूठे मुकदमे को जनता सहन नहीं करेगी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि राहुल गांधी और डॉ. अंबेडकर का अपमान, असल में पूरे देश का अपमान है। यह न केवल कांग्रेस पार्टी, बल्कि देशवासियों की भावनाओं पर चोट है। भाजपा द्वारा लगातार राजनीतिक गरिमा गिराने की प्रवृत्ति ने लोकतांत्रिक मूल्यों को खतरे में डाल दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भाजपा के सांसदों का हालचाल जानने के लिए फोन किया, लेकिन उन्हें अपनी पार्टी के नेताओं को गरिमा बनाए रखने की सलाह भी देनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी यह स्पष्ट करना चाहती है कि झूठे आरोप और षड्यंत्रों का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। जनता भाजपा के इस कृत्य को कभी माफ नहीं करेगी। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष विजय दुबे, प्रभु मंडल प्रखंड अध्यक्ष दाऊद अंसारी, जिला कांग्रेस प्रवक्ता इर्शादुल हक, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सेवा दल के पूर्व उपाध्यक्ष हराधन भूमि, मधुसूदन चंद्र, अशोक नायक, बापी मंडल, रंजीत सिंह, बुलु चक्रवर्ती समेत कई लोग उपस्थित थे।

## संत गाडगे बाबा का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया



**चित्तरंजन।। संताल एक्सप्रेस।** पेट्रोल पंप के समीप बाबा साहब उद्यान में संत गाडगे बाबा के अनुयायियों द्वारा संत गाडगे बाबा का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। अनुयायियों ने बाबा के चित्र में माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर अनुयायियों ने कहा यह दिन उनके जीवन और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करने का अवसर है। संत गाडगे बाबा एक महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने अपना जीवन गरीबों और दलितों की सेवा में समर्पित किया था। उनका जन्म 23 फरवरी, 1876 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेडगांव में हुआ था। उनका बचपन का नाम डेबूजी था। वे एक अनपढ़ व्यक्ति थे, लेकिन उन्होंने अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल किया था। संत गाडगे बाबा ने अपने जीवन में कई महत्वपूर्ण कार्य किए थे। उन्होंने गरीबों और दलितों के बीच अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता को खत्म करने के लिए काम किया था। उन्होंने धर्म के नाम पर होने वाली पशुबलि, नशाखोरी, छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के विरोध में आवाज उठाई थी। उन्होंने समाज को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया था और स्वच्छता और चारित्रिक शिक्षा दी थी। संत गाडगे बाबा ने गाडगे महाराज मिशन की स्थापना की थी, जो आज भी समाज सेवा में कार्यरत है।

# संताल परगना थापना माहां 22 दिसंबर: मित् हाहाड़ा नागाम



**- सच्चिदानंद सोरेन**
(सोमाज सुसारिया, दुमका)

तोरजोमायिच्: संतोष हेमब्रम

22 दिसंबर दिन दो संताल परगना थापना माहां रूप रे मानावोक् काना। नोआ दिन दो नागाम आर आरीचाली लेकाते आडीतेत् गेमोहोतानाक् गेया चेदाक्जे नोआ दिन दो भारोत रेयाक् नागामसोंगे जोड़ाव मेनाक्आ। मेताक्मे तिन दो आदिवासीको आपनाराक् ताहेंन-तापाहेन, होक-आईदारी आर मान राखी जोगाव लागित्ब्रिटिशकोवाक् सासोन सोंगे आडी माराङको लाड़हाई लेना। संतालहुल 1855 रेयाक् लाड़हाई खातिर गे, ब्रिटिश सरकार दो संतालपरगना जुतुम ते मित् आलाग तोलहांट बेनाव होयेन ताया। नोआ टोठादो आसोकायते संताल आदिवासीकोवाक् होक-आईदारी, आरीचाली, सोमाज आर जागा-जुमी रेयाक् आईदारी बांचाव दोहोय लागित् बेनावलेना।

**संताल परगना रेयाक् लाड़हाई:** संताल परगना गोठोनाकान रेयाक्आसोल रेहेत् दो 1855 रेयाक् संताल हुल सोंगे जोड़ाव आकान मेनाक्आकादा। नोआ हुल दो ब्रिटिशकोवाक् सासोन, नोंडेनको जमींदार आरमाहाजोनकोवाक् कोचलोन खोन रूखिया जाम लागित् ते सिदो मुर्मू,कान्हू मुर्मू, चांद मुर्मू, भैरव मुर्मू, फुलो मुर्मू आर झानो मुर्मू ताकोवाक् आयुर रे हूल दो होय लेना। नोको हुल आक्युरको हुलगारिया दो मित् घारोंज रेन गेको ताहेंकना। होड़होपोनाक् जुमी-जायगा, बीर-पाकाड़ आर आपासुलोक् जिनिसको बांचाव दोहोय लागित्को मित्जुट एना आर ब्रिटिशाक् सासोन दोमबड़ाव लागित् ते मित् माराङ लाड़हाईको एहोप् केदा।

**हुल रेयाक् कारोन:** 1. जागा-जुमी हाथियाउः ब्रिटिश सरकारआर जमींदार दो होड़ होपोनको चास-आबादेत्कान आबोल-आबोलजुमी रेरेच्को एहोप् लेदा। 2. माहाजोनकोवाक् कारजाः माहाजोनआर साहूकार दो आदिवासीको कारजा रेयाक् झाली रेकोझालीयेत्को ताहेंकाना आर ओनकोवाक् जुमीको रेचेत्एत्कोताहेंकाना। 3. टैक्स आर पुलिसकोवाक् कोचलोनः आदिवासीको उपाररे टैक्स दो आडी जासतीको लागाव आकात् ताहेंकाना आर नोआ उपार रे रोरोड़को होड़ दो पुलिस होतेते खुप्को कोचलोनेत्को ताहेंकाना। 4. आरीचाली लापलुंडीयः आदिवासीकोवाक् ताहेंन-तापाहेन, निराला आरीचाली आर काउडीबेबोसता बेदोल रेयाक्को कुरूमुटूयेत्कान ताहेंकाना। 4. मायजीवको उपार रे बापुड़िच् नोजोरः अंग्रेज आर पुलिस दो आदिवासी मायजीव से तिरला होपोन दो बाड़िच् नोजोर तेको कोयोक्एत्को ताहेंकाना।

**संताल हुलः नागाम रेयाक् मित् ञेनेल**

30 जून 1855 हिलोक् 30 हजार खोन हों जासती होड़ दो झारखण्डरेयाक् साहेबगंज जिला रेयाक् भेगनाडीह आतो रेको जारवायेना आर सिदो मुर्मू आर कान्हू मुर्मूवाक् आयुर रे ब्रिटिश सासोन आरमाहाजोन ठेन खोन रूखियाक् लागित् हूल सेंगेकिन जोल केदा। नोआ सेंगेल दो आडी उसारा गे माराङ हुल रे बोदोलेना आर ओनकालेका ब्रिटिश सरकार दो पाहिल धाव मार्शल लॉ लागू होयेन ताया। उन ओकते हजार-हजार आदिवासीको गोच् ओचोयेना। नोआ लाड़हाई गे''संतल हुल'' जुतुम ते बिकाउ एना। नोआ रे आयमा होड़ होपोनमित्जुम काते लाड़हाई रेको सेलेत् एना। नोआ लाड़हाई रे आयमागातांक रेन होड़ हों सामाङ आर से देया सेच् खोनको गोड़ोयेना।तायोम ते नोआ लाड़हाई दो ब्रिटिश सरकारे दोमबड़ाव केदा,मेनखान ब्रिटिश सरकार होंय हिलाउ उतारेना आर नोआ तोलहांट रेयाक् राजआरी रे दोड़हा ते हुदिस-गांडोनोक् लागित्एन्हाचारेना।

**संताल परगना रेयाक् गोनोठेनः**

संताल हुल तायोम, ब्रिटिश सरकार दो नोवाय आटकार केदा जेआदिवासी काबुको लागित् दो एकेन सिपाहीकोवाक् जोर ते दो बाङहोयोक्आ। आदिवासीकोवाक् जुमी, राटेन बीर आर आरीचाली रेजासती मोने मेनाक् ताको ञेलते, ब्रिटिश सरकार दो मित्टेन नावां पोन्थाय हुदिस केदा। 22 दिसंबर 1855 हिलोक्, ब्रिटिश सरकारदो संताल परगना टोठा दो मित् आलाग ते प्रशासनिक जायगा रूप रेयगोठोन केदा। नोआ टोठा रेयाक् जुमी आर आरीचाली तेयाक्आईदारी राखी जोगाव लागित् ते संताल परगना काश्तकारी अधिनियम (संताल परगना टेनेंसी एक्ट) बेनावेना। संताल परगना काश्तकारी अधिनियम दो एकेन आदिवासीको उपार रे मोतो दो बाङ लागुक् काना, बिचकोम नोआ आन दो ओनको जोतो गैर आदिवासी चासीको आर जुमी मेनाक् होड़को उपार रे हों लागुक् काना, जाहांय दोसंताल परगना तोलहांट भितार रे जुमीय लाड़चाड़ेत्कान। नोआ रेयाक् आसोल जोस दो जुमी-जायगा रे आदिवासीकोवाक् होक-आईदारी राखी जोगाव रेयाक् ताहेंकाना, मेनखान नोआ रेयाक् नेयोम आर काथा दो गैर-आदिवासी चासीको उपार रे हों लागुक् काना।

**संताल परगना तोलहांट आर नोंडेनाक् राजआरीः**

संताल परगना तोलहांट दो लाहा खोन गे मित्टेन जिला ताहेंकाना ओका दो नित झारखंड रेयाक् तुरूई गोटेच् जिला रे हाटिञ आकानाः 1. दुमका (प्रमुख जिला आर संताल परगना रेयाक् मु यालय) 2. साहिबगंज 3. गोड्डा 4. पाकुड़ 5. जामताड़ा 6. देवघर। संताल परगना रेयाक् मूल काथाः नोआ तोलहांट रे जासतीकाय ते दोहोड़ होपोन गेको ताहेंनोक् काना। नोंडेनाक् आरीचाली आरआरीहोराको दो भारत रेयाक् हेड़ान धरोहर काना। आदिवासीकोवाक् एनेच्-सेरेञ आर लेक-लेकचार दो नोंडेनाक् सोमाज रेयाक् मित् हाटिञ काना। नोआ तोलहांट रे बिर-पाकाड़,दारे-नांड़ी आर खनिज संपदा दो आडी ढेर मेनाक् आकादा।
(तोंगेक्आ)

# गिरिडीह चौकीदार बाहाली रे एससी जातकोवाक् मित्टेन हुदा हों खाली गे बाङ



**गिरिडीह।** जिला लायते गोटा झारखंड रे चौकीदार रेयाक् बहालीकामीहोरा दो चालाक् काना। एनरेहों एससी जात लागित् तेमित्टेन हों हुदा दो खाली बानुक्आ। एनखान झारखंड रे एससी जाताक् लेखा दो 12 खोन 15 परसेंट मेनाक्कोआ। ओना इयाते विभागआर सरकार होतेते एससीको लागित् सीट दो जोड़ाव कातेक् आबार ते बाहाली कामीहोरा होयोक् जारूड़काना। ओना ते बेरोजगारजुवानको दो रोजगारको जाम दाड़ेयाक्आ। आर गाखुड़ान होड़ाक् मेमेन काना जे पाहिल एससी जात दो चौकीदार बाहाली रे काटिच्जात लागित् ते माड़ाङ रे धेयानाकोकान ताहेंना। मेनखान नितनोङकान चेत् कानून बेनावेना जे ओका दो एससी जात दो चौकीदार बाहाली कामीहोरा खोनको बारोन केत्कोआ। सरकार आर विभागदो नोआ मामला रे उसारा ते एक्शनकिन हाताव मा।

# अंबेडकर उपार घमासान,विपक्ष रेन सरकार उपार हमला, विपक्ष दोको ओडोक केदा मार्च

खोबोरिया

**नावां दिल्ली।** संसद रेयाक् शीतकालीन सत्र रे सोकोलवार हिलोक् होंअंबेडकरआक् जुतुम रे विवाद ताहें इदीयेना। केंद्रीय गृह मंत्री अमितशाहवाक् बाबा साहेब डॉ बीआर आंबेडकर उपार रे टिप्पणी दो राजनीतिक माहौल ए लोलो आकादा। विपक्ष दो राज्यसभा रे विरोध सोदोर तुलुच्को खोज आकादा जे गृह मंत्री दो आयाक् रोड़ बयानलागित् इकाई खोज मा आर हुदा खोन इस्तीफाय एम मा। कांग्रेस सांसद आर लोकसभा रे विपक्ष रेन नेता राहुल गांधी खिलाफ धक्का-मुक्की कांडरे एफआईआर होयोक् इदीकाते कांग्रेस दो नोआ राजनीतिक प्रतिशोधए मेनावाकादा। वायनाड



खोन कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी दो नोआ रेसायगात् गेय रोड़ केदा आरे मेन केदा, नोआ दो सरकाराक् हताशाय उदुक्एत् काना। राहुल गांधी उपार एड़े आरोपको लागावेत् काना आर नावां-नावां एफआईआर लालिसेत् काना। इंडिया गठबंधन रेन सांसदको दो संसद छाटका खोन विजय चौक हाबिच् मार्च ओडोक तुलुच्सरकार खिलाफ विरोध प्रदर्शनको ओडोक आकादा।

विपक्ष दो केंद्रीयमंत्री अमित शावाक् रोड़ताय असंवैधानिकको लाई केदा आर नोआ दोआंबेडकराक् विचारको रेयाक् ओपोमानको मेतावादा। प्रदर्शन रेकांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आप आर एटाक् विपक्षी दोल रेन सांसदकोसेलेत् आकाना।

नोआ सांवते गे विपक्ष दोको खोज आकादा जे अमित शाहकाई खोज मा आर इस्तीफाय एम मा। राहुल गांधी खिलाफ दर्ज एफआईआरदो तुरांत रूवाड़काक् मा। सत्तापक्ष दो विपक्षआक् आरोप खारिजतुलुच्को मेनाकादा जे सरकार दो जावगे लोकतांत्रिक दामान रेयाक्ए मानोत आकावादा आर जोतो मुद्दा रे गालमाराव लागित्ए तेयार गेया। विरोध आर बोकोस ताला संसद रेयाक् माहौल लागातार लोलो आकाना।

# चितरंजन कान्वेंट रे बाछड़ी खिलाडदाड़ हापाराव ओराम एना


खोबोरिया

**जामताड़ा।** चित्तरंजन रे मेनाक् सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हाई स्कूल रेबाछड़ी खिलाडदाड़ हापाराव ओराम एना। निया बोछोर 'उड़ान' विषयरे बाछड़ी खिलाडदाड़ हापाराव ओराम एना। नोआ खिलाड हापाराव रेआसोल पेड़ा सीएलडब्ल्यू रेन डिप्टी जीएम उत्तम कुमार मैतीये सेलेत्एना। खास पेड़ा रूप रे दो स्कूल रेन सचिव फादर अरविंद, स्कूल रेनप्रधानाध्यापिका सिस्टर प्रियंका, रूप नारायणपुर डीएवी स्कूल रेनप्रधानाध्यापक संजय मजूमदार घालोक् स्कूल रेन एटाक् शिक्षक,चितरंजन पुलिस प्रतिनिधि, चिरेका आरपीएसएफ अधिकारी, आयमा बैंकरेन प्रतिनिधि होंको सेलेत् लेना। राजबाड़ी, सीधाबारी रेन सिस्टरआर आसनसोल आर



एटाक् केन्द्र रेन फादर होंको ताहेंकाना। एनसीसीसांव जोड़ाव गिदरा दो पुराउ वेशभूषा रे साजाव काते बैंड बाजावसांवते कामीहोरा रे सेलेदोक्को आसोल पेड़ाको आताङ दारामकेत्कोआ। पेड़ा दोय मेन केदा जे गिदरा दो जाहांटाक् खेल रे आयाक् मोनेय दोहोयेत् काना ओना रे मोंज ते कुरूमुटूयपे।चेदाक्जे तेहेञ जोतो लेकानाक् खेल खिलाड़ीको विश्व पटल रे उपरूम बानाव रेयाक् ओपसोरे एमावाको काना।

# पिकनिक मौसम हिजुक् साँवते गे खूंटी रेन होड़को कुसीक् काना



खोबोरिया

**खूंटी।** झारखंड रेयाक् खूंटी जिला रे पर्यटन ठांव आडेपासे ताहेंनआतो होड़को कुसीक् काना। नवंबर चान्दो खोन गे जिला रेयाक्पेरवांघाघ, पंचघाघ, सप्तधारा, रानीफॉल, पांडूपुडिंग, चंचला घाघ,बाघलता घालोक् एटाक् पर्यटन ठांवको रे ञेलानियाको जुटावक्काना। पर्यटन ठांव आडेपासे रे ताहेंनको आतो होड़ दो पिकनिकरेयाक् नोआ मौसमको तांगीयेत् काना। पर्यटन समितिको आर ओना रेनरासियाको नवंबर खोन फरवरी हाबिच् लाख टाका कामाव होयोक् काना। नवंबर खोन फरवरी चान्दो हाबिच् खूंटी जिला रेयाक् जोतो पर्यटन ठांव रे दिनाम दिन सेताक् बेला इराल बजे खोन आयुप् बेलामोड़ें बजे हाबिच् टोठारिया आतोतेयाक् गुलगुला, चाय पकौड़ी,मुरही, चाट मसाला, गोलगप्पे, चिकन, मटन, होटल, सुनुम साबुन, इडली,मडुवा रोटी, हस्तशिल्प खोन मुटामुटी जारूड़ोक् मिमित् जिनिसरेयाक् दुकानको लागावेत् काना।

पेरवांघाघ जलप्रपात रे भुट दुकान लागावान फिलोमिना टोपनोय मेनेत् काना जे होड़ो गेत् चाबा तायोमपोन चान्दो हाबिच् मोंज रोजगार जामोक् काना। उनी दोय लाईकेदा जे जोतो लेकानाक् दुकान नोण्डे लागाक् काना। पेरवांघाघरे गे सुनुम साबुन आर एटाक् मनिहारी दुकान लाक्गाविच् मरकुसभेंगरा दोय मेनेत् काना जे पिकनिक मौसम आडीय तांगीयेत् काना।उनी दोय मेन केदा जे खूंटी जिला रेयाक् तोरपा प्रखंड प्रकृति दोपेरवांघाघ, पांडुपूडिंग, सप्तधारा, चंचला घाघ, सिडिंग घालोक्एटाक् पर्यटन ठांव उपहार रूप रेको एमावाक् काना। पतकारा रेनप्रदीप केसरीये मेनेत् काना जे तोरपा आर रनिया प्रखंड रेयाक् पर्यटन ठांव रे सुबिता ओभाब ते कोम गे होड़को हिजुक् काना।पिकनिक स्पॉट रे सेनोक् लागित् मोंज सोड़ोक हाबिच्बानुक्आ। जुदी हिजुक् चालाक् सुबिता ताहेंना तोबे बोछोर भोरञेलानियाको नोण्डेको हिजुक्आ आर टोठारिया होड़ रोजगाररेयाक् ओपसोरको जामा। पेरवांघाघ रेन पर्यटन मित्र इंद्र सिंहदोय लाई केदा जे पेरवांघाघ रे गंदगी माईला रोकाव लागित् पर्यटन मित्र निया धाव पर्यटकको गारबेज बैग निःशुल्क एमावाकोआ।पार्किंग शुल्क सांवते गे नोआ बैग फ्री ते एमावाकोआ। पर्यटक नोआ रे अवशेष जिनिस दोहो काते मित्ठेनको डाङ जावराया जेमोन बाङमाईलाक्। उनी दोय लाई केदा जे जाव बोछोर लेकागे दिनामदिन नोण्डे दो साफाय होयोक्आ। तोरपा प्रखंड रेयाक् पांडूपुड़िंग, चंचला घाघ, रनिया प्रखंड रेयाक् उलूंग जलप्रपात, मुरहू प्रखंड रेयाक्पंचघाघ जलप्रपात, रिमिक्स फॉल, रानीफॉल रे ञेलानियाको मोंज गेको जुटावक् काना। नोआ ते टोठारिया होड़ आडी कुसीक् काना।

# म्यूजिक कंपोजर रिकी केज दो फिलिम बाछाव रे कुकलीय राकाप् केदा

खोबोरिया

**मुंबई।** आस्कर 2025 लागित् ते भारतीय मयूजिक कंपोजर रिकी केज दो फिलिम बाछाव रे कुकलीय राकाप् केदा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स रे मित्टेन पोस्ट शेयर तुलुच् रिकी केज दो फिल्म रेयाक् ऑस्कार रेस खोने ओडोकेन तेय आड़िसेना आर भारत रेयाक् फिल्म बाछाव कामीहोरा दोय नसाड़ाउ केदा। भारत रेयाक् अधिकारीऑस्कर सिरफ आकादमी रे कोल आकात् 97 धावाक् 'लापता लेडीस' दोइंटरनेशनल श्रेणी रे जायगा बाय जाम लेदा, ओना इयाते आसकेतआकान रिकी केज दो 'लापता लेडीस' रेयाक् पोस्टर सोंगे मित्टेन नोट पोस्ट तुलुच्ए ओल आकादा जे नोआ दो मित्टेन आडी मोंजआर इंटरटेनमेंट फिल्म काना, ओका दो इञ व्यक्तिगत रूप तेञकुसीयाकावादा। मेनखान



इंटरनेशनल फीचर फिल्म श्रेणी रे भारत रेयाक् आयुर लागित् ते नोआ रेयाक् बाछाव दो गलत गे ताहेंकाना। उनी दोय मेन केदा जे नोआ दो हाहाड़ा काथा दो बाङ ताहेंकाना जे भारत दो जाव बोछोर गे मोंज फिल्म बाय बाछावेदा। उनी दो आयाक् पोस्ट रे नोआ होंय बोरनोन केदा जे भारतीय फिल्म इडस्ट्री दो आसोलरूप ते 'मेनस्ट्रीम बॉलीवुड' रेयाक् बुलबुले रे फसावाकाना, ओका दो एकेन ओना फिल्मको कुसीवाकाना, ओका दो ञेल होड़े लुभावेत्कोआ, मेंनखान अकादमी लागित् वोटिंग रे नोआ रेयाक्मोंज ते बाङको बाछावेत् काना। केज दो नोआ सोलहाय एमना जे भारतसरकार दो नोङकान फिल्मे बाछाव जारूड़कानताया। रिकी केज दो लाहासेच्ए मेन केदा जे इञ ओना फिल्मे बाछावेत् काना ओका दो आपनारे रासका आईकाउ, मेनखान ओबो नोआ बुझहाउ जारूड़कानताबोनाजे अकादमी रेयाक् मान-मानोत जाम लागित् ते फिल्म रे मोंज एक्टिंगआर अंतरराष्ट्रीय लागित् ते नेहोर होयोक् जारूड़ काना। उनी दोनोआ होंय मेन केदा जे अकादमी रेन होड़ पासेच् एकेन फिल्मरेयाक् पोस्टर ञेल ते गे नोआको रोदे काना। 'लापता लेडीस' इयातेरिकी केजाक् नोआ रेयाक् कामीहोरा उन जोखेन हेच् एना तिन रे फिल्म दो भारत रेयाक् आधिकारी रूप रे बाछाव लेत् ताहेंना। मेनखान दारायकान दिन लागित् ते 15 फिल्म रे जायगा बाय बेनाव दाड़ेयादा।

## फायरिंग मामला रे बारया बोदमासकिन साप् एना

**रांची।** खलारी थाना पुलिस दो फायरिंग मामला रे बारया बोदमास सोनालालमहतो आर दीपक कुमार उर्फ दीपको साप् आकात्किना। नुकिनाक्बाइक आर बारया मोबाइल फोनको जाकोड़ आकादा। थाना प्रभारी विजयकुमार सिंह दो सोकोलवार, लाई केदा जे खलारी रे अक्टूबर रे बोदमास दो शंकर महतोवाक् पुरनी राय रे मेनाक् ओड़ाक् रेकोफायरिंग लेदा। नोआ बाबोत रे बीकेएस तिवारी दोल रेन खिलाफ मामला लालिस लेना।

# झारखंड रेयाक् चौकीदार बहाली रे एससी सोमाज रेन होकको जाम : राजेश कुमार

खोबोरिया

**रांची।** झारखंड पोनोत रे चौकीदार हुदा लागित् ते बहाली कामीहोरा दो जारी गेया। मेनखान नोआ दो चिंता रेयाक् काथाकाना जे एससी (अनुसूचित जाति) जात लागित् ते मित्टेन हुदा होंखाली दो बानुक्आ। झारखंड रे अनुसूचित जाताक् लेखा दो मोटामुटी 12 खोन 15 प्रतिशत मेनाक्आ, एनरेहों ओनको दो नोआ बहाली रे जाहांन आयुर बाङको जाम आकादा। जेमोन झारखंड पोनोत भोर रे चौकीदार रेयाक् बहाली कामीहोरा दो चालाक् काना, नोआ पुसटाक् काना जे एससी जात दो बाङको धेयानको काना। आयमा लेकान गाखुड़ान होड़ाक् मेमेन काना जे पाहिलदो चौकीदार बहाली रे काटिच् जात दो माड़ाङ रेको धेयानाकोकान ताहेंना। मेनखान निया बोछोर रे नोङका बुझाक्काना जे आसोल कानून आर नीतिको कारोन ते एससी जात दो नोआ कामीहोरा खोन बाहरे रेको दोहो आकात्कोआ। नोङकान ओबोसता दो सामाजिक आर काउडी एसेर दो आडी गाहिर गेया। बेरोजगारी रेयाक् मुसकिल खोनको आड़िस आकान एससी जातरेन जुवान लागित् ते चौकीदार रेयाक् नौकरी मित्टेनमोहोतानाक् ओपसोर होय दाड़ेकोक्आ। ओना ते नोङको जात लागित् ते आसोल सीट रेयाक् हाटिञ बाङ एकेन ओनकोवाक् अधिकारलागित् ते दो आडी जारूड़ गेया। जेमोन ओनकोवाक् काउडीओबोसता रे सुधार लागित् ते दो आडी जारूड़ गेया।

# आदिवासी अधिकार मोर्चा रेन अध्यक्ष हाबिल मुर्मूवाक् आयुर रे हस्ताक्षर अभियान

खोबोरिया

**शिकारीपाड़ा।** नावां बेनाव मार्केट कांप्लेक्स दुकान कमरा हाटिञाको इदीकाते सोकोलवार हिलोक् आदिवासी अधिकार मोर्चा रेयाक् बैनर लातार मार्केट कांप्लेक्स छाटका रे हस्ताक्षर अभियानको चालाव केदा। नोआ दो सोमाज सेवी सह मोर्चा अध्यक्ष हाबिल मुर्मूए आयुर केदा। हस्ताक्षर अभियान रे नावां बेनाव मार्केट कांप्लेक्स, शिकारीपाड़ा रेयाक् दुकान कमरा हाटिञाको बाबोत दुमका जिला प्रशासन सामाङ नोवाको प्रस्ताव आर खोजको दोहो केदा। 1निहाली कमरा हाटिञ नियामारी आर कमरा हाटिञले विरोधएत् काना। ओना उसारा ते थुकुम काते दोहड़ा ते विचारपे। कमरा हाटिञ, 1932 रेयाक् टोठारिया खतियानधारीको लागित् जातिवार आरक्षण रोस्टर आधार रे गोटाक् मा। अ.जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति शिक्षित बेरोजगार कोड़ाको मेसो परियोजना



होते पूँजी एमावाको मा। पे लाख टाका 'एडवांस सिक्युरिटी मनी डिपोजिट' रेयाक् चाबाय आर जाव चान्दो, मिमित् कमरा रेयाक् मित् हजार टाका भाड़ा निट दोहोक् मा। नोआ ताक रे आयमा टोठारिया बुद्दीजिवीको दो आको आकोवाक् सुही कातेको सोमोरथोन केदा। नोआ ओकते हाबिल मुर्मू, संतोषहे ब्रम, एगनेश किस्कू, मोटका मुर्मू, अमित मुर्मू, शिवनारायण सोरेन, शिवलाल किस्कू, समर राय, राम रंजन, लखीन्द्र राय, पुलिन पहाड़िया, दीनबंधु पाल, भीम देहरी, कालीचरण पाल, चारू हे ब्रम, ज्योति टुडू, एगनासियुस सोरेन, कुशवा राणा, रामेश्वर सोरेन, रसोमुनी हाँसदा एमानको ताहेंकाना। मोर्चा रेन रासिया घालोक् आयमा लेकमान बुद्धीजिवीको हस्ताक्षर सुही अभियान रेको सेलेत् एना।

# पुलिस दो अफीम चासको नोसटो केदा



खोबोरिया

**रांची।** रांची पुलिस दो सोकोलवार हिलोक् साढ़े सात एकड़ जुमी रे चासा आकात् अफीम चासको नासाव गिडी आकादा। पुलिस अधीक्षक दो ग्रामीणरांची रेयाक् आयुर रे रांची जिला रेयाक् होर, अनगड़ा आर दशमफॉल थाना टोठा रे मिलाउकाते बेआईन तेयाक् अफीम चासकोनोसटो केदा। नोआ अभियान रे डीएसपी सिल्ली, एसडीपीओ बुंडू राहे, दशमफॉल आर अनगड़ा थाना प्रभारी सेलेत्को ताहेंकाना। सांगिञ बिरटोठा रेयाक् खेत रे अफीम इता मुटामुटी साढ़े सात एकड़ रेको नोसटो केदा, नोआ बाबोत रे मामला लालिस काते लाहा सेच् कार्रवाई होयोक् काना।

# हाईवा ते होयोक्कान ताहेंना गितिल गेमेर, हाजोत केदाको गाड़ी

खोबोरिया

**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिला रे बेआईनी गेलेच्, आर गेमेर दो नितपुरा-पुरी बोंदकाक् आर दुसीको उपार रे केटेच् कार्रवाईलागित् ते उपायुक्त चंदन कुमार हेतेते अधिकारीको योजनाबद्ध तारीका ते कामीय लागित् बातलाव आकात्कोआ।नोआ तोंगे रे खान निरीक्षक राहुल कुमार दो जारूममाहां हिलोक्गश्ती ओकते बाजारटांड़ ठेन मित्टेन हाईवा दो बेआईनी गितिलसालाक्ए साप् केदा। जांच रे जामेना जे हाईवा गाड़ी संख्या (जेएच 02एई 8022) रे 607 घनफिट गितिल लोड आकात्ए जाम केदा। नोआ हाईवा रे जांच पड़ताल होय एना मेनखान गितिल सागाड़ चालान



कागोच दो बाको जाम लेदा। ओना तायोम गाड़ी निरीक्षक दाराय ते प्राथमिकी दर्जआकाना।


## पूर्व रेलवे

**ई-ठिका खोबोर सं.: ओ-एसी-टी-153, 175 आर 179 खोन 181-24-25 (खुला), माहित 18.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते नोवाको कामी लागित् ई-ठिकाको (खुला) नेवतायेत् कानाः **क्रम सं. 1, केस सं.:** ओ-एसी-टी-175-24-25, **कामी रेयाक् जुतुमः** आसनसोल मंडल तारी रे आसनसोल (एएसएन), पानागढ़ (पीएएन), पाण्डवेश्वर (पीएडब्ल्यू), कालीपहाड़ी (केपीके), दुर्गापुर (डीजीआर), तापसी (टीओपी) एमान प्लेटफॉर्म रेपाइपलाइन आर सोंगे तेयाक् कामीको सांव-सांवते आरसीसी ओएचटैंकको होतेते बाड़िच् बाड़ावाकान टैंकको बोदोल लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 6,86,39,847.76, बायना पायसाः रु. 4,93,200/-, **क्रम सं. 2, केस सं.:** ओ-एसी-टी-153-24-25, **कामी रेयाक् जुतुमः** आसनसोल मंडल रे मधुपुर, बासुकीनाथ, बैद्यनाथधाम, बैद्यनाथधाम, देवघर, भलुआ, धनपतडीह, गिरिडीह, घोरमारा, जगदीशपुर, जामताड़ा,जोरामऊ, कुमड़ाबाद रोहिणी, कृष्ण बल्लभ सहाय हॉल्ट, ककबारा,महेशमुंडा, मदनकट्टा, मथुरापुर, नरगंजो, आरजे आर पानागढ़स्टेशनको रे नापाराको बाखरा न्यूनतम जारूड़ोक्आक् सुबिसताको लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 6,01,46,942.06, **बायना पायसाः रु.** 4,50,700/- **क्रम सं. 3, केस सं.:** ओ-एसी-टी-179-24-25, **कामी रेयाक् जुतुमः** वरिष्ठ डीईएन/2/आसनसोल तारी रे बाईसाउलेका रे बैद्यनाथधाम कॉलोनी रे इंजीनियरिंग, रनिंग, ऑपरेटिंगआर एस एंड डी स्टाफ बाखरा 8 यूनिट टाइप -II क्वार्टरको बेनाव लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 1,90,12,360.44, **बायना पायसाः रु.** 2,45,100/-, **क्रम सं. 4, केस सं.:** ओ-एसी-टी-180-24-25, **कामी रेयाक् जुतुमः** वरिष्ठ डीईएन/2/आसनसोल तारी रे कोचिंग डिपो मधुपुर रे शंटिंग नेक रेयाक् प्रावधान लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 2,11,05,119.46, **बायना पायसाः रु.** 2,55,500/-, **क्रम सं. 5, केस सं.:** ओ-एसी-टी-181-24-25, **कामी रेयाक् जुतुमः** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल तारी रे 16बीएन/आरपपीएसएफ/आसनसोल रे संलग्न टान्डीते ओड़ाक्/डाबराक् ओड़ाक्, दाकाय ओडाक् सांव-सांवते पुराउ ते साजाव आकात् 50 गोटेच् बेड (डबल बेड रूम) स्टाफबैरक बेनाव लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 1,89,78,725.64, **बायना पायसाः रु.** 2,44,900/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** क्रम सं. 1 लागित् 18 चान्दो आर क्रम सं. 2 खोन 5 मिमित् लागित् 12 चान्दो। **मुचात् तारीकआर सोमोयः** क्रम सं. 1 खोन 5 मिमित् लागित् माहित 13.01.2025 हिलोक् 12.00 बजे। पुराउ बिवरोन दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-278/2024-25

ठिका खोबोर दो वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

**नोंडे पांजालेपेः** @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# बोल्डर का रॉयल्टी भुगतान कर स्टोन चिप्स बनाने वाले खनन पट्टेधारियों से होगी अंतर राशि की वसूली

## बोल्डर का रॉयल्टी दर 132 रुपए प्रति घन मीटर तो स्टोन चिप्स में उपयोग पर दर 250 रुपए प्रति घन मीटर है

**● हाईकोर्ट के आदेश पर झारखंड सरकार ने ऐसे मामलों की समीक्षा कर अंतर राशि वसूली का निर्देश जारी किया**

सुमन सिंह

**दुमका ।** बोल्डर का रॉयल्टी भुगतान कर पत्थर का उपयोग स्टोन चिप्स बनाने में करने वाले खनन पट्टेधारियों से अंतर राशि की वसूली होगी।बोल्डर फॉर चिप्स मामले में झारखंड हाइकोर्ट के निर्देश के बाद झारखंड सरकार ने ऐसे सभी मामलों की समीक्षा कर राजस्व वसूली का निर्णय लिया है।झारखंड के दुमका, पाकुड़ सहित कई जिलों में बड़ी संख्या में खनन पट्टाधारियों ने खनन किए गए पत्थर का उपयोग स्टोन चिप्स में किया है जबकि रॉयल्टी का भुगतान बोल्डर के दर पर किया है।बोल्डर का रॉयल्टी दर 132 रुपए प्रति घन मीटर है जबकि बोल्डर का उपयोग स्टोन चिप्स के रूप में करने पर रॉयल्टी का दर 250 रुपए प्रति घन मीटर है।रॉयल्टी का यह दर 16 सितंबर 2019 को झारखंड सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना के बाद से लागू है।खनन पट्टेधारियों ने स्टोन चिप्स के रूप में उपयोग किये गए बोल्डर का रॉयल्टी का भुगतान 250 रुपए प्रति की जगह 132 रुपए प्रति घन मीटर का भुगतान कर एक-एक जिला में सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का चूना लगाया है।रॉयल्टी चालान की मॉनिटरिंग जिला खनन पदाधिकारी के स्तर से होती है।सरकारी राजस्व की क्षति के ऐसे मामलों में सितंबर 2019 से लेकर अब तक जिलों में तैनात रहे जिला खनन पदाधिकारियों की भूमिका भी जांच का विषय है।हालांकि अभी सरकार ने खनन पट्टेधारियों से ही राजस्व के अंतर राशि की वसूली का निर्णय लिया है।इस संबंध में झारखंड सरकार के अपर निदेशक खान, (निगरानी, प्रवर्तन,निरीक्षण एवं अनुश्रवण,रांची) ने सभी जिलों के जिला खनन पदाधिकारियों को झारखंड हाई कोर्ट के आदेश से अवगत कराते हुए ऐसे सभी मामलों की समीक्षा कर राजस्व वसूली की कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।



# संविधान भारत की सबसे ऊंची किताब, यह गीता, कुरान और बाईबल भी है : प्रदीप यादव

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**सरैयाहाट।** देश की संसद में गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर दिए बयान के खिलाफ सरैयाहाट में कोंग्रेस ने संविधान बचाओ देश बचाओ कार्यक्रम आयोजित कर विरोध जताया। इस दौरान पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने एक हाथ में भारतीय संविधान और दूसरे हाथ में मनुस्मृति ले भाजपा और आरएसएस पर जमकर प्रहार किया। प्रदीप यादव ने कहा कि आज देश के लोग आजादी के साथ अपनी अभिव्यक्ति को बोल रहे हैं उसका अधिकार भीमराव अंबेडकर के दिए संविधान से मिला है। संविधान के द्वारा ही सबको समानता का अधिकार मिला है। गरीबों की आर्थिक दशा बदलने के लिए संविधान के तहत ही सरकारें काम कर रही हैं। उन्होंने कहा संविधान आधुनिक भारत की सबसे ऊंची किताब है, यह गीता भी है, यह कुरान भी है और यह बाईबल भी है। प्रदीप यादव ने कहा कि आज अगर गुजरात के कपड़ा व्यवसाई का पुत्र देश का गृह मंत्री है तो वह भी इसी संविधान की वजह से है। लेकिन आज वही व्यक्ति बाबा साहब का खुलेआम अपमान कर रहा है। भाजपा के दिल में संविधान के प्रति जो भावना है वह अमित शाह के मुंह से निकली है। संविधान विरोधियों को देश की सत्ता में रहने का कोई हक नहीं इसलिए गांव की गलियों तक भाजपा का विरोध तब तक होगा जबतक देश की गद्दी पर संविधान के मानने वाले नहीं बैठ जाते। इस दौरान कांग्रेस के दुमका और गोड्डा जिला अध्यक्ष के अलावा अन्य नेताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।




# संताल परगना स्थापना दिवस पर कल होगा क्रॉसकंट्री दौड़

## पुरुष,महिला एवं मास्टर्स के लिए अलग अलग होगी प्रतियोगिता

**● नकद एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किये जायेंगे विजेता**

संवाददाता

**दुमका ।** 169वें संताल परगना स्थापना दिवस के अवसर पर गोटो भारोत सिदो कान्हू हूल वैसी, जिला खेलकूद संघ, जिला ऐथलेटिक्स संघ एवं जोहार मानव संसाधन विकास केन्द्र दुमका के संयुक्त तत्वावधान में परगनैत राम सोरेन मेमोरियल ट्रस्ट बोआरीजोर के प्रायोजन में रविवार 22 दिसम्बर 2024 को दुमका के अंबेदकर चौक से रन फार बेटर संताल परगना सूत्र वाक्य को चरितार्थ करने के लिए सुबह 7 बजे से पुरुष,महिला तथा 40 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषों के लिए क्रासकंट्री दौड प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथम 10 विजेताओं को क्रमशः 1500, 1200, 1000, 800,600 जबकि छठे से 10 वें स्थान पर आये प्रतिभागियों को 500 एवं प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे। मास्टर्स को जीतने पर कप के साथ प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे। शुक्रवार को दुमका के इंडोर स्टेडियम में आयोजित बैठक में जिला खेलकूद संघ के सचिव उमाशंकर चौबे ने इस बात की जानकारी दी।

बैठक में जिला ऐथलेटिक्स संघ के सचिव वरुण कुमार, खेलकूद संघ के संयुक्त सचिव निमायकांत झा,हैदर अलीअली, महेन्द्र प्रसाद साह,मदन कुमार, मनीष हेम्ब्रम,सनातन मुर्मू,सुलेमान मरांडी, राजीव कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



# सुशासन सप्ताह : प्रशासन गांव की ओर अभियान शुरू

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान के तहत सभी प्रखंड में विभिन्न ग्रामों और पंचायतों में शिविर के माध्यम से आमजनों की समस्याओं को दर्ज कराया जा रहा है। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया जा रहा है। 19 से 24 दिसंबर तक सभी प्रखंड में ÷सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर÷ 2024 अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन को बढ़ावा देना और सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं को आम जनता तक पहुँचाना है।

÷सुशासन सप्ताह÷ का मुख्य उद्देश्य सरकार और जनता के बीच एक सेतु का निर्माण करना है, जिससे जनसेवाओं की सुगमता सुनिश्चित हो सके। सभी ग्रामीणों से अपील भी किया गया है कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने अधिकारों व सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें। अभियान के दौरान स्थानीय प्रशासन द्वारा ग्राम स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में राजस्व, समाज कल्याण, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं का निपटारा किया जा रहा है। यह अभियान सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुँचाने और पारदर्शी एवं प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के मद्देनजर जिले के विभिन्न ग्रामों में शिविर लगाए गए। 24 दिसंबर तक गांव-गांव शिविर लगाकर अधिकारी समस्याओं को निस्तारण कराएंगे। 23 को जिला मुख्यालय में कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा।



# प. बंगाल के गिरोह ने निर्माणाधीन पावर ग्रिड से की तार चोरी, गिरफ्तार




संवाददाता

**शिकारीपाड़ा(दुमका) ।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कालीपाथर गांव में निर्माणाधीन पावर ग्रिड में तांबा का तार चोरी करते एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि मौके से कई अपराधी भागने में सफ़ल हुए । दरअसल शिकारीपाड़ा पुलिस को बीती देर रात तक यह सूचना मिली कि पावर ग्रिड में चोरी के नीयत से कुछ अपराधी एकत्रित हुए हैं । पुलिस ने टीम बनाकर वहाँ दबिश दी तो कुछ अपराधी अपनी बाइक छोड़ कर भाग गए जबकि गुलाम शेख नामक एक व्यक्ति को पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ा मौके से पांच बाइक जिस पर तांबा के तार का बंडल लोड था वह जब्त किया गया । गिरफ्तार गुलाम शेख बीरभूम जिला के लोकपुर थाना क्षेत्र के नवपाडा गांव का रहने वाला है इस मामले पर शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी हरि प्रसाद साह ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कारवाई की गई है जिसमें पावर ग्रिड में तार चोरी करने आए एक अपराधी गिरफ्तार हुआ । उन्होंने बताया कि बाइक मालिकों पर केस किया गया है । इसमें कांड संख्या 119/24 दर्ज किया गया है । जिसमें की बीएनएस धारा 305 , 317 (2), 317(5)(3)और 5 अंकित की गई है ।

# माकपा करेगी आज दो दिवसीय सम्मेलन


**दुमका।** सीपीएम का 12 जिला सम्मेलन 21-22 दिसंबर को एसपी कॉलेज के लोमाई हवेली जाहेर थान के पास होगी। इसके पूर्व 2021 में 11वां सम्मेलन ग्राम नकटी में हुआ था। यह सम्मेलन में विगत 3 वर्षों का राजनीतिक वैचारिक बिंदुओं पर चर्चा होगी। इस जिला सम्मेलन में शाखा सम्मेलन में चुने गए लगभग 60 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे । इस सम्मेलन को सुचारू रूप से चलाने के लिए राज्य के दो पर्यवेक्षक सुरजीत सिंहा एवं कामरेड एहतेशाम अहमद भाग लेंगे। सम्मेलन की शुरुआत 2ः00 बजे झंडोतोलन से किया जाएगा। 4ः00 से उद्घाटन सत्र शुरू होगा तत्पश्चात सचिन का का रिपोर्ट पेश किया जाएगा। बाद में रिपोर्ट पर बहस होगी। 22 तारीख को नई कमेटी का चुनाव होगा और आगामी राज्य सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि का चुनाव किया जाएगा।

# जंगली सुअरों ने धान की फसल नष्ट, मुआवजा नहीं मिलने से किसान परेशान



**मसलिया ।** मसलिया अंचल क्षेत्र के गुमरो पंचायत के जेरूवा गांव के किसान खुदीराम पंडित को जंगली सुअरों की ओर से नष्ट धान की फसल का मुआवजा राशि नहीं मिल पाया है। पीड़ित किसान तीन सालों से वन विभाग के चक्कर काट रहा है लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हो पाया है। किसान ने अपने जमाबंदी जमीन खाता संख्या चौदह मौजा गुमरो पहाड़ किनारे खेत के एक एकड़ में पके धान नष्ट हो जाने को लेकर जिला वन्य पदाधिकारी के कार्यालय में लिखित आवेदन देकर जांचोपरांत उचित मुआवजा की गुहार लगाई थी। लेकिन न तो इसकी जांच हुई और न ही मुआवजा राशि ही मिल पाया। किसान खुदीराम ने बताया कि एक ही खेत उनके हिस्से में पड़ता है। धान पक कर तैयार ही हुआ था कि गुमरो पहाड़ से उतरे जंगली सुअरों के झुंड ने पूरे धान के खेत की रौंद डाला था। जिससे सारा धान कीचड़ में मिलकर बर्बाद हो गया था। आवेदन में ग्राम सभाध्यक्ष वन अध्यक्ष का किया अग्रसारित किया आवेदन दुमका वन पदाधिकारी कार्यालय में जमा किया । उन्हें आस्वासन मिला कि जल्द ही क्षतिपूर्ति दिया जाएगा लेकिन तीन साल बीतने को है कुछ नहीं मिल पाया। पीड़ित किसान ने सरकार से पुनः मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है।

# अजगर देखकर ग्रामीणों में अफरातफरी



**मसलिया ।** साहेबगंज गोविंदपुर स्टेट हाईवे के गोबरा मोड़ के पास शुक्रवार रात्रि करीब साढ़े छह बजे एक छह फीट का अजगर देखकर ग्रामीणों में अफरातफरी मच गया। अजगर सांप नवाडीह पहाड़ी से उतरकर सड़क पार कर दूसरी ओर जंगल की ओर रेंगते हुए जा रहा कि सड़क पर राहगीरों का ध्यान गया। रुक कर इसकी जानकारी लोगों को दी गई। जिसके बाद अजगर को देखने के लिए भीड़ इकट्ठी हो गई। बाद में ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना देकर गांव के युवक विकास राय व भवेश भंडारी ने अजगर को सुरक्षित स्थान पुनः नवाडीह पहाड़ी में छोड़ दिया। ग्रामीणों के मुताबिक अजगर की निकलने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी कई बार ग्रामीण अजगर देख चुके हैं।

# प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन



**रानीश्वर(दुमका) ।** धानभाषा पंचायत में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम शुक्रवार को हुई। कार्यक्रम में मुखिया मेरी हांसदा ने मार्कोनी बेसरा का मृत्यु प्रमाण पत्र उसकी पत्नी सुनीला हांसदा को प्रदान किया। पंचायत सचिव हरिसाधन दत्त के अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बताते चलें कि उपायुक्त के निर्देशानुसार रानीश्वर प्रखंड के सभी पंचायतों में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन से लाभुकों में खुशी देखी जा रही है। लाभुकों का कहना है कि सरकार को ऐसे कार्यक्रम हमेशा करना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन से हमलोगों को प्रखंड मुख्यालय नहीं जाना पड़ रहा है,हमारा काम हमारे पंचायत में ही हो जा रहा है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो जख्मी

**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड में तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सहारा-कोठिया मार्ग पर सहारा काजू पहाड़ी के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में 45 वर्षीय इब्राहिम अंसारी एवं 32 वर्षीय सलाउद्दीन अंसारी दोनों जामताड़ा का रहनेवाला बताया गया। काजू पहाड़ी के पास शुक्रवार की संध्या के समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों बाइक सवार घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार दोनों एक बाइक पर सवार होकर अपने सरैयाहाट में किसी रिश्तेदार से मिलने जा रहे थे, इस क्रम में अज्ञात वाहन से उनकी बाइक की टक्कर हो गयी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी पहुंचाया गया। इसमें गंभीर रूप से घायल इब्राहिम अंसारी कोवप्राथमिक चिकित्सा के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए रेफर कर दिया गया।

# चार-पांच माह से वेतन नहीं मिलने से आर्थिक संकट से जूझ रहे है नप के सफाई कर्मचारी

## सिविल सोसाइटी ने नंप अधिकारी को लिखा पत्र

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** नगर परिषद के सफाई कर्मियों का करीब चार-पाँच महीने से नियमित रूप से वेतन भुगतान नहीं होने से आर्थिक तंगी का सामना इन्हें करना पड़ रहा है। इनलोगों को अपने परिवार का भरण-पोषण करने में बहुत की कठिनाईयों का समाना करना पड रहा है।

इन्हें जल्द भुगतान नहीं किया जाता है तो ये हड़ताल पर जा सकते है। इन मुद्दो को लेकर शुक्रवार को सिविल सोसाइटीज ने नगर परिषद् दुमका के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र सौंपा है। इसमें कहा गया है कि सफाई मजदूर जो शोषित-पीडित वर्ग से आते है इनके आर्थिक कष्ट को देखते हुए यथाशीघ्र वेतन भुगतान कराने की किया जाए। जिससे सफाई अवरूद्ध ना होने पाये और पर्यावरण दुषित ना रहे। नगर की स्वच्छता एवं सुन्दरता बरकार रहे। पत्र सौंपने में सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेम केसरी, सचिव संदीप कुमार जय बम बम शामिल रहे।



# कांग्रेस ने फूंका गृह मंत्री का पुतला




संवाददाता

**सरैयाहाट।** संसद में गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा भीमराव अंबेडकर पर दिए बयान पर शुक्रवार को कांग्रेस के सरैयाहाट में अमित शाह का पुतला फूंक उनके इस्तीफे की मांग की। सरैयाहाट स्थित पार्टी कार्यालय से रैली के माध्यम से निकल कांग्रेस नेता सरैयाहाट चौक पहुंचे और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनके पुतले को जलाया। पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेशराम चंद्रवंशी, प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, रामदिवस जायसवाल, बिनोद यादव, मुर्तजा अंसारी, देवलाल बेसरा, दीपक कुमार, मिथलेश यादव, अरुण जायसवाल, निरंजन यादव, रवि मंडल सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पांच जनवरी को मनाया जाएगा सोहराय पर्व

**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय सोहराय समिति की एक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मांझी बाबा संतलाल मरांडी ने किया। इस बैठक में प्रखंड स्तरीय सोहराय समिति के द्वारा मौके पर मौजूद विभिन्न पंचायतों के मुखिया, मांझी हड़ाम व विभिन्न आदिवासी संगठनों के आपसी सहमति के अनुसार आगामी पांच जनवरी को आयोजित होने वाले दिसोम सोहराय आताड़ दाराम समारोह के आयोजन पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह सोहराय समारोह भव्य तरीके से आयोजित होगा। समिति ने निर्णय लिया कि इस बार प्रखंड स्तरीय सोहराय पर्व को भव्यता पूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। जिसके तहत आगामी पांच जनवरी को दिसोम सोहराय में पूजा अर्चना, पारंपरिक नाच-गाना होगा। इस बैठक में मुख्य रूप से मांझी बाबा संतलाल मरांडी, शिवलाल सोरेन, बलिराम सोरेन व दर्जनों अन्य उपस्थित थे।

# जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए हुआ प्रशिक्षण



**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड के विशनपुर अम्बा गांव में शुक्रवार को जैविक खेती को लेकर किसानों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। किसानों को यह प्रशिक्षण गोटा भारोत सिदो कान्हू हूल बैसी द्वारा दिया गया। बैसी के पूर्व सचिव सुलेमान मरांडी ने उपस्थित किसानों एवं सामूदायिक नेताओं को जैविक खेती के लाभ की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में खेतों में लगातार बढ़ते रासायनिक खाद के इस्तेमाल से हमारे स्वास्थ्य को बहुत नुकसान हुआ है, इसके साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति भी नष्ट हुई है। रासायनिक खाद के अत्यधिक इस्तेमाल से कृषि योग्य भूमि भी बंजर बन रही है। कहा कि वर्तमान समय में हम सब को मिलकर जैविक खेती को बढ़ावा देना होगा और खेतों में गोबर खाद एवं पत्ता खाद का अत्यधिक इस्तेमाल करना होगा ताकि गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री प्राप्त कर सके एवं हम एक स्वस्थ जीवन जी सके।

